VPL
वर्ष 09 अंक 361
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, मंगलवार
8 अक्टूबर 2024
मूल्यः 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in
DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 भगवान 'आप' के साथ है, डरने की जरूरत नहीं : केजरीवाल ने ईडी के..
06 भारत-मालदीव रिश्तों की नई इबारत : ऋषभदेव शर्मा
11 दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने संन्यास की घोषणा की










## प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से मुलाकात की

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से सोमवार को मुलाकात की और पिछले साल खराब दौर से गुजरने के बाद बेहतर हो रहे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दोनों नेताओं के बीच व्यापक चर्चा होने की संभावना है।



मुइज्जू चार दिवसीय यात्रा पर रविवार शाम यहां पहुंचे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''भारत-मालदीव के विशेष संबंधों को आगे बढ़ाते हुए! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति एम.एम. मुइज्जू का 'हैदराबाद हाउस' में गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत और मालदीव के द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत चर्चा होगी।' इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में मुइज्जू का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद थे। तीनों सेनाओं ने मुइज्जू को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। इसके बाद उन्होंने यहां राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मालदीव के राष्ट्रपति अपनी पत्नी साजिदा मोहम्मद और अपने देश के प्रतिनिधिमंडल के साथ रविवार शाम को भारत पहुंचे।

पिछले वर्ष नवंबर में पदभार ग्रहण करने के बाद से यह मुइज्जू की पहली राजकीय यात्रा है। मुइज्जू जून में प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू के पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था।

मुइज्जू ने 'इंडिया आउट' अभियान को आधार बनाकर पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव जीता था और उन्होंने नयी दिल्ली से द्वीप राष्ट्र में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को इस वर्ष मई तक वापस बुलाने को कहा था।

द्विपक्षीय संबंधों में उस समय भी खटास आई जब मालदीव के मंत्रियों ने मोदी की आलोचना की। बहरहाल, मुइज्जू ने अपने भारत विरोधी रुख को नरम किया और मोदी की आलोचना करने वाले मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया।

मालदीव गंभीर आर्थिक मंदी से जूझ रहा है। ऐसे में भारत ने सद्भावना दिखाते हुए मालदीव सरकार के विशेष अनुरोध पर पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉण्ड को एक और वर्ष के लिए बढ़ाकर द्वीप देश को अहम बजटीय सहायता दी।

## प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए मार्गदर्शक हैं : योगी

**लखनऊ,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोमवार को संवैधानिक पद पर 23 साल पूरा करने के अवसर पर शुभकामना देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक 23 वर्ष हर जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय है ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आपकी 23 वर्षों की लोक साधना में आस्था, अस्मिता, आधुनिकता, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को संरक्षण और संवर्धन मिलने के साथ ही हर स्तर पर वंचित को वरीयता प्राप्त हुई है।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री जी की प्रत्येक नीति और हर योजना ने वंचितों और गरीबों के समग्र उत्थान को नए आयाम प्रदान किए हैं।'' योगी ने कहा, ''वे सच्चे अर्थों में आधुनिक भारत में 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के वास्तुकार हैं। उनका जीवन लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला है। सेवा, सुशासन और सुरक्षा को समर्पित प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायक 23 वर्ष प्रत्येक जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय है।''

## महाराष्ट्र चुनाव से पहले पूर्व भाजपा नेता हर्षवर्धन पाटिल राकांपा (एसपी) में शामिल

**इंदापुर (महाराष्ट्र),** (भाषा) महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ने के कुछ दिनों बाद सोमवार को विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) में शामिल हो गए।



पाटिल को पार्टी प्रमुख शरद पवार की मौजूदगी में राकांपा (एसपी) में शामिल किया गया।

पाटिल ने कहा कि उनके समर्थक चाहते हैं कि वह महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव में इंदापुर सीट (पुणे जिले में) से लड़ें, जिस सीट का वह पहले प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक दल से अधिक लोग महत्वपूर्ण हैं। पाटिल वर्तमान में राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल संघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह भाजपा छोड़ दी थी।

इंदापुर बारामती लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

पाटिल ने तीन अक्टूबर को मुंबई में राकांपा (एसपी) प्रमुख से मुलाकात की और उसके बाद कहा कि पवार ने उनसे अपनी पार्टी में शामिल होने तथा आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया। अटकलें लगाई जा रही थीं कि पटिल पार्टी बदल सकते हैं, खासकर जब से राकांपा के नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा था कि पिछले बार जो सीट जीते थे उन्हें चुनाव लड़ाया जाएगा।

इंदापुर से चार बार विधायक चुने जा चुके पाटिल इस सीट से फिर से चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक हैं।

इस सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा की गठबंधन सहयोगी राकांपा करती है, जो इस बार फिर से मौजूदा विधायक दत्तात्रेय भरणे को मैदान में उतार सकती है। इस बीच मुंबई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि पाटिल का राकांपा (एसपी) में शामिल होना एक शुभ संकेत है।

राउत ने कहा, ''मैं पाटिल के महा विकास आघाडी (एमवीए) में शामिल होने के फैसले का स्वागत करता हूं, यह एक शुभ संकेत है। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि विधानसभा चुनाव घोषित होते ही (सत्तारूढ़ गठबंधन से) बड़ी संख्या में लोग आएंगे। लोग बड़ी संख्या में एमवीए घटकों में शामिल होंगे।

राउत ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को चुनौती देने के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की भी आलोचना की। ठाकरे द्वारा शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था, किसी के बेटे की आलोचना क्यों करें? यहां उनके पिता से मुकाबला करने की चुनौती है। इस मुद्दे पर राउत ने कहा, ''शिंदे को एक बार अपने बेटे के अधिकारियों और ठेकेदारों के प्रति अहंकार को समझने की कोशिश करनी चाहिए।

## बंगाल के बीरभूम में कोयला खदान में विस्फोट, छह लोगों की मौत

कोलकाता, (भाषा) पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को एक कोयला खदान में एक ट्रक पर रखे विस्फोटकों में धमाका हो जाने से छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।



पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ, जब गंगारामचक और गंगारामचक-भदुलिया कोयला खदानों में विस्फोट करने के लिए ट्रक से डेटोनेटर ले जाए जा रहे थे।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे भदुलिया गांव की एक कोयला खदान में हुई। बीरभूम के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राणा मुखर्जी ने बताया, '' छह लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हुए हैं।''

डब्ल्यूबीपीडीसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पी बी सलीम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह घटना कोयला ब्लॉक के 'डंप यार्ड' में हुई। विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। विस्फोट में मारे गए लोग खदान का संचालन कर रही एजेंसी के कर्मचारी थे। हम प्रभावित श्रमिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।'' डब्ल्यूबीपीडीसीएल के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि संबंधित खान संचालक पीड़ित परिवारों को मुआवजा देगा। घटनास्थल का दौरा करने वाले भाजपा के नेता एवं स्थानीय विधायक अनूप साहा ने कहा, 'घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। विस्फोटक सामग्री को पर्याप्त सावधानी बरते बिना ट्रक से उतारा गया था।''

## बहुजन को अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा हम करेंगे: राहुल

**नयी दिल्ली,** (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में समावेशिता और समानता की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि कांग्रेस बहुजन को हिस्सेदारी और अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 'दलित किचन' के अपने दौरे का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया। इस वीडियो में वह खाना बनाने में मदद करते देखे जा सकते हैं।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। जैसा शाहू पटोले जी (दलित किचन से जुड़े) ने कहा, ''दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता।'' वो क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, और इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इस जिज्ञासा के साथ, मैंने अजय तुकाराम सनदे जी और अंजना तुकाराम सनदे जी के साथ एक दोपहर बिताई।''

उनका कहना था, ''कोल्हापुर, महाराष्ट्र में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुलाकर रसोई में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर चने के साग की सब्जी 'हरभऱ्याची भाजी' और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई।''

गांधी ने कहा कि दलित बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है, और उस संविधान की रक्षा कांग्रेस करेगी। उनके मुताबिक, खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के दस्तावेजीकरण के महत्व पर चर्चा की गई। राहुल गांधी ने कहा, ''समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे।''




## विधानसभा चुनाव से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जाएगी: आतिशी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सड़क मरम्मत समेत विभिन्न कार्यों को फिर शुरू करेगी, जिन्हें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित तौर पर बाधित किया था।



आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार अगले साल की शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाएगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) की 89 क्षतिग्रस्त सड़कों की पहचान की है, जिनकी मरम्मत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए 74 निविदाएं जारी की जा चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप नेताओं ने कई निरीक्षणों के दौरान कुल 6,671 गड्ढों की पहचान की है और इनमें से 3,454 को पहले ही भरा जा चुका है।

संवाददाता सम्मेलन को केजरीवाल ने भी संबोधित किया।

केजरीवाल ने कहा, ''जब मैं जेल में था, तो इन लोगों (भाजपा) ने दिल्ली सरकार के कई काम रोक दिए थे। मेरे लौटने के बाद, मैंने और आतिशी ने सड़कों का निरीक्षण किया और पाया कि वे अच्छी स्थिति में नहीं थीं। मैंने उन्हें पत्र लिखा और अनुरोध किया कि आतिशी जी तुरंत प्रभाव से इन सड़कों की मरम्मत करवाएं।''

उन्होंने कहा कि सभी 'रुके हुए' कार्य फिर से शुरू किए जाएंगे। एक बार फिर से चुने जाने के बाद, हमारी सरकार नयी पहल भी शुरू करेगी। पिछले साल हमारे मंत्रियों को जेल में डाल दिया गया, जिससे महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी परियोजनाएं रुक गईं। लेकिन अब, हम सब कुछ वापस पटरी पर ला रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि सड़कों की मरम्मत के अलावा दिल्ली सरकार कई अन्य समस्याओं का भी समाधान करेगी, जिनमें अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में दवाओं की कमी, मुफ्त चिकित्सा जांच बंद करना और सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुफ्त इलाज प्रदान करने वाली 'फरिश्ते दिल्ली के' योजना को स्थगित करना शामिल है।

केजरीवाल ने कहा, ''मुझे अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में दवाओं की भारी कमी के साथ-साथ मुफ्त जांच बंद होने की जानकारी मिली है। दिल्ली में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुफ्त इलाज मुहैया कराने वाली 'फरिश्ते' योजना भी बंद कर दी गई है। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम रुकी हुई सभी परियोजनाओं और जनता के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।''

उन्होंने आरोप लगाया कि सड़कों की मरम्मत और वृद्धावस्था पेंशन रोक दी गई है।

उन्होंने दावा किया कि कई अन्य परियोजनाएं भी रोक दी गई हैं और कई होमगार्ड कर्मियों तथा अन्य लोगों के वेतन में कटौती की गई है।

उन्होंने कहा, ''हम अब इन सभी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मैंने मुख्यमंत्री आतिशी को निर्देश दिया है कि वे रुकी हुई परियोजनाओं और इन सभी पहल को फिर शुरू करें। हम इन सभी मुद्दों को हल करने के लिए काम करेंगे।''

# पत्रकारिता में पक्ष नहीं, लोक कल्याण का भाव होना चाहिए: पूर्व कुलपति के.जी सुरेश

## जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ म.प्र संगठन नहीं पत्रकारों का परिवार हैं: डॉ नवीन आनंद जोशी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**शिवपुरी।** जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश जंप का प्रांतीय अधिवेशन एवं पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम शिवपुरी शहर के नक्षत्र गार्डन में आयोजित हुआ। जिसमें पूरे प्रदेश से आए सभी पत्रकारों का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह तथा सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन में ध्येयनिष्ठ पत्रकारिता और युवा पीढ़ी के संस्कार विषय पर एक व्याख्यान माला आयोजित की गई.




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं नई दिल्ली ये वरिष्ठ पत्रकार के.जी सुरेश, कार्यक्रम के अध्यक्षता राष्ट्रवादी विचारक चिंतक एवं अंतरराष्ट्रीय कथाकार रमेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रांत अध्यक्ष एवं भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. नवीन आनंद जोशी, साहित्यकार, लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद भार्गव, प्रख्यात पत्रकार संजय बेचैन, स्वराज के मुख्य संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार वीरेन्द्र शर्मा भुल्ले, कोलारस के विधायक महेंद्र यादव, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण सक्सेना, जंप महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रईसा मलिक, वरिष्ठ समाजसेवी यशपाल सिंह रावत, आईएमसी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ कलमकार ललित मुद्गल, कार्यक्रम के संयोजक एवं जंप के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रावत आदि मंच की आसंदी पर विराजमान हुए। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, विश्व के प्रथम पत्रकार देवर्षि नारदजी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। ओजस्वी वाणी से मंच तथा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाला संचालन आशुतोष शर्मा एवं आभार प्रकट कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से के.जी सुरेश ने कहा कि पत्रकारिता में पक्ष नहीं, लोक कल्याण का भाव होना चाहिए तथा पत्रकारिता को सकारात्मक दृष्टिकोण से करें और जन हित की पत्रकारिता करें, समाज को प्रेरित करने का कार्य भी हम पत्रकारों को करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रमेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्र को समर्पित पत्रकारिता हमें करना चाहिए और समय-समय पर हमें राष्ट्रहित में आर्टिकल लिखना चाहिए है।

विशिष्ट अतिथि डॉ नवीन आनंद जोशी अपने संबोधन में कहा कि जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जम्प एक संगठन नहीं यह हम सभी पत्रकारों का परिवार हैं। तथा सभी पत्रकारों की आवाज को बुलंद कर सत्ता के शिखर पर पहुंचाने का कार्य करता है।

साहित्यकार एवं लेखक प्रमोद भार्गव ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमारे इतिहास और साहित्य का अध्ययन करते रहना चाहिए यह हमें बोध कराता है कि हम कैसे विश्व पटल पर अपने देश प्रदेश का नाम अंकित कर सकते हैं हमारे देश की नालंदा विश्वविद्यालय, तक्षशिला विश्वविद्यालय सहित अनेक विश्वविद्यालयों से विश्व के महान विभूतियों का उदय हुआ है।

शिवपुरी वरिष्ठ पत्रकार संजय बैचेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें लोक कल्याण के लिए पत्रकारिता करना चाहिए ना कि नेताओं, अधिकारियों की चाटुकारिता नहीं।

वहीं स्वराज मुख्य संयोजक वीरेंद्र शर्मा भुल्ले ने मंच से पत्रकारिता के विषय के साथ साथ गौ संवर्धन की बात कही और कहा मैं आपको बता दूं कि महाराष्ट्र सरकार ने कि गौ माता को राज्य माता घोषित कर दिया है। मां हमको जन्म देती और गौ माता पोषित करने का कार्य करतीं हैं। इसलिए गौ माता को राष्ट्र माता दर्जा मिलना चाहिए।

# श्रीराम बारात शोभायात्रा का भव्य आयोजन, नगरवासियों ने जगह-जगह किये स्वागत





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**श्रीराम मित्र** मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचन के पंचम दिन भगवान श्रीराम की बारात एवं शोभायात्रा सेक्टर 20 के हनुमान मंदिर से एस एम गुप्ता, सुधीर पोरवाल, शांतनु मित्तल, राकेश कुमार, मनोज गोयल, मुकेश गर्ग, एडवोकेट मनोज गुप्ता, बजरंगलाल गुप्ता, संदीप पोरवाल एवं प्रवीण गोयल के संयोजन में बड़े धूम धाम से निकाली गयी। समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने नारियल फोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया।सेक्टर 20 से निकली भगवान श्रीराम की बारात सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगा कर वातावरण को राममय कर दिया। ढोल, बेंड बाजे, घोड़ों , रथों के साथ निकली राम बारात का जगह जगह फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया । भगवान श्री गणेश , ब्रहमा जी, शंकर भगवान, श्री राम, लक्ष्मण जी ,भरत ,शत्रुघ्न ,ऋषि वशिष्ठ एवं अन्य राजा अपने अपने रथों एव घोड़ों पर सवार होकर निकले। हुनमान मंदिर समिति द्वारा बारात का भव्य स्वागत किया गया।

ततपश्चात सेक्टर 22-26 के गेट, डीएम चौराहा, टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर-19, हरौला, सेक्टर 5, 9,11,12,22,55,56 होते हुए रामलीला स्थल पहुंची।इस दौरान सेक्टर 20- 26 गेट पर बीना गोयल, सेक्टर 19 शर्मा हॉस्पिटल पर पोरवाल समाज, सेक्टर 9 में ई - 1 पर राजीव जैन, एच - 1 राजेश गिरधर, आई - 9 पर जनता साईकिल, आई - 65 पर सुशील सिंघल, आई - 67 पर आत्माराम, आई - 70 पर मुकेश गर्ग, बांस मंडी, शिवानी फर्नीचर पर राकेश गुप्ता, एच - 100 सेक्टर 12 पर राधाकृष्ण गर्ग एवं प्रदीप अग्रवाल, मेट्रो हॉस्पिटल पर सतपाल बंसल, स्टैंडर्ड स्वीट, सुमित्रा हॉस्पिटल पर डॉ वी के गुप्ता, पेट्रोल पंप सेक्टर 12 पर अनिल चौहान, सेक्टर 55-56 तिराहे पर उतर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल , सेक्टर 55 में श्यामलाल, श्रीकांत बंसल, सेक्टर 10 में बजरंग दल, बजरंग लाल, बारात घर, खोड़ा लेबर चौक पर मनोज गुप्ता द्वारा विभिन्न स्थानों पर बारात का स्वागत किया गया।सायंकाल श्रीराम बारात सेक्टर-62 स्थित रामलीला स्थल पर पहुंची, जहां राजा जनक ने बारातियों का स्वागत किया।

# 3 करोड़ की चरस के साथ नेपाली तस्कर अरेस्ट

## मोतिहारी पुलिस ने रक्सौल में 12 किलोग्राम किया जब्त, नेपाल से लाकर दिल्ली भेजनेवाला था

स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस

**पटना(बिहार)।**मोतिहारी पुलिस की लगातार मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है।इस कड़ी में रक्सौल पुलिस ने एसएसबी के सहयोग से दुर्गा पूजा से पहले चरस की एक बड़ी खेप को जब्त किया है।इसके साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है।एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि नेपाल निवासी फूलमान मियां 12.150 किलो चरस नेपाल से रक्सौल लाकर दिल्ली और मुंबई भेजने वाला था।लेकिन एसएसबी को इसकी भनक लग गई।एसएसबी ने रक्सौल थाने को इसकी सूचना दी।दोनों की संयुक्त कार्रवाई में चरस पकड़ा गया है।जिसकी बाजार कीमत तीन से चार करोड़ के करीब है।एसपी के अनुसार फूलमान मियां की पूरी कुंडली खंगाली जा रही है।उसके मोबाइल डेटा की भी जानकारी ली जा रही है कि आखिर रक्सौल में वह चरस की खेप किसको डिलीवर करने वाला था।कौन-कौन लोग इस गोरखधंधे में शामिल हैं, इसकी पूरी लिस्ट पुलिस खंगाल रही है।

# पार्षद ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर पात्र महिलाओं को पुष्टाहार का कराया वितरण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**सहारनपुर।** सरकारी योजनाओं का लाभ हर एक जरूरतमंद को पहुंचे इसी उद्देश्य के चलते वार्ड 51 के पार्षद व सपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अहमद मलिक ने रायवाला निसार रोड़ छतरी वाली गली में आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वयं खड़े होकर प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशु को पुष्टाहार के पैकेट वितरण कराये।

इस मौके पर पार्षद अहमद मलिक ने बताया कि सरकारी योजना के तहत सभी जरूरतमंद महिलाओं को चने की दाल, दलिया, तेल व अन्य सामग्री दीं गई। हम सरकार की मंशा के अनुरूप सभी जरूरत मंदों को योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य के तहत केंद्रों पर स्वमं खड़े रहकर महिलाओं को पुष्टाहार वितरित कराते हैं। इस मौके पर फैयाज अंसारी, शोएब मलिक, शालू मिर्जा, मेहरबान गाड़ा, रियाज उल हसन और जुबेर आदि मौजूद रहे।

# कृषकों को जागरूक करने हेतु किसान मेला एवं गोष्ठी हुई आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेज्डयू योजना में कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के परिसर में किसान मेला एवं गोष्ठी आयोजित की गयी। डीएम मनीष बंसल ने गोष्ठी में जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से आये कृषकों को सम्बोधित करते हुए अपील की गयी कि कृषक फसल अवशेष न जलाये बल्कि समूह बनाकर यंत्रों की सहायता से फसल अवशेषों का प्रबन्धन कर अपनी मिट्टी का जीवांश कार्बन बढ़ाकर मिट्टी की उर्वरता शक्ति बढ़ायें। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाये जाने से वायु प्रदूषण होता है, जिससे अनेक बीमारियां फैलती है। उन्होंने कृषकों से भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु फसल अवशेष न जलाये जाने का अनुरोध किया। उप कृषि निदेशक डा. राकेश कुमार द्वारा कृषकों को कृषि यंत्रों पर अनुदान की जानकारी देते हुए इन-सीटू योजनान्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन के चिन्हित कृषि यंत्रों यथा मल्चर, सुपर सीडर, बेलर, जीरोट्रिल रीपर कम बाइण्डर, एस0एम0एस0 आदि का प्रयोग कर फसल अवशेष प्रबन्धन हेतु जागरूक किया गया। कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 डा0आई0के0 कुशवाहा द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि किसान भाई धान पराली प्रबन्धन में पराली को मसरूम उत्पादन करने के लिए प्रयोग कर सकते है और अपनी आय बढ़ा सकते हैं, जिससे पराली का सदुपयोग किया जा सके। कृषि वैज्ञानिक के0वी0के0 डा.रविन्द्र कुमार तोमर द्वारा कृषकों को बताया गया कि कृषक धान की कटाई के बाद अपने फसल अवशेष (पराली) न जलायें।

# राम बारात के साथ महाराजा दशरथ जी प्रभु राम जी सहित सभी भाइयों की बारात लेकर जनकपुरी जाते हैं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नोएडा।** सोमवार को रामलीला के पांचवें दिन श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी सेक्टर 46 में राम बारात लीला मंचन में महाराजा दशरथ जी वह प्रभु राम जी सभी भाइयों के साथ बारात लेकर शहर का भ्रमण कर जनक जी के यहां जाते हैं, यह वर्णन सेक्टर 46 के पूरे सेक्टर में राम बारात निकालने के दौरान देखा गया, इसके बाद नोएडा रोटरी क्लब के सहयोग से डांडिया कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। राम बारात का स्वागत सेक्टर 46 में अशोक गोयल गिरिराज अग्रवाल , राजीव अग्रवाल ,अरुण बागला ने किया



इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश यादव पूर्व राज्य मंत्री तथा पूर्व विधायक राजस्थान जोगिंदर अवाना मौजूद रहे, इनके द्वारा रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया ,दोनों अतिथियों ने रामलीला आयोजको को बधाई दी।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री राकेश यादव ने कहा कि सभी के दिलों में राम बसे हैं, इसलिए रामलीला का मंचन प्रत्येक व्यक्ति दिल से देखना चाहिए है।

इस अवसर पर एडिशनल डीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्रा, वित्त नियंत्रक नोएडा प्राधिकरण स्वतंत्र कुमार गुप्ता, एवं विशिष्ट अतिथि फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, शरद कुमार सिन्हा, राकेश यादव, सत्येंद्र शर्मा, भीष्म यादव, फिरे सिंह नागर, संजय तनेजा, अवधेश कुमार, विमल अग्रवाल, श्याम सुंदर गोयल, नवीन गुप्ता, विकास जैन, पवन शर्मा आदि मौजूद थे। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सीएमडी प्रिया गोल्ड, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिरजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंघल, कथावाचक कृष्ण स्वामी, गौरव कुमार यादव, बलराज गोयल, आदि आयोजन समिति के लोगों ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही रामलीला देखने आए लोगों का आभार प्रकट किया।

# अवैध खनन कारोबारियो के निजी पट्टो की आड़ में लाखों-करोड़ों कमाने के मंसूबों पर एनजीटी कोर्ट ने फेरा पानी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**सहारनपुर।** अवैध खनन और निजी भूमि पर खनन पट्टों को लेकर एनजीटी कोर्ट (राष्ट्रीय हरित अधिकरण के समक्ष प्रधान पीठ, नई दिल्ली) ने सख्त आदेश जारी करते हुए कहा कि निजि पट्टों से पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) प्राप्त किए बिना अल्पकालिक परमिट के तहत खनन गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जा सकती है। माननीय न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल, न्यायिक सदस्य माननीय डॉ. अफरोज अहमद, याचिका कर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला बनाम पर्यावरण मंत्रालय, वन और जलवायु परिवर्तन और अन्य पर सुनवाई करते हुये फैसला सुनाया है। जिसमें यह प्रश्न भी शामिल है कि क्या समय-समय पर संशोधित पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना 14.09.2006 के तहत पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) प्राप्त किए बिना अल्पकालिक परमिट के तहत खनन गतिविधियों की अनुमति दी जा सकती है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 (इसके बाद ईपी अधिनियम, 1986 के रूप में संदर्भित) और दीपक कुमार और अन्य बनाम हरियाणा राज्य और अन्य में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून के प्रावधानों के साथ पढ़ें-(2012) खंड 4 एससीसी 629 में रिपोर्ट किया गया। इसके मद्देनजर, हमारा विचार है कि इन दोनों मामलों के साथ-साथ ओए संख्या 412/2023 की सुनवाई एक ही पीठ द्वारा की जा सकती है और इसलिए, इन मामलों का रिकॉर्ड माननीय अध्यक्ष के समक्ष एक पीठ को नामित करने के लिए रखा जाना चाहिए जो इन सभी मामलों की एक साथ सुनवाई कर सके।

# विश्वकर्मा इन्डस्ट्रीज एसोसियेशन भवन में व्यापारिक संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**जयपुर** (सोमवार) को अपरान्ह 3 बजे विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसियेशन भवन में व्यापारिक संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। जगदीश सोमानी अध्यक्ष व पुष्प कुमार स्वामी महासचिव व समस्त कार्यकारिणी विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सम्मानीया दिया कुमारी जी उपमुख्यमंत्री जी को पुष्प गुच्छ साफा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

अतिथियों का स्वागत करते हुए रीको कमेटी चैयरमेन डा.अरुण अग्रवाल द्वारा मंच का सफलता पूर्वक संचालन किया गया एवं कहा कि विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न जवलनशील समस्याओं का मुख्य अतिथि महोदया द्वारा विश्लेषण कर समाधान किया जायेगा।

जगदीश सोमानी अध्यक्ष ने कहा कि माननीया उप मुख्य मंत्री महोदया को आज हमारे बीच देख कर सभी व्यापारियों एवं




उद्यमियों को अपनापन व एक परिवारजन का आभाष हो रहा है। आप माननीय उप मुख्य मंत्री के साथ साथ हमारी क्षेत्रीय विधायिका भी है अत इस क्षेत्र के प्रति आपका दायित्व और अधिक बढ़ जाता है। माननीया को क्षेत्र की समस्याओं का ज्ञापन देते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि माननीया राज्य के लघु उद्योग सही स्थित में चलने पर ही राज्य के विकास को गति मिलती है। यह क्षेत्र सन 1968 के दशक में स्थापित हुआ था जो आज की बदलती हुई परिस्थितियों के अनुसार कई समसयाओं का सामना करना पड रहा है। जिसे आपके समक्ष प्रतिवेदन के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है।

माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह क्षेत्र तो मेरा घर है एक परिवार है इस क्षेत्र से निर्वाचित हूं यह क्षेत्र तो मेरी कर्म स्थल है आपको जब जरूरत हो मैं हमेशा आपके लिए हाजिर हूं माननीय ने सभी समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान करवाने का पूरा-पूरा आश्वासन दिया।

पुष्प कुमार स्वामी महासचिव ने अपने उद्बोध में कहा कि इस व्यापारिक संवाद एवं सम्मान समारोह से क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने हेतु माननीया आज विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में पधारी है जिनका हम तहे दिल से स्वागत करते हैं मान्य के पास जब भी क्षेत्र में किसी कार्य समस्या को लेकर गए तो आपने हमारी हर समस्याओं को सुना एवं उनके निराकरण करवाने का पूरा पूरा-पूरा सहयोग प्रदान किया। अन्य दूसरे संगठनो के पदाधिकारी एवं सदस्य गण व उद्यमियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी निर्मल जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशांत गोयल उपाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा वरिष्ठ संयुक्त सचिव आशीष सहरिया राजेश पोद्दार कोषाध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष तारा चंद पूर्व अध्यक्ष आरएस जैमिनी, राजेश नारायण अग्रवाल मोहनलाल अग्रवाल गिरीश अग्रवाल सुधीर गाड़ियां महेश पारीक राजेश शर्मा उदयपुर का दीपक धानोतिया सुनील जैन मुनेशचौधरी तथा क्षेत्र के सभी माननीय उद्यमी गण उपस्थित थे।

# भगवान 'आप' के साथ है, डरने की जरूरत नहीं : केजरीवाल ने ईडी के छापों पर कहा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भगवान उनकी पार्टी के साथ है और डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि कुछ भी गलत नहीं किया गया है।

उन्होंने धन शोधन की जांच के सिलसिले में 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा से जुड़े कई स्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों के बाद यह टिप्पणी की।



केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार भ्रष्टाचार की जांच के नाम पर अपनी एजेंसियों के जरिए उनकी पार्टी को निशाना बना रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री आतिशी भी उनके साथ थीं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एजेंसियों ने पहले उन्हें, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और पार्टी के अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया था।

केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा, ''ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार की कोई जांच हो रही है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री एक पार्टी के पीछे पड़े हैं और उन्होंने उस पार्टी तथा उसके नेताओं को खत्म करने के लिए सभी संसाधन और एजेंसियां लगा दी हैं।''

ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन ''धोखाधड़ी'' के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय सांसद के, पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली गयी।

केजरीवाल ने कहा, ''भगवान हमारी पार्टी के साथ है। डरने की कोई जरूरत नहीं है...कुछ भी गलत नहीं किया गया है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि धीरे-धीरे पर्दा खुल रहा है, प्रधानमंत्री की असलियत सामने आ रही है और लोगों को एहसास हो रहा है कि वह कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं।

## मोदी चुनावों में हमें हरा न पाने के कारण ऐसा कर रहे हैं : पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आम आदमी पार्टी के सांसद संजीव अरोड़ा के परिसरों पर सोमवार को छापों के बाद पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे 'हथकंडों' का सहारा ले रहे हैं क्योंकि वह चुनावों में पार्टी को हरा नहीं पा रहे हैं। वरिष्ठ 'आप' नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण छापे नहीं मारे जा रहे बल्कि यह 'आप' तथा उसके नेतृत्व को कमजोर करने के वृहद प्रयासों का हिस्सा हैं। ईडी ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा तथा अन्य लोगों के खिलाफ जमीन ''धोखाधड़ी'' के एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जालंधर, लुधियाना, गुरुग्राम तथा दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 61 वर्षीय सांसद के, पंजाब के लुधियाना और हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित आवास समेत करीब 16-17 स्थानों पर तलाशी ली गयी। सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''आज, आम आदमी पार्टी, अरविंद केजरीवाल और हमारे नेताओं को बर्बाद करने की कोशिश में प्रधानमंत्री की पसंदीदा एजेंसी ईडी ने संजीव अरोड़ा के घर पर छापा मारा, जो राज्यसभा में हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं।'' उन्होंने मोदी पर जांच एजेंसियों का ''राजनीतिक हथकंडे'' के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सिसोदिया ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी ऐसे हथकंडे अपना रहे हैं क्योंकि वह हमें चुनावों में हरा नहीं पा रहे हैं।'' सूत्रों के अनुसार, ऐसा आरोप है कि अरोड़ा ने एक औद्योगिक भूखंड ''अवैध'' तरीके से अपनी कंपनी के नाम पर करा लिया था। इस बीच, अरोड़ा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें नहीं पता है कि असल में किस कारण से तलाशी की जरूरत पड़ी लेकिन वह जांच में सहयोग करेंगे।

## उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिका पर 25 नवंबर को सुनवाई करेगी अदालत

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय फरवरी 2020 में यहां हुए सांप्रदायिक दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से संबंधित यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद और छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर 25 नवंबर को सुनवाई करेगा।

खालिद और इमाम के अलावा मामले के अन्य सह-आरोपी 'यूनाइटेड अगेंस्ट हेट' के संस्थापक खालिद सैफी की जमानत याचिका भी न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिंदर कौर की पीठ के समक्ष सोमवार को नये सिरे से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गई थी लेकिन यह पीठ सुनवाई के लिए आज नहीं बैठी। इससे पहले ये मामले न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थे, लेकिन हाल में उनका तबादला मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में हो गया है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी आज से 6, फ्लैगस्टाफ रोड बंगले में रहेंगी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार से 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में रहने जा रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



इससे कुछ दिन पहले उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल इस निवास को खाली करके लुटियंस दिल्ली स्थित एक आवास में रहने चले गए थे।

अधिकारियों के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निजी सामान और अन्य वस्तुओं को नए बंगले में पहुंचाया जा रहा है। पिछले साल केजरीवाल सरकार में मंत्री बनने के बाद आतिशी को मथुरा रोड पर एबी-17 बंगला आवंटित किया गया था। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सितंबर में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पिछले शुक्रवार को सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगला खाली कर दिया था।

उनका नया पता मंडी हाउस के पास 5, फिरोजशाह रोड है, जो पंजाब से 'आप' के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित किया गया है।

आतिशी अपने माता-पिता के साथ दक्षिणी दिल्ली के कालकाजी में रहती थीं, जबकि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एबी-17 बंगले में रह रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह सिसोदिया ने घर खाली कर दिया और वह राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह के आरपी रोड पर आवंटित आवास में रहने के लिए चले गए।

# यमुना नदी में सितंबर में जलमल प्रदूषण उच्चतम स्तर पर रहा: रिपोर्ट



नयी दिल्ली, (भाषा) सितंबर माह में यमुना नदी में जलमल प्रदूषण अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह जानकारी एक हालिया रिपोर्ट में सामने आई।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की रिपोर्ट के अनुसार, 'फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया' का स्तर - अशोधित जलमल का एक प्रमुख संकेतक - प्रति 100 मिलीलीटर में 4,900,000 सर्वाधिक संभावित संख्या (एमपीएन) तक बढ़ गया, जो 2,500 इकाई के मानक से 1,960 गुना और 500 इकाई की वांछित सीमा से 9,800 गुना अधिक है।

रिपोर्ट में दावा किया गया कि यह फरवरी 2022 के बाद से दर्ज किया गया उच्चतम स्तर है, जब आगरा कैनाल स्टेशन द्वारा मापा गया, 'फीकल कोलीफॉर्म' का स्तर 6,300,000 यूनिट था।

इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि मानसून की बारिश से जल प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद, 'फीकल कोलीफॉर्म' के लिए प्रदूषण संकेतक 'चिंताजनक रूप से' उच्च बना रहा। बारिश से घुली हुई ऑक्सीजन (डीओ) और जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) के स्तर में थोड़ा सुधार हुआ। डीओ पानी में घुली ऑक्सीजन को मापता है, जबकि बीओडी कार्बनिक पदार्थों को तोड़ने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को संदर्भित करता है। भारत मौसम विभाग के अनुसार, 2024 के मानसून मौसम के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 1,030 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। रिपोर्ट में यह भी दर्शाया गया है कि जैसे-जैसे नदी शहर से होकर बहती है, प्रदूषण का स्तर बढ़ता जाता है।

## दिल्ली मेट्रो की 'येलो लाइन' पर असामाजिक तत्वों ने सिग्नल केबल क्षतिग्रस्त की, सेवाएं प्रभावित

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली मेट्रो की 'येलो लाइन' पर असामाजिक तत्वों ने हैदरपुर बादली मोड़ और जहांगीरपुरी स्टेशनों के बीच 'सिग्नलिंग केबल' को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे सोमवार सुबह ट्रेन सेवाएं प्रभावित हो गईं और व्यस्त समय में यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मेट्रो की 'येलो लाइन' गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर और दिल्ली में समयपुर बादली के बीच संचालित होती है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा, ''हैदरपुर बादली मोड़ और जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के बीच कुछ बदमाशों द्वारा 'सिग्नलिंग केबल' को नुकसान पहुंचाए जाने के कारण सुबह से 'येलो लाइन' पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं और उसे दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।''

दयाल ने कहा, ''दिन के समय लोगों को होने वाली असुविधा से बचने के लिए, आवश्यक मरम्मत कार्य रात के समय किया जाएगा।''

# एनसीसीएफ ने दिल्ली-एनसीआर में 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर की बिक्री शुरू की

नयी दिल्ली, सात अक्टूबर (भाषा) टमाटर की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) ने सोमवार को मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर उन्हें दिल्ली-एनसीआर में रियायती दर पर बेचना शुरू किया।

इस पहल के तहत दिल्ली-एनसीआर के 50 स्थानों पर 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचे जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कृषि भवन में मोबाइल वैन और एनसीसीएफ की खुदरा दुकानों के जरिये टमाटर की खुदरा बिक्री शुरू की।



खरे ने संवाददाताओं से कहा, ''हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतों में कमी आएगी।'' बयान में कहा गया कि मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमतों में अनुचित वृद्धि देखी गई है।

दूसरी ओर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में लंबे समय तक मानसून की बारिश के चलते गुणवत्ता संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं।

# अफ्रीकी हाथी को लेकर चिंताओं के बीच वैश्विक संगठन ने दिल्ली के चिड़ियाघर की सदस्यता निलंबित की

नयी दिल्ली, (भाषा) चिड़ियाघरों और मछलीघरों के एक वैश्विक संगठन ने एक अफ्रीकी हाथी 'शंकर' को कथित तौर पर जंजीरों में बांधकर रखे जाने को लेकर सोमवार को दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की सदस्यता निलंबित कर दी।



दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि निलंबिन की कार्रवाई पर जवाब दिया जाएगा।

जिम्बाब्वे ने 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को यह हाथी उपहार में दिया था। इसे भारत लाया गया और दिल्ली के चिड़ियाघर में रखा गया।

अपने साथी अफ्रीकी हाथी 'बंबई' की 2005 में मौत के बाद से शंकर अकेला है।

कुमार और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधीन केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को लिखे पत्र में 'वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ जू एंड एक्वेरियम्स' (वाजा) ने कहा कि पहले उसने हाथी के कल्याण के संबंध में उनसे जानकारी मांगी थी और जवाब 24 मई तथा 24 जुलाई को मिले।

इस पत्र की एक प्रति 'पीटीआई' को भी उपलब्ध हुई है जिसमें लिखा गया है, ''इस मामले की गहन पड़ताल के बाद वाजा परिषद ने राष्ट्रीय प्राणि उद्यान, नई दिल्ली की वाजा की सदस्यता तत्काल निलंबित करने के पक्ष में मतदान किया है।''

वाजा ने कहा कि निलंबन हटाने के लिए चिड़ियाघर को छह महीने के अंदर या तो शंकर को किसी नई जगह भेजने या उसकी देखभाल को लेकर सभी चिंताओं पर व्यापक रूप से ध्यान देने के लिए योजना बनानी होगी।

उसने कहा कि इस योजना पर वाजा की मंजूरी लेना जरूरी होगा और शंकर की स्थिति में अहम सुधार दिखना चाहिए।

पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि चिड़ियाघर शंकर का स्थान बदलने या चिंताओं पर ध्यान देने के लिए सात अप्रैल, 2025 तक वाजा-स्वीकृत योजना लागू नहीं करता तो उसकी सदस्यता स्थायी रूप से समाप्त कर दी जाएगी।

निलंबन होने से चिड़ियाघर के समस्त सदस्यता अधिकार और लाभ समाप्त हो जाएंगे जिनमें सम्मेलनों और समितियों की बैठकों में भाग लेना शामिल है।

# दक्षिण पश्चिम दिल्ली में तेज रफ्तार वाहन ने जोमैटो के प्रतिनिधि को मारी टक्कर ; मौत

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण पश्चिम दिल्ली में आउटर रिंग रोड पर सड़क पार करते समय 'जोमैटो' के एक प्रतिनिधि को एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।



पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि मृतक की पहचान आर. के. पुरम निवासी हरेंद्र (27) के रूप में हुई है, जो भोजन पहुंचाने वाले ऐप जोमैटो के लिए काम करता था।

चौधरी ने कहा कि मुनिरका के निकट आउटर रिंग रोड पर एक दुर्घटना के बारे में तड़के करीब पौने तीन बजे सूचना मिली।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि दुर्घटना उस वक्त हुई, जब हरेंद्र ने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की और पैदल सड़क पार कर रहा था। तभी, एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसका चालक फौरन मौके से फरार हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि जोमैटो के प्रतिनिधि को घायल अवस्था में सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि इस मामले में किशनगढ़ पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, इस साल एक जनवरी से 15 सितंबर तक हुईं 3,894 सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,031 लोगों की मौत हुई है।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/93/2024 | दिनांक : 07.10.2024

**सार्वजनिक सूचना**

जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम गुनपुरा, तहसील सदर, जनपद – गौतमबुद्धनगर से प्राप्त नक्शा–11 के आधार पर तैयार 07 प्रतिशत आबादी भूमि आवंटन हेतु प्रस्ताव पात्र व्यक्तियों की अन्तिम पूरक सूची तैयार कर सार्वजनिक सूचना के लिये निम्न स्थानों पर प्रदर्शित की गयी है:–

01. नोटिस बोर्ड, मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक पी०–02, सेक्टर ओमेगा–01 ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर।
02. नोटिस बोर्ड भूलेख कार्यालय, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण।
03. सामुदायिक केन्द्र भवन/प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन, ग्राम गुनपुरा।
04. प्राधिकरण की वेबसाइट पर।

आबादी विनियमावली 2010 के बिन्दु संख्या 5 के 5.5 के अनुसार परीक्षित सूची में वर्णित किसी विवरण के सम्बंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित आपत्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करने का कष्ट करे।

डिप्टी कलेक्टर

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीदफ़रोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।**



दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
70 80 333338
facebook






**कार्यालय नगर पंचायत नौगावां सादात, जनपद अमरोहा**

पत्रांक:– 37/ न0पं0नौ0सा0/2024 | दिनांक:– 07.10.2024

ई–निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अर्न्तगत उपरोक्त कार्य निकाय को 15 वें वित्त आयोग के अर्न्तगत (Untied Grand) शासनादेश संख्या –08/4290/320(3)/15 वां वि0आ0/2023–24 दिनांक 21 फरवरी, 2024 के द्वारा प्राप्त धनराशि से कार्य कराये जाने है। जिनकी आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही है। अतः इच्छुक निविदादाता/ठेकेदार/फर्म अपनी–अपनी ऑनलाईन निविदायें दिनाकं 30.10 . 2024 को दोपहर 12.00 तक https://etender.up.nic.in पर आनलाईन प्रस्तुत कर सकता है जो कि दिनाकं 30 .10 .2024 को ही अपरान्ह 2.00 बजे गठित समिति तथा पंजीकृत ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मो की उपस्थिति मे खोली जायगी। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न हैं, जोकि बेवसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नौगावा सादात में निहित है। इस सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर किसी भी ठेकेदारों/निविदादाता/फर्मों को न्यायालय मे जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid Reference No | 37/N.P.N.S./E-Tander /2024-25 |
| Publish date and Time | 08- 10- 2024 on 12.00 PM |
| Last date and time For submission of E-Bids | 30- 10- 2024 on 12.00 PM |
| date and time of opening of on line T E-Bids | 30- 10- 2024 on 2.00 PM |
| Place of opening of E-Bids | E.O.office Nagar panchyet Nowhawan Sadat, amroha |
| E-Tander security | 10% of Tender Value |
| E-Tender document processing | As per tander list |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नौगावां सादात
अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पंचायत नौगावां सादात
अमरोहा

# बेमिसाल हैं नरेन्द्र मोदी के लंबे व अजेय कार्यकाल के 23 वर्ष

**भाजपाई बोले-**

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निरंतर नेतृत्व के 23 वर्ष ऐतिहासिक हैं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो


विकास चौहान


राजीव बंसल


नवीन कुमार माहौर


चौधरी ध्यान सिंह


रविन्द्र सैनी


संजय सैनी

खुर्जा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 7 अक्टूबर 2024 को अपने लंबे, निरंतर और अजेय कार्यकाल के 23 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2024 उनके निरंतर नेतृत्व का 24 वां वर्ष है। इससे यहां पॉटरी नगरी और जनपद भर के भाजपा नेता और कार्यकर्ता बेहद खुश हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस उपलब्धि पर उन्होंने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है। भाजपा कार्यकताओं का मानना है कि यह सब प्रधानमंत्री द्वारा खुद को लगातार चुनौती देने की क्षमता के कारण ही संभव हो सका है।

भाजपा के जिलाध्यक्ष विकास चैहान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निरंतर नेतृत्व के 23 वर्ष पूरे होने पर बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि देश में पीएम नरेन्द्र मोदी बेमिसाल नेतृत्व के अजेय योद्धा हैं। उनका व्यक्तित्व अद्वितीय है। प्रधानमंत्री के रूप में उनकी हैट्रिक ऐतिहासिक हैं। देश को विकसित और विश्व गुरू बनाने का उनका सपना और मैराथन प्रयास सराहनीय हैं। जिलाध्यक्ष बोले, पीएम को निरंतर नतृत्व का 24 वां वर्ष शुभ हो। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव बंसल प्रधानमंत्री को जुझारू, हौंसला पसंद और खुद को चुनौती देने की क्षमता वाले व्यक्तित्व का धनी मानते हैं। उनका कहना है कि उनके नेतृत्व के निरंतर 23 वर्ष न केवल ऐतिहासिक ही हैं अपितु मील का पत्थर भी साबित हुए हैं। देश में संचालित उनकी कल्याणकारी योजनाएं सराहनीय हैं। सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बनने और देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद से आज तक देश को नेतृत्व देने का सिलसिला जारी है। पीएम मोदीजी को निरंतर नेतृत्व के 23 वर्षो की बधाई। भाजपा के नगर महामंत्री नवीन कुमार माहौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संघर्ष क्षमता के कायल हैं। उनका मानना है कि यह पीएम नरेन्द्र मोदी का जुझारू नेतृत्व ही है कि बीते 23 वर्षों में विपक्ष उनको चुनौती तक नहीं दे सका है और बतौर पीएम यह उनकी ऐंतिहासिक हैट्रिक है। उनका कहना है कि भारत को विश्व का सिरमौर बनाने की उनकी जिद सराहनीय है। बोले, पीएम मोदी दीघायु हों। भाजपा के जिला कार्यकारिणी के सदस्य चैधरी ध्यान सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश को को निरंतर 23 वर्ष तक नेतृत्व प्रदान करने की जिजीविषा को बेजोड़, अद्वितीय और ऐतिहासिक करार देते हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व करने की क्षमता गजब की है। उन्होंने कहा कि देश के गरीबों, जरूरतमंदों और अंतिम पायदान के लोगों के लिए प्रधानमंत्री की उज्जवला गैस योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, मुद्रा लोन योजना, नारी वंउन अधिनियम और प्रधानमंत्री आवास योजना सरीखी कल्याणकारी योजनाऐं मील का पत्थर साबित हुई हैं। बोले, पीएम मोदी जिंदाबाद। भाजपा के नगर अध्यक्ष रविन्द्र सैनी प्रधानमंत्री की जुझारू नेता की छवि के मुरीद हैं। उनका कहना है कि यूं ही कोई नरेन्द्र मोदी नहीं बन जाता है। दसकों के मैराथन प्रयास करने के बाद ही कोई नरेन्द्र मोदी सरीखा राजनीतिक व्यक्तित्व पैदा होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारी थाथी हैं। हमें उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण, भारत को विश्व का सिरमौर बनाने, और देश को विश्व गुरू बनाने की उनकी अवधारणा सराहनीय है। हम उनको प्रणाम करते हैं। भाजपा के पिछड़ा वर्ग के जिला महामंत्री और सैनी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सैनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचित सरकार के प्रमुख के रूप में लंबे और अजेय कार्यकाल से बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें नरेन्द्र मोदी जैसा जुझारू और संघर्ष का धनी राजनेता और प्रधानमंत्री मिला है। जिसने बीते 23 वर्षों में विरोधियों को दिन में तारे दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत ने विदेशों में जो ख्याति अर्जित की है। वह अतुलनीय, ऐतिहासिक और अद्वितीय है। बोले, युग युग जियो मोदी जी।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने वारंटी आरोपी किया गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल /पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी सम्भल अनुज कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे सोमवार को थाना सम्भल पुलिस टीम द्वारा एनआई एक्ट में वारण्टी अभियुक्त मौ० यामीन पुत्र मौ० युसुफ निवासी मौ० मिया सराय थाना सम्भल जनपद सम्भल को अभियुक्त के घर से उ0नि0 रईस अहमद हे0का0 संजीव कुमार,हे0का0 नौबहार सिंह द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### पोक्सो एक्ट में वांछित आरोपी को धर दवोचा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल जुनाबई /पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर डॉक्टर प्रदीप कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे दिनांक 17.06.2023 को थाना जुनावई पर वादी पीयूष कुमार पुत्र स्व० वेदराम निवासी ग्राम बन्दरई थाना जुनावई जनपद सम्भल ने सूचना दी कि दिनांक 04.06.2023 को मेरे ही गांव की विद्यावती पत्नी नेमचन्द मेरी 16 वर्षीय बहन को शौच करने के बहाने ले गयी। जहां पहले से बाजरे के खेत में घात लगाये बैठे विजयपाल पुत्र नेमचन्द निवासी बन्दरई थाना जुनावई जनपद सम्भल व इन्द्रपाल पुत्र महिपाल निवासी ग्राम लावर थाना जुनावई जनपद सम्भल ने तमंचे के बल पर मेरी बहन के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर थाना जुनावई पर पोक्सो एक्ट बनाम विद्यावती विजयपाल, इन्द्रपाल के पंजीकृत किया गया।सोमवार को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्ता विद्यावती पत्नी नेमचन्द निवासी बन्दरई थाना जुनावई जनपद सम्भल को ग्राम पतरिया के बन्दरई मोड पर से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विजयपाल व इन्द्रपाल को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### पुलिस ने आर्म्स एक्ट के दो आरोपी को किया गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल रजपुरा /पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी गुन्नौर डॉक्टर प्रदीप कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे थाना रजपुरा सोमवार को वारण्टी अभियुक्त रामपाल जाटव पुत्र गजराज निवासी ग्राम मुरैना थाना रजपुरा जनपद सम्भल में आर्म्स एक्ट में वारण्टी अभियुक्त झमेल सिंह पुत्र इन्दल सिंह यादव निवासी देवपुरा थाना रजपुरा जनपद सम्भल को अभियुक्तों के घरों से उ0नि0 मोहित कुमार उ0नि0 प्रमोद कुमार, का0 अंकित कुमार, का0 नीरज कुमार, का0 हीरेश ठेनुआ द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

### ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए पीड़ित के 37 हजार रुपये कराए वापिस

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। थाना साइबर पुलिस ने वादी का मोबाइल हैक करके ऑनलाइन ठगी में वादी के 37 हजार रुपये सकुशल वापस कराए। पीड़ित विमल कुमार नगर जलेसर रोड थाना उत्तर ने थाना साइबर पर प्रार्थना-पत्र दिया गया था कि किसी अज्ञात के द्वारा मोबाइल हैक करके बैंक खाते से कुल 37 हजार रुपयों की ऑनलाइन ठगी कर ली गयी थी। साइबर पुलिस टीम ने समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंको को पत्राचार किया गया जिसके क्रम में साइबर पुलिस टीम ने वादी के 37 हजार रुपए सकुशल वापस कराए गए। वादी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं साइबर पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया गया।

### लेखन के क्षेत्र में रश्मि अग्रवाल ने की एक और उपलब्धि हासिल

नेशनल एक्सप्रेस/बिजनौर/नजीबाबाद। साहित्यकार एवं समाजसेवी रश्मि अग्रवाल ने लेखन के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। नगर में आयोजित एक समारोह में रश्मि अग्रवाल की लिखीं मेरी 1001फायकू और जीवन सरल बनाएं पुस्तकों का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। साहित्यिक मंच नजीबाबाद की ओर से डॉ. वीके अग्रवाल के बालकराम स्ट्रीट आवास पर साहित्यिक संगोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि साहित्यकार एवं मीडियाकर्मी डॉ. मनोज रस्तोगी, डॉ. पंकज भारद्वाज, डॉ. सुशील त्यागी अमित ने साहित्यकार एवं पर्यावरणविद् रश्मि अग्रवाल की पुस्तकों का विमोचन किया। मुख्य अतिथि डॉ. मनोज रस्तोगी ने कहा कि जीवन की चुनौतियां पर आधारित रश्मि अग्रवाल की पुस्तक जीवन सरल बनाएं, जीवन के सरल और सरस बनाने बहुआयामी उद्देश्यों को पूरा करने में मार्गदर्शन बनेगी। डॉ. पंकज भारद्वाज और डॉ. सुशील त्यागी अमित ने रश्मि अग्रवाल की साहित्यिक सोच को दूरदर्शी बताते हुए उनके द्वारा लिखी गईं 1001फायकू रचनाओं को उनकी साहित्यिक अभिरुचि और साहित्य के प्रति समर्पण भावना का प्रतीक बताया। पर्यावरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल साहित्य ,कहानी, प्रदूषण जैसे मुद्दों पर एक दर्जन से अधिक पुस्तक लेखन का अनुभव रखने वाली साहित्यकार एवं लेखिका रश्मि अग्रवाल ने कहा कि काव्य की फायकू विधा काव्य सृजन ने उन्हें कैंसर जैसे रोग से उभरने में बड़ी मदद की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अनिल कुमार शर्मा अनिल ने रश्मि अग्रवाल की साहित्य के प्रति अभिरुचि और समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पण भावना को नमन किया। आलोक त्यागी के संचालन में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि रमेश चंद्र माहेश्वरी राजहंस, डॉ. अनिल चैधरी, सुमन तोमर चैधरी, डॉ. वर्षा अग्रवाल, डॉ. एसके जौहर, अमन कुमार त्यागी, एसपी तिवारी ने साहित्यकार रश्मि अग्रवाल की विभिन्न पुस्तकों के लेखन पर सारगर्भित विचार से उनकी साहित्यिक सेवाओं को अद्वितीय और अविस्मरणीय बताया। डॉ. वीके अग्रवाल, डॉ. संदीप अग्रवाल और रश्मि अग्रवाल ने सभी अतिथियों एंव साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया।



## एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया

नेशनल एक्सप्रेस अरविंद गुप्ता





चंदौसी/सोमवार को न्यू शाईनिंग स्टार क्लब चंदौसी द्वारा शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में रामबाग धाम के विशाल रंगमंच पर लगातार तृतीय बार एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि लता वार्ष्णेय अध्यक्षा नगर पालिका परिषद चंदौसी ने फीता खोलकर किया उसके बाद इस दौरान क्लब के संरक्षक रवि पत्थर वाले, अखिलेश कुमार खिलाड़ी, अंशुल टनाटन समाजसेवी सौम्य अग्रवाल सेठ विष्णु अग्रवाल मेंथा वाले सचिन वार्ष्णेय मेंथा वाले मौसम गुप्ता,भुवनेश वार्ष्णेय मेंथा वाले, विकास मेंथा आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पण कर प्रतियोगिता का आरम्भ करने का का आगाज किया। प्रतियोगिता में लगभग 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों की आयु सीमा 5 से 12 वर्ष के अंतर्गत थी। कार्यक्रम को देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। निर्णायक मंडल में डॉ कविता गुप्ता एंव हिमानी चन्द्रा रही। कार्यक्रम का संचालन दर्गा टंडन ने किया। कार्यक्रम में अनिल गुरु, मोहन वार्ष्णेय,अमर वार्ष्णेय, संदीप वर्मा का मुख्य सहयोग रहा। सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार में एक एक गिफ्ट फ्रेम किया हुआ प्रशस्ति पत्र, एक स्नैक्स का गिफ्ट हैंपर, एक स्वीट्स का पैकेट दिया गया। विजेताओं की घोषणा देर रात की गई। प्रथम स्थान के गिफ्ट में ऊषा कंपनी का एयर फ्रायर द्वितीय स्थान में मिक्सर जूसर एवं तृतीय स्थान में मिक्सी रखी गई थी। क्लब द्वारा सभी मीडिया बंधुओं, संरक्षक मंडल, विशेष सहयोगियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए न्यू शाइनिंग स्टार क्लब के अध्यक्ष हनी चन्द्रा उपाध्यक्ष मुदित गर्ग महामंत्री आलोक वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष सचिन दयाल, उपमंत्री आर्यन वार्ष्णेय, एड. नवनीत सिंह, अभिनव शर्मा, शिवा सक्सैना, निखिल गुप्ता, ग्रीश शर्मा, सुभाष चंद्रा, अक्षय वार्ष्णेय, विवेक कुमार आदि की मुख्य भूमिका रही।

## नाले में मिला मजदूर का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर



फिरोजाबाद। घर से मजदूरी को निकले मजदूर का शव नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जिससे पता चल सके कि आखिर मजदूर नाले में कैसे गिरा। थाना रामगढ़ क्षेत्र के पुरुषोत्तम बिहार क्षेत्र से गुजर रहे नाले में सोमवार को एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की जानकारी पर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए गए। बाद में मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त हरी सिंह निवासी नगला मिर्जा के रूप में की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह रविवार सुबह घर से मजदूरी पर जाने की कहकर निकले थे। रात को घर वापस लौटकर नहीं आए। देर रात तक उनके न आने पर परिजनों ने उनकी सभी जगह खोजबीन की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका। बाद में पुलिस ने बताया कि एक शव नाले में पड़ा मिला है। मौके पर पहुंचने पर शव की शिनाख्त हो सकी है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मौत का कारण जानने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा कि आखिर मजदूर नाले में कैसे गिरा।

### पुलिस ने वारंटी आरोपी को किया गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल धनारी /पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में सोमवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे थाना धनारी में वारण्टी अभियुक्त श्रीपाल पुत्र करन सिंह निवासी हरफरी थाना धनारी जनपद सम्भल को अभियुक्त के घर से 30नि0 बाबूराम सैनी व का0 कर्मवारी द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।



# नगर में धूमधाम से निकली रामवर एवं काली माई शोभायात्रा

**नेशनल एक्सप्रेस अरविंद गुप्ता**







चंदौसी/सोमवार को श्री रामबाग ट्रस्ट चंदौसी द्वारा रामवर यात्रा एवं काली माई शोभायात्रा का आयोजन सांय 4 बजे से श्री दाऊ जी मन्दिर कैथल गेट चन्दौसी से शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ मनोज कुमार शोभाराम की माता प्रवेश देवी द्वारा फीता काट कर किया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्य रथ पर विराजमान श्रीराम सीता, लक्ष्मण जी आरती की गई। शोभायात्रा श्री दाऊ जी मंदिर से प्रारंभ होकर कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, घंटाघर से होकर बड़ा बाजार, पुरानी पैंठ, घास मंडी, होकर बारहसैनी धर्मशाला पर आरती कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में गणेश परिवार, कृष्ण, बलराम,श्री अक्रूर जी,श्री खाटू श्याम की झांकी,अभिनय शुक्ला इस्कान नृत्य, बांके बिहारी झांकी, काली का अखाड़ा एटा,दुर्गा जी की झांकी, मुनि वशिष्ठ महाराज बग्गी,चार सैनिक पैदल, महाराज दशरथ जी बग्गी राजस्थानी लोक नृत्य राजकुमार भरत और शत्रुघ्न जी बग्गी,बजरंगी पालकी, बजरंगी डोला, शिव बारात अभिनय शुक्ला माता काली जी का खेलता स्वरूप,शिव जी की झांकी, महिलाओं द्वारा कीर्तन मंडली,मुख्य रथ श्री राम सीता, लक्ष्मण जी की झांकी ढोल नगाड़े व डीजे के सहित निकली गई।इस दौरान शोभायात्रा में प्रधान अशोक वार्ष्णेय फैंसी, अमित के एस, विजयगोपाल सुशील वार्ष्णेय अमरीश बाबू, प्रकाश चंद्र किराना, डॉ सौरभ वार्ष्णेय, मंगेश वार्ष्णेय, आशीष कुमार, पवन कुमार भट्टा, गोपाल रियोनाई, संजीव पान, अजय वार्ष्णेय, रूपम वार्ष्णेय, राजकुमार राजू, मोहित वार्ष्णेय थैली, अंकित वार्ष्णेय कौशल किशोर वंदेमातरम्, सचिन वार्ष्णेय, प्रमोद गांधी, चिराग फैंसी, गौरव , ब्रजेश वार्ष्णेय, राकेश चंद्र आर्य, रतन कुमार,अनुज वार्ष्णेय, एड.पीयूष कुमार वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, मनोज कुमार, चिराग वार्ष्णेय, यश गुप्ता, संजय वार्ष्णेय, मनोज कुमार श्याम, कुणाल गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्र-छात्राओं ने बांधा समां



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने गोरखनाथ भट्ट मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, झंडारोहण, सफेद कबूतर उड़ाकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक वेद राम कौशल, बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, राज्यमंत्री प्रति निधि चंद्रसैन दिवाकर उपस्थिति रहे। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक प्रेमकिशोर गुप्ता एड., जिला क्रीड़ा प्रभारी सीपी सिंह, जिला क्रीड़ा सचिव मेजर शशिकांत गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार व शिक्षकगण रहे। समारोह के उद्घाटन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छात्र-छात्राओं ने समां बांध दिया। प्रतियोगिता के 800 मीटर दौड़ बालक सीनियर वर्ग में जतिन कुमार प्रथम, प्रीतम द्वितीय, विनीत तृतीय, ।गोला फेंक बालक वर्ग सीनियर में मनीष सिंह प्रथम, अनुज द्वितीय, प्रेमराज तृतीय स्थान पर रहे। गोला फेंक बालक वर्ग सब जूनियर में आयुष प्रथम, उपेंद्र द्वितीय व अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग सब जूनियर में अमन प्रथम, पनवेश्वरी द्वितीय, वंश राजेश तृतीय, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में फैजान मलिक प्रथम, हेमंत द्वितीय व धर्मेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं भी हुई। समारोह का कुशल संचालन बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी तथा ए के सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान राजेश गुप्ता, संजीव कुमार सक्सेना, अश्वनी कुमार शर्मा, डॉ. शकील अहमद, राजेश कुमार, वसीमुद्दीन, दयाशंकर, सुधीर त्यागी, चंद्रकांत, सचिन शर्मा, धनंजय आर्य, , मनोज कुमार, गणेश सिंह, जटाशंकर आदि मौजूद रहे।

### प्रधान प्रेम चंद्र यादव ने किया पशु आरोग्य मेला का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी/चंदौसी। सोमवार को संभल के विकास खण्ड बनियाखेड़ा के पशुचिकित्सालय चंदौसी के अंतर्गत ग्राम कैथल में पशुपालन विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रेम चंद्र यादव ने गौ पूजन कर के किया मेला की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी चंदौसी डॉ अजय कुमार ने पशुओं की टैग्गिंग बीमा टीकाकरण कृमिनाशक



दवा स्वच्छ दूध उत्पादन के.सी. सी. कृत्रिम गभार्धान के बारे में बताया तथा पशुचिकित्साधिकारी नरौली डॉ अवधेश पटेल ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना नवजात बच्चो की देख भाल वर्ष भर हरा चारा कैसे उगाए प्रति वर्ष एक बच्चा कैसे पाएं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी मेला को सफल बनाने में पशुधन प्रसार अधिकारी वीरेंद्र कुमार गुप्ता सत्यपाल के अलावा टिंकू सिंह सतीश मुकुट आसिष प्रशांत आदि ने महती भूमिका निभायी। मेला में 425 पशुओं का पंजीकरण किया गया मेले में आये हुए सभी किसान व जनप्रतिनिधियों का डॉ अजय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दो बाइकों की भिडंत में एक युवक की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/चंदौसी। सोमवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर डाल निवासी मोहम्मद सफी 50 वर्ष उसके भाई अली मोहम्मद पुत्रगण नन्नू व फुफेरे भाई अली शेर पुत्र रजब अली एक बाइक पर सवार होकर थाना इस्लामनगर के गांव सुल्तानगढ़ दफन में जा रहे थे। बाइक मोहम्मद सफी चला रहे थे। दोपहर 2.30 बजे बाइक सवार तीनों भाई इस्लामनगर रोड पर स्थित बर्रई पुल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में एक तीनों भाई सहित दूसरी बाइक पर सवार युवक समीर पुत्र इंदाज अली निवासी थाना इस्लामनगर जनपद बदायूं घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस घायलों को लेकर सीएचसी पहुंची। जहां चिकित्सक ने मोहम्मद सफी को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि अली शेर व समीर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई। घटना की सूचना मिलने पर दोनों पक्षों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। पुलिस ने दूसरी बाइक पर सवार युवक समीर को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पीड़ित पक्ष की ओर से घटना की तहरीर देने की तैयारी चल रही थी।

## डीएम ने फसल का निरीक्षण कर स्वयं भी करी धान कटाई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



संभल। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने विकास खंड बहजोई के ग्राम बेहटा जयसिंह में किसानों की फसल उत्पादकता को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया।

जिसमें जिलाधिकारी ने किसान मुंशी पुत्र पीतम्बर दास के खेत गाटा संख्या 185 में जाकर धान की फसल की क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया एवं जिलाधिकारी द्वारा स्वयं भी धान कटाई की । निरीक्षण के दौरान 10 .10 .10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के मानक के अनुसार माप करवायी। 43. 3 वर्ग मीटर में 20.600 कि.ग्रा. धान निकला।

जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग सभी जनपदों में किए जाते हैं और इसमें रैंडम आधार पर कुछ खेतों को चुना जाता है जिनकी उत्पादकता का आकलन त्रिकोणीय आकृति में खेत को काटकर उससे कितनी उत्पादकता हुई है वह देखी जाती है इससे दो लाभ होते हैं प्रथम जनपद का जो औसत निकलता है उससे यहां की उत्पादकता का पता चलता है और उसके आंकड़े शासन को भी प्रेषित किए जाते हैं द्वितीय उत्पादकता अगर कम होती है तो उन किसानों को जिन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करा रखा है अगर जनपद में उत्पादकता मानकों से कम रहती है तब उन किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाभ दिया जाता है अतः किसानों को ज्यादा से ज्यादा फसल बीमा कराना चाहिए। इस दौरान तहसीलदार चंदौसी धीरेन्द्र सिंह, कानूनों भोजराज सिंह,लेखपाल सचिन मित्तल, भूलेख से जोन्टी, बीमा कम्पनी से अनुज तथा ग्रामीण उदयवीर सिंह,आकाश आदि उपस्थित रहे।

## शालू ने सीखा जनता की समस्याओं को कैसे सुना जाता है



**नेशनल एक्सप्रेस**

संभल बहजोई। सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में जनता दर्शन के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा जन सामान्य की समस्याओं को सुना गया ।दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को मिशन शक्ति के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई की कक्षा 8 की छात्रा कु.शालू को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया था। सोमवार को शालू द्वारा जनता दर्शन में प्रतिभाग किया गया। कुमारी शालू द्वारा जनता दर्शन के अंतर्गत जनसुनवाई में एक जिलाधिकारी के रूप में जनता की समस्याओं को कैसे सुना जाता है एवं कैसे समाधान किया जाता है उसके विषय में जाना।

## आत्महत्या को उकसाने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

संभल। थाना गुन्नौर पर पीड़ित राधा पत्नी कमलबाबू निवासी मौ0 मासूम अली कस्बा व थाना गुन्नौर जनपद सम्भल ने तहरीरी सूचना दी कि उसकी पुत्री उम्र करीन 24 वर्ष जिसे हमारे मौहल्ले का एक युवक कासिव पुत्र मुन्ने आये दिन मेरी लड़की को तंग व परेशान करता है तथा धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाता था । जिस कारण मैने अपनी पुत्री का दाखिला बदायूँ राजकीय पालिटेक्निक अलापुर में करा दिया था । वहां भी कासिव मेरी पुत्री को परेशान करता था । जिससे परेशान होकर मेरी पुत्री ने दिनांक 07.10.2024 को अपने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गुन्नौर पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 अधिनियम बनाम कासिव उपरोक्त पंजीकृत किया गया। थाना गुन्नौर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त कासिव उपरोक्त को नगर पालिका परिसर टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 मोबाइल रियल मी ए-2 बरामद हुआ।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

कासिव पुत्र तसीमुल इस्लाम उर्फ मुन्ने निवासी मौ0 मासूम अली कस्बा व थाना गुन्नौर जनपद सम्भल का है

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 नवीन कुमार थाना गुन्नौर जनपद सम्भल, हे0का0 विकास कुमार, का0 नवीन कुमार अभियुक्त को गिरफ्तार करने में साथ रहे।

## लाइसेंसी रिवाल्वर तानने वाले पिता पुत्रों सहित दो अन्य पर मुकदमा दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**

चंदौसी - नगर निवासी एक व्यक्ति अपने मकान में कार्य करा रहा था तभी पड़ोस में रहने वाले पिता व पुत्र अन्य लोगों के साथ उनके घर में घुस आए और निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। आरोप है कि जब पीड़ित व्यक्ति ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके सीने पर पिस्टल तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। घटना एक अक्टूबर की है।

नगर के सुंदर मुहल्ला निवासी गौरव अग्रवाल पुत्र शिवनाथ अग्रवाल का एक मकान बिसौली गेट पर भी स्थित है। जिसमें निर्माण कार्य चल रहा था। गौरव का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले सुशील कुमार उर्फ लच्छी व उनके दो पुत्र अर्पित अग्रवाल और अर्चित अग्रवाल अपने दो तीन अज्ञात साथियों के साथ रात्रि करीब 11:45 बजे उसके घर में घुस आए और उसके घर के निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उन्होंने पीड़ित के सीने पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल तान दी और मारपीट की व पिस्टल की सारी गोली सीने में उतारने की धमकी दी। खुद को मंत्री जी का खास आदमी बताते हुए बोले कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़ित गौरव ने अगले दिन ही कोतवाली में तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके बाद पीड़ित न्याय की गुहार लगाने के लिए एसपी कृष्ण कुमार के पास पहुंचा। जिस पर एसपी ने मुकदमा दर्ज करने के आदेश पुलिस को दिया। उसके बाद पुलिस ने सुशील कुमार उर्फ लच्छी, अर्पित वार्ष्णेय, अर्चित वार्ष्णेय व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## डीएम ने उच्च न्यायालय के आदेश का कराया पालन

**नेशनल एक्सप्रेस**

चंदौसी बहजोई।सोमवार को जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार कांच मिल बहजोई के गाटा संख्या 674 पर बने अवैध क्वार्टरों का निरीक्षण किया और उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिनांक 16 अक्टूबर 2024 तक मुनादी कराते हुए खाली कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।इस अवसर पर तहसीलदार चंदौसी धीरेंद्र सिंह सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बाल कल्याण समिति ने चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का किया आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



सम्भल ।। सोमवार को मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5.0 के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम पर बाल कल्याण समिति, सम्भल में चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिला प्रोबेशन अधिकारी सम्भल के निर्देश के क्रम में जनपद में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5.0 के अंतर्गत महिला एवं बालिकाओं को प्रोत्साहित करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में बाल कल्याण समिति, सम्भल में बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे गौरव गुप्ता, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, नीलम राय, सदस्य बाल कल्याण समिति, नूतन, सदस्य बाल कल्याण समिति, कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, सम्भल में कार्यरत नासिर अली, कनिष्ठ सहायक, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी तेजपाल सिंह, खेमपाल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता, मिशन वात्सल्य द्वारा रोके गये बाल विवाह बालिकाओं को कार्यालय में बुलाकर बाल विवाह रोकथाम एवं उसके दुष्परिणाम के विषय के निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई ।

**स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं:-** कम उम्र में विवाह और गर्भावस्था से लड़कियों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह कुपोषण, मातृ मृत्यु दर, और शिशु मृत्यु दर को बढ़ाता है।

**मानसिक और भावनात्मक तनाव:** शादी के बाद कम उम्र की लड़कियां अक्सर घरेलू हिंसा और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होती हैं।

**आर्थिक निर्भरता:-** शिक्षा और कौशल की कमी के कारण बाल विवाह पीड़ित लड़कियों को जीवन में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना मुश्किल हो जाता है।

कानूनी उपाय भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह गैर-कानूनी घोषित किया गया है। इस कानून के अनुसार, लड़कियों की न्यूनतम शादी की उम्र 18 वर्ष और लड़कों की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। बाल विवाह के मामलों में दोषियों को सजा का प्रावधान भी है।

**कानूनी सख्ती:**बाल विवाह रोकने के लिए कानून को और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। सामुदायिक भागीदारी स्थानीय समुदायों और संगठनों को बाल विवाह रोकने के प्रयासों में शामिल किया जाना चाहिए। बाल विवाह का उन्मूलन एक स्वस्थ, सशक्त और समान समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और कानून का सही पालन होना बेहद जरूरी है। तेजपाल सिंह, संरक्षण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें मुख्य रूप से बच्चियों के माता-पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित होने के लिए जनसेवा केंद्र पर आवेदन करने के लिए बताया। एवं नीलम राय, सदस्य बाल कल्याण समिति, नूतन, सदस्य बाल कल्याण समिति सम्भल द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1098, 112, 108, 102, 1090,181,1076, आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

## संपादकीय

# सियासी फासलों का खेल

जहां फैसले नहीं होते, वहां सियासी होते हैं फासले। इन्हीं फैसलों के फासले गांधी जयंती के अवसर पर तब टकराए जब धर्मशाला में केंद्रीय सडक एवं परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और इसके बरअक्स हरियाणा चुनाव में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक दूसरे की पोल खोली। अपनी बरवाला जनसभा में सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिमाचल की आर्थिक स्थिति पर शुरू की गई चर्चा पर स्पष्ट किया कि केंद्र ने प्राकृतिक आपदा पर जिस राज्य को फूटी कौड़ी नहीं दी, वहां असल में फैसलों का नहीं, फासलों का खेल है। यह जाहिर है कि डबल इंजन सरकारों की वकालत जब से हिमाचल में ढह गई, दिल्ली की निगाह प्रदेश को नजरअंदाज कर रही है। दूसरी ओर गांधी जयंती के ही दिन धर्मशाला पधारे केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा के पिटारे से भी फासलों का जिक्र निकला। पठानकोट-मंडी फोरलेन परियोजना में हो रही देरी पर कांगड़ा व मंडी के बीच दूरी कम नहीं हो रही, तो फासला मिटाने को निर्णायक कौन होगा। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुख्यालय धर्मशाला के प्रस्तावित कैंपस से देहरा परिसर में चल रहे निर्माण की दूरी पर प्रश्न उठाए, तो सारा पाठ्यक्रम सामने आ गया। जदरांगल परिसर सियासी फासलों का ऐसा उदाहरण है जो केवल एक पक्ष या एक सरकार नहीं, बल्कि राजनीतिक चरित्र का अति निर्लज्ज चेहरा है। यह कहानी है चेहरे और चरित्र के बीच बंटती सियासत की और विद्वेष की भावना में जीत और हार का चित्रण भी। अबकी केंद्रीय मंत्री मल्होत्रा पूछ रहे हैं क्योंकि पूछना आसान है, लेकिन यह दास्तान कई केंद्रीय मंत्रियों और हिमाचल के मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों की है जो जदरांगल परिसर को खारिज करने की परिपाटी में प्रेम कुमार धूमल से शुरू होकर सुक्खू तक पहुंच जाती है। ऐसा भी नहीं कि संस्थान को गैरों ने चोट पहुंचाई, बल्कि जब किशन कपूर मंत्री व स्थानीय विधायक थे तो उन्होंने ही सर्वप्रथम 'दो इंच जमीन नहीं' का नारा देकर राजनीति को नचाया था। हैं कसूरवार इस प्रांगण में बहुत, तू तो बस इक मोहरा है।

प्रश्न उठते हैं कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने देहरा को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की वजह से तरजीह दी या अब वर्तमान मुख्यमंत्री का 'सब तेरा' का वादा देहरा के पक्ष में काम कर रहा है। यह इसलिए भी कि धर्मशाला उपचुनाव में मुख्यमंत्री ने आचार संहिता के बाद जदरांगल को मोहलत में गारंटी दी थी। मल्होत्रा पूछ रहे हैं, तो यह भी बता दें कि पूरे खेल में अनुराग ठाकुर, स्मृति इरानी व जयराम ठाकुर की भूमिका कैसी रही। ऐसे में फासले मापने या गिनाने से क्या फर्क पड़ेगा। कम से कम मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह को स्थिति स्पष्ट करके कह देना चाहिए कि वह दो साल की उपलब्धियों में जदरांगल परिसर की बजाय देहरा की जमीन पर झंडे गाड़ना चाहते हैं। बेहतर होगा यहां के हिस्से में आए ढाई सौ करोड़ भी देहरा परिसर को रवाना किए जाएं ताकि कम से कम संस्थान अपनी आवारगी से तो बच जाए। रही बात जदरांगल की जमीन को लेकर, तो बेहतर यह होगा कि वहां पूर्व प्रस्तावित आई टी पार्क बना दिया जाए। आश्चर्य यह है कि हिमाचल की सबसे कठोर परीक्षाएं देकर भी केंद्रीय विश्वविद्यालय का जदरांगल परिसर फेल किया जाता रहा और आज भी हो रहा है। मामला यहां तक विकराल है कि देहरा की सियासी गोद में आश्रय लेने वाले पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने इस संस्थान की पैरवी में धर्मशाला और इसकी संभावना को ही लांछित कर दिया। तब किशन कपूर के कारण या हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की वजह से जदरांगल अभिशप्त हुआ या अब कांग्रेस से छिटके और भाजपा में अटके विधायक सुधीर शर्मा के कारण यह परिसर लटक गया, शायद ही भोली, लेकिन आंदोलनरत जनता तथा राजनीतिक वादों पर विश्वास करने वाले लोग कभी समझ पाएंगे। सियासत के फासले चंद मीलों के नहीं, युगों-युगों को बर्बाद कर देते हैं, कांगड़ा तेरी यही कहानी है।

# आर्थिक दुर्बलता के चलते मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू दोबारा भारत की शरण में!



अशोक भाटिया

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पांच दिन के भारत दौरे पर आए हैं। उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से होने वाली है, उसमें कई अहम फैसले लिए जाने हैं। अब मुइज्जू का यह दौरा इसलिए अहम बन जाता है क्योंकि मालदीव में चुनाव के दौरान उन्होंने बड़े स्तर पर एंटी इंडिया कैंपेन चलाया था, उनकी तरफ से कई मुद्दों को लेकर भारत को घेरा गया। अब उतना सबकुछ होने के बाद उन्हें भारत से ही मदद की आस है, वे कह रहे हैं कि भारत हमारे आर्थिक संकटों से पूरी तरह अवगत है।

बताया जाता है कि मालदीव का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 करोड़ डॉलर का ही रह गया है। इससे सिर्फ डेढ़ महीने का ही खर्च चलाया जा सकता है। मालदीव का पर्यटन क्षेत्र बेहद घाटे में है। जबकि टूरिज्म को मालदीव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहा जाता है। लेकिन मुइज्जू के भारत विरोधी बयान की वजह से मालदीव का टूरिज्म सेक्टर पर बहुत असर पड़ा। ऐसे में पहले से ही कर्ज की मार झेल रहे मालदीव पर दबाव और बढ़ा है। मुइज्जू ने भारत के लिए रवाना होने से पहले कहा था कि मालदीव आर्थिक संकट से जूझ रहा है और मुझे भरोसा है कभारत इसमें हमारी मदद करेगा। भारत से हमें काफी उम्मीद है। हम आर्थिक संकट से निपटने के लिए भारत की मदद चाहते हैं और उम्मीद है कि भारत इसमें हमारी मदद करेगा। दरअसल मालदीव की अर्थव्यवस्था कई मायनों पर भारत पर निर्भर है। मालदीव का रुख करने वाले सैलानियों में भारतीयों की संख्या अमूमन हर साल ज्यादा होती है। लेकिन पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद दोनों मुल्कों के रिश्तों में जो तल्खी बढ़ी, उसके बाद भारतीय सैलानियों ने मालदीव का बहिष्कार करना शुरू कर दिया, जिससे मालदीव की अर्थव्यवस्था डगमगा गई। लेकिन अब मुइज्जू को समझ आ गया है कि भारत उसके लिए काफी अहमियत रखता है।

जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कदम जब लक्षद्वीप की धरती पर पड़े थे तो उसी समय से मालदीव हिल गया था क्योंकि कुछ समय पहले ही मालदीव में सरकार बदली थी और वहां की जनता ने मोहम्मद मुइज्जू को चुना था। ये वही मोहम्मद मुइज्जू हैं, जो जिन्हें चीन समर्थक का टैग मिला चुका है और कट्टर 'भारत विरोधी' माना जाता रहा हैं। इस छवि को बरकरार रखते हुए उन्होंने अपने मुल्क में 'इंडिया आउट' कैंपेन तक चलाया था। मोहम्मद मुइज्जू ने शुरू से ही 'भारत विरोधी' बयानबाजियां जारी रखीं थी। न्होंने 'भारत आउट' की तर्ज पर चुनावी अभियान चलाया था। यहां तक कि देश से भारतीय सैनिकों को हटाना मुइज्जू की पार्टी का मुख्य एजेंडा था। सत्ता में आने के बाद से उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जो भारत-मालदीव संबंधों के दृष्टिकोण से अपरंपरागत थे। यहां तक कि अपने मुल्क से भारतीय सैनिकों को भी वापस लौटा दिया था। भारतीय सैनिकों की वापसी इस साल मई में पूरी हो गई थी। उसके अलावा उन्होंने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत ना जाकर एक लंबी परंपरा को तोड़ दिया और इसके बजाय तुर्की और उसके बाद चीन गए।

खैर, अब प्रधानमंत्री मोदी ने बिना कुछ करे ही उन्हें घुटने पर ला दिया है। इससे मालदीव भी हिल गया। बात कूटनीति रिश्तों के बिगड़ने तक पहुंच चुकी थी। खैर, अभी मोहम्मद मुइज्जू भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने की कवायद में लग चुके हैं और वो ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं, जिससे लगे कि वो भारत के खिलाफ अपनी नीति को लेकर अभी भी कायम हैं। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मालदीव के विकास के लिए खुलकर मदद की अपील करते रहे है। ऐसे में माना जा रहा है कि मुइज्जू ने भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारने और पुराने सहयोग को फिर से बहाल करने के लिए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पांच दिन के भारत दौरे पर आए है। ताकि तनाव से आई दूरियों को पाटा जा सके। इसके



पहले भी इसी आशा से विदेश मंत्री मूसा जमीर भी भारत की यात्रा कर चुके है।

अपने पहले भारत दौरे को लेकर मूसा जमीर ने कहा था कि यह मेरी एक अच्छी यात्रा रही। मेरा बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मेरे समकक्ष एस जयशंकर और मेरे बीच सकारात्मक बातचीत हुई। मैं वास्तव में भारत सरकार और विदेश मंत्रालय को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा था कि 1965 में जब मालदीव आजाद हुआ था, तो भारत उन देशों में शामिल था, जिसने हमें मान्यता दी थी। इन सालों में हमने संबंध मजबूत किए हैं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक बहुत ही अच्छा और गहरा रिश्ता है। इससे दोनों देश को फायदा हो सकता है। हम भारत के साथ बहुत अच्छे रिश्ते बनाना चाहते हैं। हम हमारे रिश्ते को गहरा करना चाहते हैं, ताकि इससे मालदीव और भारत दोनों देशों के लोगों को फायदा मिले।₹

आपको बता दे कि आखिर कैसे बढ़ा था मालदीव-भारत के बीच का यह विवाद? तो हम इसके बारे में आपको बता दे कि जब मालदीव से बिगड़ते रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री मोदी इस वर्ष की शुरुवात में लक्षद्वीप दौरे पर गए थे। उन्होंने लोगों से अपील की थी कि मालदीव जाने के बजाय एक बाद लक्षद्वीप जरूर जाएं और यहां की खूबसूरती देंखे। लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से करने पर वहां के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था। भारत के तमाम बॉलीवुड स्टार्स और सेलिब्रिटी से लेकर केंद्रीय मंत्रियों ने इसका विरोध जताया था। इसके बाद मालदीव के मंत्रियों को इस्तीफा तक देना पड़ा था। मालदीव के विरोध के बाद अब भारतीयों ने मालदीव का बॉयकॉट कर दिया था।

इसी दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू चीन के दौरे पर गए। वहां से वापस लौटकर उन्होंने अकड़ दिखाई। उन्होंने कहा कि कोई देश उन्हें धमका नहीं सकता। मुइज्जू ने मालदीव का समर्थन करने के लिए चीन के लोगों से उनके देश घूमने आने की अपील की।

इसके बावजूद भी भारत ने उन दिनों भी मालदीव की कमजोर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद की थी। उसने मालदीव को आर्थिक सहायता भेजी थी। अपने पड़ोसी मुल्कों की भारत लगातार मदद करता रहा है। ऐसे ही मालदीव की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए भारत ने 400 करोड़ रुपये की मदद दी। इसके बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कर्ज चुकौती को आसान बनाने में भारत के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। मुइज्जू हाल ही में जब मालदीव में आधिकारिक स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। ऐसे में सवाल यह भी उठता है कि मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने और चीन की तरफ झुकाव होने के बावजूद आखिर भारत ने क्यों मालदीव की मदद का फैसला लिया? जवाब साफ है- मालदीव, भारत के लिए सामरिक और रणनीतिक तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है। केंद्र-शासित प्रदेश लक्षद्वीप से इसकी दूरी महज 700 किमी है और यह हिंद महासागर में सामरिक रूप से काफी महत्वूर्ण जगह पर स्थित है। हिंद महासागर से जो मालवाहक जहाज गुजरते हैं, वो मालदीव से होकर जाते हैं। एक तरीक से यह सेंटर प्वाइंट है। इसीलिये भारत हर हाल में हिंद महासागर में अपना दबदबा चाहता है।

एक्सपट्र्स कहते हैं कि भारत द्वरा मालदीव से पूरी तरह रिश्ते खत्म करने का मतलब है उसे चीन के हवाले कर देना। इसका मतलब यह होगा कि अंतर्राष्ट्रीय भू राजनीति के नजरिए से महत्वपूर्ण मालदीव से हम खुद-ब-खुद पीछे हट जाएंगे। भारत किसी भी हाल में यह नहीं चाहता है। इसीलिए मदद जारी रखने का फैसला किया गया। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि पश्चिम एशिया में भारत की बादशाहत के लिए मालदीव का साथ जरूरी है। मालदीव सार्क का हिस्सा है, जिसमें भारत एक अगुवा की तरह भूमिका निभाता है। इस नजरिया से भी उसे साथ रखना आवश्यक है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अब भारत से नई उम्मीद भी लगाए बैठे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई दिल्ली और माले मजबूत संबंध बनाएंगे। एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि मालदीव सरकार नई दिल्ली के साथ मुद्रा विनिमय समझौतों पर बातचीत कर रही है। मालदीव के राष्ट्रपति ने ये भी घोषणा की कि उनका प्रशासन एक मुक्त व्यापार समझौते पर भारत के साथ समझौते पर पहुंचने की उम्मीद कर रहा है। लगातार भारत के कड़े रूख के बाद जब मालदीव की हालत मुइज्जू ने देखी तो उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आने के बाद सुलह का रुख अपनाया था। पिछले दिनों राष्ट्रपति मुइज्जू ने लगातार तीसरी बार पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया था। उन्होंने एक बयान में ये भी कहा था कि भारत मालदीव का 'सबसे करीबी सहयोगी' बना रहेगा और इस बात पर जोर दिया कि इस बारे में कोई सवाल ही नहीं है।

पिछले दिनों ही मालदीव ने भारत की तरफ से गिफ्ट में दिए गए डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल भी फिर से शुरू कर दिया, जिनका संचालन पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति मुइज्जू के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद बंद कर दिया गया था। खैर, दोबारा विमानों का इस्तेमाल करते हुए मोहम्मद मुइज्जू ने चिकित्सा निकासी सेवाओं को शुरू करने में सक्षम बनाने के लिए भारत को धन्यवाद भी दिया।

'इकनॉमिक टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल मालदीव ने 20 लाख विदेशी टूरिस्ट्स अपने देश में लाने की योजना बनाई है। अब वह भारत के टूरिस्ट्स को अपने यहां फिर से बुलाने के लिए तरह-तरह की तैयारी कर रहा है। मालदीव भारतीय शहरों में ट्रेड शो में भाग लेकर फिल्म स्टार्स और इंफ्लूएंसर्स को शामिल करके भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसके अलावा, मालदीव टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम इंडिया को भी अपने देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित कर चुका है। वहीं, अब भारतीय फिल्मों के लिए मालदीव में शूटिंग करने का भी ऑफर दे रहा है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में प्रोफेसर डॉ। शांतेष कुमार सिंह एक चैनल से मुलाकात में कहना था कि भारत की हमेशा से अपने पड़ोसी देशों को साथ रखने की रणनीति रही है। जहां तक मालदीव की बात है, चीन को काउंटर करने के लिए उसका साथ रहना जरूरी है। मालदीव में सत्ता परिवर्तन के बाद वह चीन के करीब आया, लेकिन अब उसे चीन का असल मंसूबा समझ में आने लगा है, जो अपने फायदे के लिए दोहन का है। चीन ने श्रीलंका, नेपाल जैसे देशों के साथ भी यही किया और बाद में उन देशों को भी इसका एहसास हुआ था।

## 8 अक्टूबर : इतिहास की अहम घटनाएं

1936 ब्रिटिश टेलीविजन प्रोग्राम पिक्चर का पहला एपिसोड प्रसारित किया गया।

1952 इंग्लैंड में हैरो और वेल्डस्टोन रेल दुर्घटना में 112 लोग मारे गए।

1962 समाचार पत्रिका डेर स्पीगेल ने पूर्व से साम्यवादी खतरे के खिलाफ पश्चिम जर्मन सशस्त्र बलों की असमानता का खुलासा किया, और कुछ ही समय बाद राजद्रोह के आरोपी थे।

1965 डाकघर टॉवर लंदन में खोला गया।

1967 मार्क्सवादी क्रांतिकारी और गुरिल्ला नेता चे ग्वेरा को ला हिगुएरा, बोलीविया के पास हत्या किया गया।

1969 वेदर अंडरग्राउंड द्वारा आयोजित डेस्ट्रेस्शन का आयोजन शिकागो में डेस्ट ऑफ रेज के नाम से जाना जाता है।

1973 ब्रिटेन का पहला स्वतंत्र रेडियो स्टेशन एलबीसी शुरू हुआ।

1973 एलबीसी रेडियो ने लंदन में 97.3 एफएम पर प्रसारण शुरू किया।

1991 राष्ट्रपति बुश संघीय बैंकिंग नियमों में ढील देने के निर्णय पर पहुंच रहे हैं ताकि राष्ट्रों को कठिन ऋण परिस्थितियों के साथ कठिनाइयों को शांत करने में मदद मिल सके।

1996 ओटावा में आयोजित सम्मेलन में लगभग 50 देश बारूदी सुरंगों पर विश्वव्यापी प्रतिबंध लगाने पर सहमत हुए।

1998 नॉर्वे के लिए मुख्य घरेलू केंद्र और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, गार्डेरमोनो हवाई अड्डा, ओस्लो हवाई अड्डे, फोरनेबू के रूप में खोला गया।

2000 वोजोस्लाव कोस्तुनिका यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति बने।

2001 अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्लू बुश ने होमलैंड सुरक्षा कार्यालय की स्थापना की।

2001 इटली के मिलान में लिनेट एयरपोर्ट पर स्कैंडिनेवियाई एयरलाइंस की फ्लाइटSK686 एक सेसना प्रशस्ति पत्र II बिजनेस जेट से टकरा गई, जिसमें 118 लोग मारे गए।

2003 मिस वेनेजुएला गोजेदोर एजुआ ने टोक्यो में आयोजित मिस इंटरनेशनल प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

2005 दक्षिण एशिया में आये एक भीषण भूकंप ने हज़ारों जानें ले लीं।

2008 हरे रंग के फ्लोरोसेंट प्रोटीन (GFP) की खोज और विकास के लिए, ओसामु शिमोमुरा, मार्टिन चॉली, और रोजर वाई। त्सिएन को रसायन विज्ञान में 2008 का नोबेल पुरस्कार मिला।

2009 पोलिश राष्ट्रपति लेच काज़ीस्की ने शनिवार 10 अक्टूबर को लिस्बन संधि पर हस्ताक्षर करने के अपने इरादे की घोषणा की, जो देश की मंजूरी प्रक्रिया को पूरा करेगा।

2010 अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) 37 वीं विधानसभा मॉन्ट्रियल में शुक्रवार को समाप्त हो गई, जहां विमानन उत्सर्जन पर विकास किया गया था।

2011 शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त ने सूडान और दक्षिण सूडान के शरणार्थियों के लिए पश्चिमी इथियोपिया में एक नया शरणार्थी शिविर खोला।

2012 यूनाइटेड किंगडम की एक किशोर लड़की द्वारा पदार्थ में कॉकटेल पीने के बाद आपातकालीन सर्जरी की आवश्यकता होने पर पेय में तरल नाइट्रोजन के उपयोग से जुड़े खतरों के बारे में वैज्ञानिकों की सावधानी।

2013 फिलीपींस के ज़ाम्बोआंगा शहर में भारी बाढ़ के कारण हजारों परिवार विस्थापित हो रहे हैं और स्कूल और अधिकांश सरकारी कार्यालय बंद हो रहे हैं।

2014 उत्तरी अमेरिका, पश्चिमी दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और पूर्वी एशिया के कुछ हिस्सों में लोग आज चंद्र ग्रहण देख पाएंगे।

## समसामयिक

# भारत-मालदीव रिश्तों की नई इबारत



ऋषभदेव शर्मा

**मालदीव** के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा के दौरान एक साक्षात्कार में अपने भारतविरोधी रुख में बड़े बदलाव का संकेत दिया। दरअसल मुइज़्ज़ू ने कुछ ही महीने पहले राष्ट्रपति पद की अपनी पारी क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने के नाम पर चीनपरस्ती के साथ शुरू की थी और खुले आम भारत के प्रति कटुता बरतने में कोई संकोच नहीं किया था। इसलिए उनके हर बयान को बारीकी से समझने की ज़रूरत है।

मुइज़्ज़ू का यह आश्वासन कि उनका प्रशासन ₹भारत के सुरक्षा हितों को कभी नुकसान नहीं पहुँचाएगा₹ एक महत्वपूर्ण घोषणा है, जिसमें मालदीव की विदेश नीति में संभावित बदलावों के बारे में भारत की चिंताओं को दूर करने का प्रयास निहित है। यद्यपि उनके पूर्ववर्ती इब्राहिम सोलिह ने भारत के साथ घनिष्ठ रिश्तों को बढ़ावा दिया था, हिंद महासागर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के बीच सुरक्षा सहयोग पर जोर दिया था। लेकिन, अति राष्ट्रवादी भावना से प्रेरित मुइज़्ज़ू ने सत्ता में आते ही इन रिश्तों की धज्जियाँ उड़ानी शुरू कर दी थीं, जबकि भारत ने बहुत संयम से काम लेते हुए उन्हें चीन के मोहजाल के यथार्थ को समझने का मौका दिया। कहना न होगा कि उनकी यह भारतयात्रा इसी मोहभंग की स्वीकृति का प्रतीक है।

सयाने याद दिलाते रहे हैं कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से मालदीव को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में देखा है, जो हिंद महासागर में बढ़ते चीनी प्रभाव की पृष्ठभूमि में क्षेत्रीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए ज़रूरी है। चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल दक्षिण एशिया में पैठ बना रही है, इसलिए भारत की अपने प्रभाव क्षेत्र पर अतिक्रमण की चिंता जायज है। ऐसे में, मुइज़्ज़ू के बयान भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्तों को संतुलित करने के प्रयास का संकेत तो देते हैं, हालाँकि चीनी निवेश को पूरी तरह से निरस्त नहीं करते। मुइज़्ज़ू के दृष्टिकोण का एक मुख्य पहलू मालदीव की संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर ज़ोर देना है। मालदीव को प्राथमिकता देने का उनका इरादा तो ख़ैर समझ में आता है, लेकिन देखने वाली बात यह है कि विदेश नीति निर्णयों के संदर्भ में यह दृष्टिकोण प्रकट कैसे होगा। क्या इससे क्षेत्रीय राजनीति में मालदीव अधिक मुखर होगा, या इसका परिणाम एक सतर्क जुड़ाव होगा जिसमें भारत और चीन दोनों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना शामिल होगा?

इसके अलावा, आर्थिक संदर्भ को भी नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। मालदीव पर्यटन पर बहुत ज़्यादा निर्भर है और इसके ज़्यादातर पर्यटक भारत से आते हैं। कुछ ही महीनों के अमैत्रीपूर्ण व्यवहार के अनुभव ने राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू को यह बोध करा दिया है कि भारत के साथ मैत्रीपूर्ण रिश्ते बनाए रखना निरंतर आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कितना अहम है। इसलिए अब वे अपनी आरंभिक ग़लती को पहचानकर भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्तों की इबारत नए सिरे से लिखने को लालायित हैं। अब वे अपनी अतिराष्ट्रवादी बयानबाज़ी को आर्थिक सुधार की व्यावहारिक ज़रूरतों के साथ संतुलित करना चाह रहे हैं, जिसमें भारत से मालदीव में निवेश भी शामिल है। इस नई इबारत में, बुनियादी ढाँचे का विकास भी एक अहम फोकस क्षेत्र है। जगज़ाहिर है कि मुइज़्ज़ू भारत द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं सहित पिछले समझौतों का विरोध करके सत्ता में आए थे। अपने चीन-मोह के कारण, वे इन्हें मालदीव की स्वायत्तता का उल्लंघन बताते रहे हैं। देखना होगा कि इस यात्रा के दौरान इन विकास परियोजनाओं से रचनात्मक जुड़ाव के बारे में क्या निकल कर आता है। सुरक्षा सहयोग के संदर्भ में, मुइज़्ज़ू की टिप्पणियों से पता चलता है कि मौजूदा ढाँचे की निरंतरता की ज़रूरत उनकी समझ में आ चुकी है। अगर वे चाहते हैं कि मालदीव का उपग्रह प्रतीत होने के बजाय एक समान भागीदार दिखे, तो इसमें भारत को भला कोई आपत्ति कैसे हो सकती है? अंततः, अपनी चीनपरस्ती की झोंक में भारत के प्रति बरती अपनी अब तक की कटुता पर मन ही मन पछताते हुए, राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू शायद भारत की इस पहली राजकीय यात्रा के मौक़े पर बशीर बद्र की इस सलाह को याद कर रहे हों कि- "दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे, जब कभी हम दोस्त हो जाएँ तो शर्मिंदा न हों!"

# नेतृत्व का संकट: लोकतंत्र को चलाने के लिए दूरदर्शी नेताओं की आवश्यकता

बृज खंडेलवाल द्वारा

क्या दुनिया के लोकतांत्रिक देश वर्तमान में नेतृत्व संकट से जूझ रहे हैं? ऐसा लगता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को चलाने या मार्गदर्शन करने वाले प्रेरक नेताओं की कमी का खामियाजा जनता भुगत रही है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और भारत जैसे देशों में नेतृत्व की वर्तमान गुणवत्ता एक गंभीर तस्वीर पेश करती है। भारत में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों दोनों के भीतर गतिशील युवा नेताओं की स्पष्ट अनुपस्थिति एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति को उजागर करती है। राजनीतिक संस्थाएँ बंद प्राइवेट कंपनियों की तरह काम करने की ओर बढ़ रही हैं, जो अलोकतांत्रिक प्रथाओं के आवरण में छिपी हुई हैं। दूरदर्शी नेतृत्व की यह कमी क्षेत्रीय स्तर पर अप्रभावी शासन के रूप में प्रकट होती है, जो अक्सर पारिवारिक वंशवाद के प्रभुत्व में होती है। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों की सीमाओं के पार, राजनीतिक नेतृत्व के परिदृश्य में उजाड़पन की छाया मंडरा रही है। जबकि बांग्लादेश में वर्तमान में एक सक्षम नेता है, लेकिन उनकी असली परीक्षा चरमपंथी गुटों के बढ़ते दबाव का सामना करने में होगी। इसके विपरीत, एक असफल राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान एक खतरनाक मोड़ पर खड़ा दिख रहा है।

आज कई लोकतंत्रों में नेतृत्व की स्थिति वास्तव में चिंता का विषय है। युवा और छात्र विंग, साथ ही ट्रेड यूनियनों में अब नए युवा खून का संचार नहीं हो रहा है। अतीत में, राजनीतिक दलों में युवजन सभा, एसएफआई, विधार्थी परिषद, राष्ट्र सेवा दल टाइप अनेकों संबद्ध संगठनों से युवा नेताओं की नियमित आपूर्ति होती थी। अतीत के दूरदर्शी नेताओं के विपरीत, आधुनिक लोकतंत्रों को प्रेरक और प्रभावी नेतृत्व की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी, लिंकन और चर्चिल जैसे करिश्माई राजनेताओं के दिन अब लद गए हैं, जिन्होंने बुद्धिमानी और ईमानदारी के साथ अशांत समय के दौरान राष्ट्रों का मार्गदर्शन किया। राजनीतिक टिप्पणीकार पारस नाथ चौधरी कहते हैं, ₹आज के नेता अक्सर व्यापक हित के बजाय पक्षपातपूर्ण हितों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे विभाजन और मोहभंग होता है। दूरदर्शी विचारकों, रणनीतिक समस्या-समाधानकर्ताओं और लोक उन्मुख निर्णय लेने वालों की कमी ने व्यापक असंतोष और संस्थानों में विश्वास को खत्म कर दिया है।₹ गुणवत्तापूर्ण, दूरदर्शी नेतृत्व की कमी के लिए कई कारण जिम्मेदार ठहराए जा सकते हैं, उनमें से एक दुर्भाग्यपूर्ण सत्य यह है कि राजनीति अब सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित नहीं कर रही है। इसके बजाय, हम औसत दर्जे की क्षमता वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि देखते हैं, जो सत्ता हासिल करने के लिए विभाजनकारी रणनीति अपनाते हैं और खास वोट बैंक को खुश करने की कोशिश करते हैं।



सामाजिक कार्यकर्ता पद्मिनी अय्यर कहती हैं कि नई महत्वाकांक्षी पीढ़ी सिर्फ पैकेज, जीवनशैली, भत्ते और अधिकारों पर अधिक ध्यान केंद्रित करती है और सामाजिक बदलाव के लिए काम करने पर कम ध्यान देती है। वास्तव में, राजनीतिक विमर्श को अपमान और कीचड़ उछालने के युद्ध के मैदान में बदलते देखना निराशाजनक है, जहां उपद्रवी और अवसरवादी हावी हैं। ये व्यक्ति अपने फायदे के लिए जातिवाद और सांप्रदायिकता जैसे गहरे सामाजिक विभाजन का फायदा उठाते हैं। अतीत के महान मूल्यों को बनाए रखने के बजाय, वे लोगों के बीच कलह और नफरत के बीज बोना चुनते हैं, जिससे पहले से ही खंडित समाज और अधिक विभाजित हो जाता है। भारत जैसे देश में, जहाँ स्वतंत्रता संग्राम की विरासत राजनीतिक वर्ग के लिए मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में काम करनी चाहिए, यह देखना दुखद है कि कैसे एकता, समानता और प्रगति के आदर्शों को पहचान और बहिष्कार की राजनीति ने पीछे धकेल दिया है। विचारधाराओं का समृद्ध ताना-बाना जो कभी फ्रांसीसी क्रांति या अक्टूबर क्रांति जैसी प्रमुख ऐतिहासिक क्रांतियों को परिभाषित करता था, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में दूर की प्रतिध्वनि की तरह लगता है।

राजनीतिक वैचारिक शून्यता को सांप्रदायिक आस्था-आधारित कट्टरता ने भर दिया है। नेतृत्व की गुणवत्ता में इस गिरावट का एक प्रमुख कारण राजनीतिक दलों द्वारा अपनी चयन प्रक्रियाओं में योग्यता और ईमानदारी के मानकों को बनाए रखने में विफलता है। सार्वजनिक सेवा के लिए योग्यता, दूरदर्शिता और समर्पण को प्राथमिकता देने के बजाय, पार्टियाँ अक्सर व्यक्तिगत वफादारी, कनेक्शन और कुछ मतदाता जनसांख्यिकी को प्रभावित करने की क्षमता को प्राथमिकता देती हैं। यह अदूरदर्शी दृष्टिकोण न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुँचाता है बल्कि राजनीतिक अभिजात वर्ग के भीतर अज्ञानता और सामान्यता के चक्र को भी कायम रखता है। इसके अलावा, राजनीति में पैसे और सत्ता का जहरीला प्रभाव इस मुद्दे को और भी बढ़ा देता है, जिससे वास्तव में योग्य व्यक्ति राजनीति के क्षेत्र से दूर हो जाते हैं।

आधुनिक राजनीति की क्रूर प्रकृति से महत्वाकांक्षी नेता हतोत्साहित होते हैं, जहाँ व्यक्तिगत हमले और चरित्र हनन अपवाद के बजाय आदर्श बन गए हैं। हर कीमत पर सत्ता की निरंतर खोज ने लोकतंत्र के वास्तविक सार या आत्म को मार दिया है। जबकि राजनीति का उद्देश्य लोगों की सेवा करना और जन कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाना होना चाहिए। नए, साफ सुथरी छवि, सांकल और समर्पण वाले व्यक्ति राजनीति में कैसे आएं, ये प्रश्न सभी पार्टीज को करना चाहिए। राजनीतिक दलों को विविध पृष्ठभूमि से प्रतिभाओं को आकर्षित करने और समाज की बेहतरी के लिए अपने कौशल और विशेषज्ञता का योगदान देने के लिए सक्षम व्यक्तियों के लिए अधिक स्वागत योग्य वातावरण बनाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए।

# महंत के बयान पर सपाइयों ने डीएम को दिया ज्ञापन

## राष्ट्रपति से की गिरफ्तारी की मांग

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**



फिरोजाबाद। डासना देवी मंदिर के महंत यति नसिंहानंद के बयान पर शुरू हुआ बवाल थम नहीं रहा है। फिरोजाबाद में सोमवार को सपाइयों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिसमें उन्होंने महंत की गिरफ्तारी की मांग की है।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीम भाई ने कहा कि डासना जिला गाजियाबाद देवी मंदिर के पुजारी यति नसिंहानंद सरस्वती व उनके शिष्य द्वारा हजरत मोहम्मद मुस्तफा (मोहम्मद साहब) की शान में की गयी अत्यंत अपमानजनक और दिल दुखाने वाली बातों से पूरा देश खफा है। उन्होंने अपने बयान में काफी निंदनीय और शर्मनाक बातें कही हैं। इन बातों से जहां पूरे विश्व के मुसलमान व अमन पसन्द नागरिकों को गम्भीर ठेस पहुंची है और वह बेचेन है। इस कारण जिला फिरोजाबाद में रह रहे मुसलमान एवं अमन पसन्द लोग नसिंहानंद व अन्य लोगों के द्वारा की गयी गलत बयानवाजी को राष्ट्रीय सुरक्षा की खातिर एक खतरा मानती है जो शान्ति और स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने महंत के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करते हुए देश द्रोह का मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने, आपत्तिजनक वीडियो को बिना किसी देरी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाए जाने, नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकने के लिये उच्चतम न्यायालय के दिशा निदेर्शों के अनुसार एक कानून बनाया जाये ताकि भविष्य में कोई व्यक्ति या समूह धार्मिक व्यक्त्वों या समुदायों की शांति व्यवस्था को नष्ट न कर सकने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हर धर्म का सम्मान करने की गारंटी देता है। ज्ञापन देने वालों में धर्म सिंह यादव, अब्दुल वाहिद, हवीव, मुहम्मद उस्मान, मुबारिक, आसिफ, मिर्जा निसार, शाहनवाज, उवैश आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जनपद में जल्द होगी विशाल महापंचायत:जिलाध्यक्ष

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । जनपद के किसानों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के संस्थापक चौ.महेंद्र सिंह टिकैत जी की पुण्यतिथि पर लखनऊ में आयोजित चिंतन शिविर / किसान महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में जिलाध्यक्ष प्रेम अतुल यादव के नेतृत्व में भाग लिया ।

जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया और बताया कि बाबा टिकेट साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उनके द्वारा जनपद में किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत साहब के सामने रखा और उन्हें बताया कि अधिकारी कई बार ज्ञापन पर वादाखिलाफी कर चुके हैं किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है । जिसके बाद उन्होंने जनपद में एक विशाल महापंचायत आयोजित करने के निर्देश दिए और किसानों को समस्याओं की जानकारी महापंचायत में लिखित रूप से ज्ञापन के माध्यम से उनके सामने प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए । जिलाध्यक्ष ने बताया कि संभवत नवंबर माह में महापंचायत आयोजित की जायेगी उन्होंने बताया कि महापंचायत की तैयारी के लिए किसानों व संगठन के पदाधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है ।

# बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर बांटे प्रमाण पत्र

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना । उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में वीरांगना लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण समारोह खण्ड शिक्षा अधिकारी जसराना भूपेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण नरेश कुमार शारीरिक शिक्षा अनुदेशक द्वारा पंजीकृत बालिकाओं को नियमित उपस्थित होकर प्रदान किया गया। बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में आत्मरक्षा हेतु मार्शल आट्र्स के गुर भी सिखाये गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने उपस्थित बच्चों को विपरीत परिस्थितियों में न घबराने व डटकर हर विपत्ति का सामना करने हेतु प्रोत्साहित भी किया। सफलतम प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं गीतिका, सारा ,संजना,नैना ,प्रतिज्ञा, खुशी, चांदनी आदि को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महेश चंद्र, रीना व अन्य विद्यालय स्टाफ के साथ अभिभावक नेमसिंह, रुमाल सिंह,सुभाष चन्द्र, वीरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह ,धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिला पर्यटन एवं संस्कृति की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का रोका वेतन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला पर्यटन एवं संस्कृत परिषद की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी इस बात पर खासे नाराज दिखें की कुछ अधिकारी इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित है, अनुपस्थित लोगों के वेतन रोकने के निर्देश उन्होंने जारी किए। उन्होंने कहा कि जनपद की एक ऐसी पुस्तिका बननी चाहिए, जिसमें जनपद के सभी पर्यटन स्थल उल्लेखित हो, जिससे आने वाले पर्यटक आसानी से जनपद के पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें और वहां पर जाकर भ्रमण कर सकें। इस पुस्तिका का निर्माण कुछ इस तरीके से हो जिसमें पौराणिक आध्यात्मिक जैसे सभी दर्शनीय स्थल अंकित हो। इस समय जनपद में पर्यटन विभाग की कुल 42 योजनाएं संचालित है, जिसमें तीन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है और बाकी सभी को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थल जहां पर ज्यादा भीड़ होती है वहां पर कॉरिडोर का निर्माण किया जाए, जिससे भगदड़ इत्यादि न होने पाए। उन्होंने कहा महत्वपूर्ण घाटों पर पर्यटन विभाग द्वारा लाइट बेंच और छायादार शेड का निर्माण किया जाए, जगह-जगह जनपद में पर्यटन स्थलों का साईनेज लगा होना चाहिए, जिससे पर्यटन स्थलों के बारे में दूर से ही जानकारी प्राप्त की जा सके। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पर्यटन स्थलों को ऐसे बनाएं जो लोगों को आकर्षित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी ने डीएम को दिया ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर कहा कि हम झोलाछाप की श्रेणी में नहीं आते। इसलिए हम लोगों का सरकार ध्यान रखे। हम सभी फामेर्सी काउन्सिग ऑफ इण्डिया से पंजीकृत हैं। सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे फार्मासिस्टों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि हम सभी रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट हैं। हम लोग फामेर्सी काउन्सिल ऑफ इण्डिया व उत्तर प्रदेश० स्टेट फामेर्सी काउन्सिल लखनऊ में पंजीकृत हैं। भारत सरकार ने जनवरी 2015 में पीपीआर (फामेर्सी प्रैक्टिस रेगूलेशन) 2015 एक्ट लागू कर दिया है। झोलाछाप डाक्टर अभियान के अन्तर्गत रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट को परेशान न किया जाए। जो सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। हम उसका समर्थन करते हैं और हम सभी फार्मेसिस्ट आपसे निवेदन करते हैं कि कुछ बेरोजगार फार्मासिस्ट अपना फार्मा क्लीनिक चलाते हैं। जहां वह फर्स्ट ऐड देने का कार्य करते हैं, जिससे गरीब जनता को अच्छे स्वास्थ्य सलाहकार मिल सकें और फार्मेसिस्ट संवर्ग का कल्याण हो सके तथा हम सभी को स्वरोजगार का अवसर मिल सके। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला महासचिव कुलदीप शर्मा, जिला संरक्षक सुशील यादव, ब्रजेश शर्मा, देवेश प्रताप सिंह, विष्णु बघेल, विपिन कुमार आदि शामिल रहे।

### पॉक्सो के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर/फिरोजाबाद। ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर पॉक्सो एक्ट के आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी है। थाना मक्खनपुर के पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित आलोक पुत्र सहपाल निवासी काशीराम कॉलोनी पचवान थाना नारखी को न्यायालय ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 10500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### मां राजराजेश्वरी कैला देवी की आरती समिति द्वारा निकाली गई पोशाक यात्रा




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। शारदीय नवरात्रि के पंचमी जो स्कंदमाता के रूप मे जाना जाता है, इसी क्रम में पोशाक यात्रा का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों द्वारा पालकी में श्री राजराजेश्वरी कैला जी की प्रतिमा को रख पूजा अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा राजेंद्र विश्राम गृह से प्रारम्भ होकर हनुमान रोड से सर्कुलर रोड से डाकखाने चौराहे से गंज मौहल्ला कोटला रोड होते हुए पथवारी माता मंदिर से रामलीला चौराहे से काठ बाजार से काली माता मंदिर हुए गाजे बाजे एवं माता रानी के भजनों को बजाते हुए कैला देवी प्रांगण में पहुंची।

समिति के साथ साथ और भी मईया के भक्त लंगुरिया भजनों पर थिरकते भक्ति में लीन हो होकर मईया के जयकारों से यात्रा की शोभा को बडाते नजर आए।

इस यात्रा में ओमप्रकाश गुप्ता जी, पीयूष, आनंद अग्रवाल, मुकेश वर्मा, आजाद सिंह, सौरभ, क्षेत्रपाल, आकाश दीपा, अंकित वर्मा, संजय वर्मा, सौरभ मित्तल, मनीष अग्रवाल, विनीत पांडे, अमन वर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### बाइक में घुसा सांप, मचा हड़कंप

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। सोमवार को तहसील जसराना में उस समय हड़कंप मच गया जब अचानक एक अधिवक्ता के बस्ते पर सांप निकल आया। सांप को भगाया तो वह एक बाइक में घुस गया। बाइक मलिक काफी देर तक सांप को निकालने के लिए मशक्कत करता रहा। सोमवार को वादकारी और अधिवक्ता अपने कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान बार एसोसिएशन के सचिव ब्रजकिशोर उपाध्याय के बस्ते पर सांप दिखाई दिया। सांप को देख चीख पुकार मच गई। मेज को उठाकर लोगों ने किसी तरह से सांप को भगाया। सांप वहीं पास में खड़ी बाइक में घुस गया। बाइक में सांप घुसने की पता लगने पर अन्य लोगों ने अपनी बाईकों को हटा लिया। वहीं तहसील में किसी कार्य से आया गौसपुर निवासी सुग्रीव बाइक में घुस सांप को निकालने के लिए मशक्कत करता दिखाई दिया। मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही। अधिवक्ताओं ने बताया कि सांप का बच्चा था।



# बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण पूर्ण होने पर बांटे प्रमाण पत्र

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना । उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में वीरांगना लक्ष्मीबाई बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत प्रमाण पत्र वितरण समारोह खण्ड शिक्षा अधिकारी जसराना भूपेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण नरेश कुमार शारीरिक शिक्षा अनुदेशक द्वारा पंजीकृत बालिकाओं को नियमित उपस्थित होकर प्रदान किया गया। बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में आत्मरक्षा हेतु मार्शल आट्र्स के गुर भी सिखाये गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने उपस्थित बच्चों को विपरीत परिस्थितियों में न घबराने व डटकर हर विपत्ति का सामना करने हेतु प्रोत्साहित भी किया। सफलतम प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बालिकाओं गीतिका, सारा ,संजना,नैना ,प्रतिज्ञा, खुशी, चांदनी आदि को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महेश चंद्र, रीना व अन्य विद्यालय स्टाफ के साथ अभिभावक नेमसिंह, रुमाल सिंह,सुभाष चन्द्र, वीरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह ,धर्मेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने की चार गौ तस्करों के विरुद्ध गैंग की कार्यवाही

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम के अन्तर्गत फिरोजाबाद पुलिस ने गौ तस्कर और गौ वध करने वाले गैंगलीडर नौसाद के गैंग को पंजीकृत किया गया। गैंग के कुल 04 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंग पंजीकरण की कार्यवाही की गयी है। गैंगलीडर नौसाद व गैंग के 03 साथियों पर विभिन्न जनपदों के थानों में संगीन अपराधों से सम्बन्धित दर्जनों अभियोग पंजीकृत हैं।

गैंग लीडर नौसाद पुत्र निसार निवासी मौहल्ला अफसरी इस्माइल पुर सरकारी काँलोनी थाना गुरसराय गंज जिला कन्नौज हाल निवासी भूरा के मकान में किराये पर अजमेरी गेट गली न0 25 थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 30 वर्ष और गैंग के अन्य सदस्यों में मुसीर पुत्र मौहम्मद शाह उम्र करीब 31 वर्ष निवासी हबीबगंज रहमानिया स्कूल के पास सैय्यद वाली गली थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 45 वर्ष, साबिर पुत्र रफीक निवासी 30 फुटा रोड गली न0 5 थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद उम्र करीब 31 वर्ष और आमीन पुत्र मोहम्मद शाह निवासी हबीबगंज रहमानिया स्कूल के पास सैय्यद वाली गली थाना रामगढ जाल फिरोजाबाद उम्र करीब 24 वर्ष है।

# एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में हुआ डीएपी का वितरण



**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना। डीएपी लेने के लिए सोमवार को साधन सहकारी समितियों पर किसानों की भीड़ उमड पडी। किसानों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए। पुलिस की मौजूदगी के बाद भी कई जगह हंगामे जैसे हालात बने रहे। साधन सहकारी समिति पारौली पर एसडीएम एवं सीओ ने टोकन देकर डीएपी का वितरण कराया।

तहसील के सामने मौजूद साधन सहकारी समिति जसराना खास एवं पारौली पर किसानों की भीड़ उमड पडी। किसानों की भीड़ को देखकर मौजूद सचिव एवं कर्मचारियों के हाथ पैर फूल गए। सूचना एसडीएम को दी तो एसडीएम ने सीओ जसराना एवं पुलिस फोर्स को बुलवा लिया। एसडीएम ने खुद टोकन का वितरण कर डीएपी का वितरण कराया। इस दौरान किसानों ने कहा बाजार में महंगी दर पर डीएपी मिल रही है। वहीं डीएपी के साथ अन्य सामान भी लेने पर मजबूर किया जा रहा है। सरकारी समितियों पर डीएपी लेने के लिए मशक्कत करनी पड रही है। किसानों ने कहा गैंहू, सरसो एवं आलू की फसल की बुबाई के लिए डीएपी की जरूरत है। पाढ़म में भी डीएपी बिक्री केंद्रों पर किसानों की भीड़ लगी रही।

# डीएपी की कमी जनपद में नहीं होने दी जाएगी : जिलाधिकारी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । जनपदों में सहकारी समितियों व निजी विक्रेताओं द्वारा उर्वरकों के वितरण के संबंध में मिली शिकायत पर जिलाधिकारी ने क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त व सहायक निबंध सहकारिता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सहकारी समिति कोटला भागीपुर पर डीएपी का वितरण कृषको को कराया जा रहा है, समिति पर कुल 600 बैग डीएपी प्रेषित हुई जिसमें से 590 बैग 100 कृषकों को वितरण कराये जा चुके थे। जिलाधिकारी रमेश रंजन द्वारा ज्यादा कृषकों को समान रूप से वितरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। सहकारी समिति नारखी पर भी डीएपी का वितरण कराया जा रहा था। जिलाधिकारी द्वारा उर्वरक क्रय कर रहे किसको से वार्ता की गई, व बताया गया कि डीएपी की कमी नहीं होने दी जाएगी। राजकीय कृषि बीज भंडार नारखी पर जिलाधिकारी द्वारा 30 कृषकों को निशुल्क सरसों मिनी किट प्रजाति (पूसा सरसों-32) वितरित किए गए। आईएफएफडीसी केंद्र बच्चगांव पर 75 बोरी डीएपी उपलब्ध पाई गई, बिक्री रजिस्टर का अवलोकन किया गया सूचनाएं अपूर्ण व सही नहीं पाए जाने पर विक्रेता को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया। जेडी इंटरप्राइजेज बच्चगांव पर बिक्री रजिस्टर न दिखाएं जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई, व जिला कृषि अधिकारी को संबंधित विक्रेता की जांच कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अवैध तमंचा सहित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

## अभियुक्त पर एक दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।**

फिरोजाबाद। सिरसागंज पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त शशिया को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर शशिया उर्फ शशी कपूर पुत्र अन्तराम निवासी गिहार कालोनी थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद को अमर कोल्ड स्टोर के पास स्थित बम्बा की पुलिया सिरसागंज पर अवैध तमन्चा और एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मिशन शक्ति के तहत बच्चियों और महिलाओं को किया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**



जसराना : मिशन शक्ति के अंतर्गत सोमवार को स्थानीय विद्यालय और गांव में मिशन शक्ति के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला पुलिस अधिकारी रकयोगिता सिंह ने बच्चियों को आत्मरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

जसराना के अजब सिंह इंटर कॉलेज मे आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित रहने के तरीके सिखाना था। रक योगिता ने कहा, ₹आत्मरक्षा केवल शारीरिक कौशल नहीं है, बल्कि यह मानसिक दृढ़ता और आत्म-विश्वास से भी जुड़ी है।

कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों और वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चियों को आत्मरक्षा के बेसिक टेक्निक्स सिखाए गए। इसके साथ ही, उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी गई, जैसे कि महिला हेल्पलाइन 1090, और चाइल्ड हेल्पलाइन सहित और भी हेल्पलाइन नंबर दिए । वही गांव नगला मुरली मे एस आई योगिता ने महिलाओ को बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या हिंसा के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना, जो महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा।

इस अवसर पर एस आई शिव सेवक बाजपेयी, एस आई सुमित सिंह,का0 शैली राघव,का0 रोहित कुण्डू और का0 सद्दाम हुसेन आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# विधुत बिल अधिक निकलने से उपभोक्ता परेशान एसडीओ से की गई शिकायत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**मसवासी।** विधुत उपभोक्ताओं के विधुत बिल अधिक निकालने से विधुत उपभोक्ता परेशान है ग्राम पंचायत सदस्य व ग्रामीणो ने एस डी ओ से शिकायत की है । बिल निकालने वाले एम आर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अलीगंज निवासी ग्राम पंचायत सदस्य मोहम्मद यूसुफ मलिक व विधुत उपभोक्ता मंजूर अहमद ने एस डो ओ सहित जिला अधिकारी से की शिकायत मे कहा है कि अलीगंज गांव मे विधुत बिल निकालने वाला एम आर गांव अलीगंज मे विधुत बिल निकालने नही जाता घर बैठे ही विधुत उपभोगताओ के बिल निकाल देता विधुत उपभोगताओ का आरोप है कि मिटर मे यूनिट कम होते है ओर यह एम आर घर बैठे ही बिल अधिक यूनिट का बना देता है जिसकी वजह से विधुत उपभोगता परेशान है इसकी शिकायत अलीगंज निवासी ग्राम पंचायत सदस्य मोहम्मद यूसुफ मलिक, व विधुत उपभोगता मंजूर अहमद ने स्वार एस डो ओ विधुत व जिला अधिकारी से कर बिल निकालने वाले एम आर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# डीएम व एसएसपी ने शेखपुरा के गणमान्य लोगों के साथ की शान्ति समिति की बैठक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** आज जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सजवान व एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव शेखपुरा कदीम के गणमान्य लोगों के साथ की शान्ति समिति की बैठक की। इसके पश्चात जिलाधिकारी व एसएसपी ने पूरे इलाके का दौरा किया। बता दें कि गतरोज यहां ज्ञापन देने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस चैकी पर जमकर पथराव किया। जिसके चलते आज पुलिस ने इस पूरे इलाके के लोगों के साथ की शान्ति समिति की बैठक की और सभी को भविष्य में इस प्रकार की हरकत न करने की कड़ी हिदायत दी। साथ ही मीडिया को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने बताया कि करीब 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और करीब तीस लोगों को वीडियोग्राफी की फुटेज के आधार पर चिन्हित किया गया है इन सभी लोगों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं गिरफ्तार किए गए सभी उपद्रवियों को आज सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# पैगम्बर मौहम्मद साहब पर विवादित टिप्पणी के खिलाफ गंगोह में शान्तिपूर्वक विरोध प्रदर्शन

संवाददाता,आजाद खान



**गंगोह।** महंत यति नरसिंहानंद द्वारा हाल ही में दिए गए विवादित बयान ने मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को भड़का दिया है जिससे देश भर में आक्रोश फैला हुआ है। उनके बयान को न केवल मुस्लिम समाज ने नकारा है, बल्कि विभिन्न धर्मों के अमनपसंद लोग भी इसे निंदनीय बता रहे हैं। यति नरसिंहानंद के भड़काऊ बयान के खिलाफ गंगोह में हजारों लोगों ने उपजिलाधिकारी नकुड़ को ज्ञापन देकर सख्त कारवाई की माँग की है। बता दें कि महंत नरसिंहानंद द्वारा पैगम्बर मोहम्मद और कुरान के खिलाफ विवादित बयान दिया गया था जिससे मुसलमानों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। इसी कड़ी में वरिष्ठ समाजसेवी इरफान अलीम कुरैशी एवं गंगोह के उलेमाओं के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिपूर्वक विरोध जताते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नकुड़ उपजिलाधिकारी संगीता राघव को देकर यूएपीए के तहत कारवाई करने की माँग की है। प्रदर्शन कर रहे वरिष्ठ सपा नेता इरफान अलीम कुरैशी, हाजी सलीम कुरेशी, सलमान सय्यद, सरफराज खान, मोहम्मद आजम, उस्मान, इंतजार, फरमान, जुल्फाम व मौके पर मौजूद उलेमा और सैंकड़ों लोगों ने सख्त से सख्त सजा देने की मांग की है। उन्होंने माँग की है कि सोशल मीडिया से ऐसी सभी वीडियो को तत्काल हटाया जाए और दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# मदरसा प्रकरण पर गंदी राजनीति करने वालों की पार्षदों ने की निंदा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** पार्षदों के एक दल ने बैठक आयोजित कर मदरसा प्रकरण व चप्पल प्रकरण पर गंदी राजनीति करने वालों की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि मदरसा प्रकरण और चप्पल प्रकरण को एक हफ्ते पहले ही निपटा दिया गया था और वार्ड पार्षद द्वारा माजरात की चिट्ठी भी मदरसे को भिजवा दी गई थी। चप्पल प्रकरण भी शहर के जिम्मेदार औसाफ गुड्डू और मसूद बदर द्वारा निपटा दिया गया था।

मेला गुघाल के कार्यक्रमों में व्यस्तता के कारण पत्र थाने में नहीं पहुंचा था। कुछ लोग सस्ती शोहरत पाने के लिए गंदी राजनीति कर मदरसे का नाम जबरदस्ती घसीट रहे हैं,जिसकी हम सभी घोर निंदा करते हैं। पार्षदों के दल ने कहा कि कुछ लोग सस्ती शोहरत पाने के लिए गंदी राजनीति कर रहे हैं मदरसा नाला प्रकरण और चप्पल प्रकरण एक हफ्ते पहले ही खत्म हो गया था। मीटिंग में पार्षद अहमद मलिक, सईद सिद्दीकी, समीर अंसारी पार्षद, मंसूर बदर पार्षद, इजहार मंसूरी पार्षद, गुलजेब खान पार्षद, आसिफ पार्षद, जफर अंसारी पार्षद मौजूद रहे।

# पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार



नाजिम अहमद नेशनल एक्सप्रेस

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा वांछित और एनबीडब्ल्यू वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ के कुशल नेतृत्व में कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त बाबर और शाहिद पुत्रगण जमील निवासी मौहल्ला बंजारान रामपुर मनिहारान को उनके घर से गिरफ्तार किया और एक रिकवरी वारंटी अभियुक्त नसीर अहमद पुत्र शब्बीर निवासी मौहल्ला केवट टाउन कस्बा अम्बेहटा पीर थाना नकुड़ को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उपरोक्त तीनों वारंटियों को विधिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए।

# गुस्ताख-ए-नबी नरसिंहानंद के खिलाफ गंगोह में प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**गंगोह।** महंत यति नरसिंहानंद द्वारा हाल ही में दिए गए विवादित बयान ने मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को गहरी चोट पहुंचाई है, जिससे देश भर में आक्रोश फैला हुआ है। उनके बयान को न केवल मुस्लिम समाज ने नकारा है, बल्कि विभिन्न धर्मों के अमनपसंद लोग भी इसे निंदनीय बता रहे हैं।

विरोध प्रदर्शनकारियों का कहना है कि महंत नरसिंहानंद का उद्देश्य देश की शांति और भाईचारे को समाप्त कर सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना है। महंत नरसिंहानंद द्वारा पैगम्बर मोहम्मद और कुरान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने पर एडवोकेट नौशाद भाटी, एडवोकेट मेहताब गुर्जर, आसिफ, साबिर, सोनीम आदि के नेतृत्व में गंगोह में लखनौती रोड़ से मेटाडोर स्टैंड तक समाज के लोगों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने नरसिंहानंद के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की माँग की।

विरोध के दौरान महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन भी क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता एवं थाना प्रभारी हृदय नारायण सिंह को सौंपा गया। सोशल मीडिया पर गाजियाबाद के एक मंदिर के महंत नरसिंहानंद की विवादित वीडियो वायरल हो रही है, जिसमें उनकी टिप्पणी से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इससे समुदाय में गहरा आक्रोश फैला हुआ है। लोगों का कहना है कि नरसिंहानंद सरस्वती गिरी बाबा लगातार भड़काऊ बयान देकर देश में सांप्रदायिकता और अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने इस मुद्दे को गंभीर मानते हुए माँग की है कि सोशल मीडिया से ऐसी सभी वीडियो को तत्काल हटाया जाए और दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यति नरसिंहानंद के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सांप्रदायिकता फैलाने के आरोप शामिल हैं। नरसिंहानंद के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कठोर से कठोर कार्रवाई की जाने की माँग की है। जिससे कि ऐसे आपत्तिजनक तत्वों पर लगाम लग सके और भविष्य में कोई किसी भी धर्म विशेष के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही, जो देश में शांति, समता और अखंडता बनाए रखने की अपील कर रहे थे।

# पंचम दिन हुई स्कंद माता की पूजा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

■ घंटे घडियालों से मंदिर रहे गुंजायमान, महिलाओं ने किया डांडिया नृत्य

**देवबंद।** शारदीय चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन माँ भगवती के पंचम स्वरूप स्कंद माता की पूजा अर्चना की। श्री विष्णु भगवान मंदिर में महिला मंडल ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए साथ ही महिलाओं ने जमकर डांडिया नृत्य किया। सोमवार को सिद्धपीठ श्री त्रिपुर माँ बाला सुंदरी देवी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि स्कंदमाता की उपासना से बालरूप स्कंद भगवान की भी स्तुति होती है। भक्तों ने माँ बाला सुंदरी के अलावा मंदिर परिसर में अन्य पवित्र देव स्थलों पर भी जाकर पूजा-अर्चना करते हुए परिवार में सुख समृद्धि के लिए कामना की। वहीं, नगर के विष्णु चैक स्थित मंदिर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया,जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमें। इस दौरान महिलाओं ने पीले और लाल रंग के वस्त्र पहन कर डांडिया नृत्य भी किया। सोनिया बंसल, रीमा बंसल, पूनम पुंडीर, छवि बंसल, पूनम अग्रवाल, रुचि कंसल, कीर्ति वर्मा, प्राची बंसल, रजनी गुप्ता, राधिका अग्रवाल, दीपा बंसल, पल्लवी बंसल, कल्पना कौशिक आदि मौजूद रहीं।

# नवरात्र उत्सव में जमकर डांडिया पर झूमी महिलाएं, छंद गाकर मां दुर्गा का किया गुणगान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**अमरोहा ।** नवरात्र के अवसर पर शहर में माता रानी की आराधना सभी अपने-अपने अंदाज में कर रहे हैं।आराधना का एक अंदाज गरवा उत्सव में भी नजर आ रहा है सामाजिक संगठनों द्वारा पारंपरिक तरीके से गरवा किया जा रहा है अपनी संस्कृति की झलक के लिए गरबा उत्सव में सभी देवी गीतों व गरबा गीतों पर झूमते गाते माता की स्तुति कर रहे हैं सोमवार को श्री हरि कीर्तन ग्रुप द्वारा आरजू एन्क्लेव में पूजा माहेश्वरी के निवास स्थान पर नवरात्र उत्सव मनाया गया। नवरात्र उत्सव के दौरान सखियों ने मां दुर्गा के छंद गाकर उनका गुणगान किया जिसमें सभी ने अंबे तू है जगदंबे काली भजन से कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही दीपक डांडिया से मां जगत जननी की आराधना की। और बाद में सामूहिक रूप से डांडिया किया। श्री हरि कीर्तन ग्रुप की सखियों ने माता रानी की पूजा अर्चना कर सबकी भलाई की कामना की। इस दौरान नीता महेश्वरी पूजा माहेश्वरी, वर्षा माहेश्वरी, शालू माहेश्वरी, शिल्पा माहेश्वरी, योगेश माहेश्वरी, सोनिया सिंह, डिंपल डावर, अपर्णा अग्रवाल, गौरी गुप्ता, गुंजन माहेश्वरी, प्रभा माहेश्वरी, सोनल माहेश्वरी, सोनी महेश्वरी,रेशु माहेश्वरी,प्रिया माहेश्वरी,नीरू अग्रवाल , डोली अरोड़ा, ज्योति माहेश्वरी, ईशिता माहेश्वरी आदि मौजूद रही।

# पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटे : शफीक अहमद अंसारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**रामपुर ।** अपना दल एस जनपद रामपुर की मासिक समीक्षा बैठक पार्टी के सिविल लाइंस निकट विकास भवन स्थित कार्यालय पर हुई ।वैठक में मुख्य अतिथि पार्टी के पश्चिम उत्तर प्रदेश के नव नियुक्त प्रभारी एवं विधायक स्वार शफीक अहमद अंसारी का वैठक में पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने फूल मालाएं पहनाकर और वुके भेटकर स्वागत किया ।वैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए विधायक शफीक अहमद अंसारी ने कहां कि वह पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में हर जनपद में जाकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ वैठक करेंगे और सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाए और वूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करे ।वैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने कहां कि सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा की जानकारी लोगों को दे और अपना दल एस पार्टी का सदस्यता अभियान चलाकर वडी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराये ।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मोहन लाल फौजी, चौधरी महेंद्र सिंह, जिला महासचिव जसवंत पटेल, अमित्रजीत संधू, याकूब एडवोकेट, जिला कोषाध्यक्ष जीवेंदर गंगवार,जिला सचिव रामरतन लाल सागर, हाजी महवूव,शकील अंसारी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच नवी अहमद मंसूरी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष महिला मंच पिंकी गौतम, जिला अध्यक्ष शिक्षक मंच कमल पटेल, जिला अध्यक्ष श्रमिक मंच तोताराम सागर,विधानसभा अध्यक्ष स्वार टांडा शरीफ जमील, विधानसभा अध्यक्ष चमरऊआ महवूव अली पाशा, विधानसभा अध्यक्ष युवा मंच आलमगीर अंसारी, जिला महासचिव अल्पसंख्यक मंच ठाकुर नूरूल हसन,आरिफ प्रधान,मुन्सफ अली प्रधान अनीस प्रधान सरदार करनदीप सिह आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं दी मिशन शक्ति के बारे में जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



**गजरौला।** मिशन शक्ति पंचम चरण के अर्न्तगत नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में पुलिस प्रशासन के सहयोग से महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।, जिसमें कोतवाली गजरौला से पहुंची महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि मिशन शक्ति प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक वृहद योजना है, जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए है। शासन द्वारा महिला सुरक्षा के लिये महिला हेल्पलाइन की सुविध दी गई है, जिस पर किसी भी परेशानी के समय में महिलाएं अपनी सूचना दे सकती हैं। पुलिस प्रशासन महिला सुरक्षा के लिये पूरी तरह से तत्पर है। कोतवाली से एसआई सैंसरपाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक संजोग तोमर, हेड कांस्टेबल अनु पवार, बाल कल्याण विभाग से ममता दुबे व करूणा निधि ने विचार व्यक्त किए। प्रधनाचार्य पीजी गोस्वामी ने कार्यक्रम में आमंत्रित सभी महिला पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। उन्हें मिशन शक्ति से जुड़ी हुईं जानकारियां प्रदान कीं और विषम परिस्थितियों में भी जुझारू रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्टॉपफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# विश्व बंधु अकेडमी के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन कर लूटी वाहवाही



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश रूरल अमोच्यूर गैम्स एसोसिएशन द्वारा आईएफटीएम युनिवर्सिटी में 'ओपन स्टेट टूनार्मेंट' का आयोजन किया गया, टूनार्मेंट में विश्व बंध अकादमी के तीन छात्रों ने एथेलेटिक के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन किया और वाहवाही लूटी। छात्रा सत्यम कुमार ने लम्बी कूद, 100 मीटर एवं 200 मीटर रेस में स्वर्ण पदक, अंश धरीवाल ने 200 मीटर में स्वर्ण पदक, 100 मीटर में रजत पदक एवं दिशांत ने 200 मीटर एवं 300 मीटर रेस में स्वर्ण पदक, लम्बी कूद में रजत पदक प्राप्स कर विद्यालय परिवार एवं कोच राजन धरीवाल का मान बढ़ाया। प्रबंध्क मोहित बंधु व प्रधनाचार्य परवेन्द्र सिंह व वरिष्ठ शिक्षक कावेंद्र सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# खिलाड़ी लक्ष्य निर्धारित कर कड़ा परिश्रम करें: नगरायुक्त

## नगरायुक्त ने स्टेडियम पहुंचकर कबड्डी खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चैहान ने आज अम्बेडकर स्टेडियम पहुंचकर कबड्डी मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए निरन्तर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में कबड्डी की उ.प्र. सब जूनियर बालक प्रतियोगिता की जानकारी होने पर नगरायुक्त संजय चैहान आज सुबह स्टेडियम पहुंचे और अमेठी व आगरा टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दोनों टीमों के बीच उस समय सेमी फाइनल खेला जा रहा था। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना व कोच लाल धर्मेन्द्र ने उनका स्वागत किया। नगरायुक्त संजय चैहान ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि हार-जीत बड़ी बात नहीं है, विशेष ये है कि आप खेलने के लिए मैदान में उतरे है। जब तक मैदान में उतरेंगे नहीं तो जीतेंगे कैसे। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि सबको जीत नहीं मिलती लेकिन इससे निराश या हताश होने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि और अधिक परिश्रम के साथ अपनी तैयारी करिये। उन्होंने कहा कि याद रखिये जीत का रास्ता हार के गलियारे से होकर जाता है। हार, हमें और बेहतर करने तथा जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ाती है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ा परिश्रम करने का भी परामर्श दिया।

# फ्लोर पर दोबारा पानी न आने पाऐ :सीईओ

## बैडमिंटन हॉल का स्मार्ट सिटी सीईओ ने किया निरीक्षण

डॉ. मुस्तकीम राव



**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त संजय चौहान ने आज अम्बेडकर स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था यूपी पैक फैड को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्मार्ट सिटी अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैडमिंटन हॉल का फ्लोर फूल जाने की शिकायत खिलाड़ियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किये जाने पर आज सीईओ स्मार्ट सिटी संजय चैहान ने बैडमिंटन हॉल का निरीक्षण किया और फ्लोर फूलने का कारण जानना चाहा। अधिकारियों ने बताया कि जुलाई में आई भीषण बारिश से स्टेडियम में जल भराव हो जाने के कारण पानी भीतर बैडमिंटल हॉल में भी पहुंचकर फ्लोर पर फैल गया था। जिससे एक स्थान पर फ्लोर की लकड़ी फूल जाने से समस्या पैदा हो गयी थी। उन्होंने कार्यदायी संस्था पैक फैड को फ्लोर की लकड़ी के ज्वाइंट पर हॉट एयर बलोअर लगाकर लकड़ी को सुखाने तथा दोबारा पानी उसमें आने न पाए, इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासनिक भवन और बैडमिंटन हॉल के गेट पर रैम्प बनाने को भी कहा ताकि पानी भीतर प्रवेश न कर सके। उन्होंने कार्यदायी संस्था को युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए दो-तीन दिन के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। यूपीपीसीएल के सहायक परियोजना अधिकारी आकाश चौधरी ने सीईओ चौहान को बताया कि छत का सब कार्य पहले ही पूरा कराया जा चुका है, सभी शीशे ठीक से लगवा दिए गए हैं तथा बैडमिंटन हॉल में छत के निकट पीछे से पक्षियों के आने वाले स्थान पर जाली लगवा दी गयी है। जूडो हॉल में कूलर भी लगवाये जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता निर्माण बी.के. सिंह, जीएम दिनेश सिंघल, पैक फैड के परियोजना प्रबंधक संदीप इन्दौरिया तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# इनामी डकैत बाबर का एनकाउंटर,एसटीएफ और पूर्णिया पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया

नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार



**पटना(बिहार)।** पूर्णिया पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात 3 लाख का इनामी डकैत बाबर एनकाउंटर में मारा गया। पूर्णिया पुलिस और एसटीएफ की टीम ने अमौर थाना से महज डेढ़ किलोमीटर दूर स्टेट हाईवे के पास धान के खेत में एनकाउंटर में बाबर उर्फ आदिल किशनगंज जिला निवासी को मार गिराया ।सूचना मिलते ही एसपी कार्तिकेय शर्मा अमौर पहुंचे ।एसपी ने कहा कि 12:00 बजे प्रेस वार्ता कर जानकारी दी जाएगीं ।पुलिस सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार बाबर पूर्णिया,कटिहार,किशनगंज के अलावा बंगाल और यूपी में भी डेढ़ दर्जन से अधिक डकैती कांड को अंजाम दे चुका है ।उस पर कई जिलों में अपराधिक मामले दर्ज हैं ।बताया जा रहा कि रात में भी वह डकैती की योजना बना रहा था ।पुलिस और एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली ।इसके बाद घेराबंदी कर बाबर को मार गिराया गया। बाबर किशनगंज जिला का निवासी बताया जाता है ।फिलहाल उसे पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया लाया गया है।

# पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़,दो जवानों को लगी गोली,200 राउंड हुई फायरिंग

स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस

**रांची(झारखंड)।** लातेहार में पुलिस और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई है ।जिसमें 2 जवानों को गोली लग गई है ।आनन-फानन में दोनों जवानों के इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है ।घायल जवानों की पहचान नरेंद्र पांडेय(पलामू)और राम सिंह सुरीन(चाईबासा)के रूप में हुई है ।सुरीन के दाहिने पैर के निचले हिस्से में इंसास की गोली लगी है जो फंसी हुई हैं।

### 200 राउंड हुई फायरिंग

जानकारी के अनुसार लातेहार थाना क्षेत्र के बोखाखार जंगल में सोमवार की सुबह पुलिस और उग्रवादी संगठन के बीच मुठभेड़ हुई ।जिसमें उग्रवादी संगठन जेजेएमपी और पुलिस के बीच 200 राउंड फायरिंग हुई।

चित्तौड़गढ़ जिले में मंगलवाड थाना पुलिस की कार्रवाई

# पचास हजार रुपये का ईनामी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार, सांचौर जिले के दो मुकदमों में वांछित है बदमाश



स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस

**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ जिले की मंगलवाड थाना पुलिस की टीम ने नाकाबंदी में एक प्राइवेट बस में सवार इनामी तस्कर सुरेश बिश्नोई पुत्र हरिराम विश्नोई(25)निवासी काठोल थाना सांचौर को गिरफ्तार किया है ।इसकी गिरफ्तारी पर पाली रेंज आईजीपी द्वारा पचास हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की हुई हैं।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले के विभिन्न मामलों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ व गिरफ्तारी के निर्देश पर एएसपी परबतसिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी बडीसादडी डॉ.कृष्णा सामरिया के सुपरविजन एवं थानाधिकारी मंगलवाड़ रामसिंह के नेतृत्व मे हैड कांस्टेबल भैरूलाल,कांस्टेबल राकेश,गजेन्द्र व दिलीप सिंह द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की जा रही थी ।इसी दौरान पार्श्वनाथ बस की चैकिंग के दौरान एक सन्दिग्ध व्यक्ति मिला ।जिससे नाम पता पूछा तो पहले बाडमेर का रहने वाला बताया और पुलिस जाब्ता को चकमा देकर भागने का प्रयास किया ।जिसको बड़ी मुश्किल से पकड़ा एवं तसल्लीपूर्वक नाम पता पूछने पर अपना नाम थाना सांचौर निवासी सुरेश विश्नोई बताया ।जिसे शांति भंग करने पर गिरफ्तार किया गया ।सुरेश विश्नोई के बारे में थानाधिकारी थाना सांचौर से संपर्क कर मालूम किया तो सुरेश विश्नोई के विरूद्ध थाना सांचौर पर एनडीपीएस एक्ट के 4 प्रकरण दर्ज होना का पता चला,जिसमें 02 प्रकरणों मे वांछित चल रहा है ।तलाश व गिरफ्तारी के लिए आईजी रेंज पाली द्वारा 50 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा कर रखी है ।उल्लेखनीय है कि 23 मई को थानाधिकारी हुकमाराम द्वारा आरोपी सुरेश बिश्नोई के घर पर दबिश देकर 6 किलो 870 ग्राम कोडिन ड्रग्स बरामद की गई थी ।तभी से आरोपी मौके से फरार हो गया ।उक्त अपराधी के लिए सांचौर व करडा पुलिस काफी समय से प्रयासरत थी जो काफी बदमाश प्रवृत्ति का होकर उक्त प्रकरण की घटना के बाद से अपने ठिकाने पते बदलता रहा था।

# हथियार छोड़ मुख्यधारा से जुड़े युवा:केंद्रीय गृह मंत्री,अमित शाह

नक्सलवाद के खिलाफ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की रणनीति की हुई सराहना, छत्तीसगढ़ के सफल नक्सल ऑपरेशन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने की तारीफ







- देश के नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की हुई बैठक

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

**नई दिल्ली।** देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में जारी नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों पर एक अहम बैठक आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित की गई ।इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की,जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया ।इस महत्वपूर्ण बैठक का केंद्र बिंदु छत्तीसगढ़ का हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ नक्सल विरोधी ऑपरेशन था,जिसमें राज्य की पुलिस ने 31नक्सलियों को ढेर किया ।इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ पुलिस की कुशल रणनीति और राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता पर विशेष चर्चा की गई ।बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा,केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय तथा छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे ।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी टीम के प्रयासों की प्रशंसा की ।उन्होंने कहा कि इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों ने लगभग 194 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराए हैं ।वहीं 801नक्सली गिरफ्तार हुए एवं 742 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है ।उन्होंने कहा आज भी जो युवा नक्सलवाद में लिप्त है उनसे आग्रह है कि हथियार छोड़ कर मुख्य धारा से जुड़े ।सभी राज्यों ने आपके पुनर्वास के लिए बेहतर योजनाएं बनाई हैं उसका फायदा लीजिए ।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में नक्सल ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी ।उन्होंने बताया कि कैसे राज्य पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने महीनों की मेहनत और प्लानिंग के बाद इस ऑपरेशन को अंजाम दिया ।आ-ॅपरेशन में करीब 1000 जवान शामिल थे,जिन्होंने 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित गवाड़ी पहाड़ को घेरकर 31 नक्सलियों को ढेर किया ।इस ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली नेता मारे गए,जिनमें 16 पर कुल 1करोड़ 30 लाख का इनाम घोषित था ।मुठभेड़ में 18 पुरुष और 13 महिला नक्सली मारे गए ।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि कैसे राज्य की पुलिस फोर्स ने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया ।मुख्यमंत्री ने बैठक में केवल ऑपरेशन की सफलता पर ही नहीं,बल्कि राज्य में चल रहे विकास कार्यों पर भी विस्तार से जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति बढ़ाई गई है ।हम निरंतर गांवो तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचा रहे हैं,जिसमें शिक्षा,स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लगातार मिल रहे मार्गदर्शन में हमने माओवादियों के कोर को तोड़ा ।ऐसे एरिया में हमने 32 नये कैम्प स्थापित किये हैं,जिसे वो अपनी राजधानी तक कहते थे ।उनकी बटालियन के कमांडर हिड़मा के गांव में भी हमने कैंप स्थापित किया और उसकी मां को भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई ।ङ्घभविष्य की योजनाओं और लक्ष्य की दी जानकारीङ्घमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सरकार की आगे की योजनाओं पर भी चर्चा की ।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य नक्सलियों के बचे हुए गढ़ों को समाप्त करना और इन इलाकों में स्थाई शांति और विकास सुनिश्चित करना है ।निकट भविष्य में,दक्षिण बस्तर में 29 नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की जाएगी,ताकि नक्सलियों के प्रभाव को खत्म किया जा सके ।ङ्घकेंद्रीय गृह मंत्री ने कहा केंद्र हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्धङ्घकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में हुए सफल ऑपरेशन की तारीफ करते हुए अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे भी छत्तीसगढ़ की खुफिया तकनीकी और आपसी समन्वय के आधार पर अपने अपने राज्यों में ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं ।गृह मंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ सहित अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पूरा समर्थन देगी।

झालावाड़ जिले में थाना सारोला कला पुलिस की कार्रवाई

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार,करीब 140 किलो डोडा चूरा जब्त

स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस



**जयपुर/झालावाड़।** झालावाड़ जिले की सारोला कला थाना पुलिस ने अगस्त के दौरान एक अर्टिगा कर में सवार तस्कर रणधीर विश्नोई पुत्र मारु राम(28)निवासी हिमताणियो की ढाणी सिरमण्डी थाना ओसिया जिला जोधपुर ग्रामीण को गिरफ्तार कर सात कट्टों में भरा करीब 140 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त किया है ।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि सोमवार को एसएचओ सारोला कलां विजेंद्र सिंह मय टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान ओम किसान सेवा केंद्र के सामने देर रात एक तेज गति से आ रही कार में सवार एक व्यक्ति दूर से ही पुलिस को देख चलती कार से कूद कर भाग गया ।जैसे ही कार पुलिस गाड़ी के पास आई,उसे चारों ओर से घेर कर रोका गया ।कार चला रहे व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम रणधीर बिश्नोई निवासी ओसियां और भागने वाले का व्यक्ति का नाम राकेश होना बताया ।कार के अंदर सात कट्टे रखे हुए थे,जिसमें अवैध डोडा चूरा भरा हुआ था ।सभी कट्टों में कुल 139 किलो 600 ग्राम डोडा चूरा भरा था ।पुलिस ने अवैध डोडा चूरा सहित कार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।अग्रिम अनुसंधान थाना अधिकारी पनवाड़ द्वारा किया जा रहा है।

# गिरिडीह पुलिस ने पंजाब से आए 70 लाख का ब्रांडेड शराब किया जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ



**रांची(झारखंड)।** गिरिडीह पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है और पंजाब से आये 70 लाख के ब्रांडेड कंपनी के शराब से लोड ट्रक को गिरिडीह के धनवार के घोड़थंबा ओपी की पुलिस ने जब्त किया है ।आपको बताये कि ट्रक में 631पेटी शराब लोड था और पंजाब से घोड़थंबा इलाके के ईटाचांच मोड में एक अर्धनिर्मित मकान के समीप खड़ा था और उसी मकान में डंप हो रहा था ।इस दौरान ओपी पुलिस ने ट्रक से दो ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है ।पुलिस ने जब गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ किया,तो तस्करों ने बताया कि वो पंजाब के तरण तारन के व्लाचक थाना इलाके के 95 हाउस के रहने वाले जसवीर सिंह और पंजाब के ही अमृतसर के रानागार्डन इलाके के रहने वाले सरदार हरदेव सिंह है ।दोनों को पंजाब से घोड़थंबा इलाके में 70 लाख के अवैध शराब से लोड 631पेटी शराब को पहुंचाने को कहा गया था और वो शराब लोड ट्रक को रविवार को लेकर गिरिडीह पहुंचे,जहां इस अर्धनिर्मित मकान में डंप किया जा रहा था, लेकिन शराब के इस स्टॉक का मालिक कौन है और इस मकान में किसके इशारे में डंप होना था ।इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं मिली है ।इधर एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि एसपी डॉक्टर विमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर घोड़थंबा पुलिस ने एसडीपीओ के नेतृत्व में कार्रवाई किया और शराब के इस बड़े अवैध स्टॉक को जब्त किया ।एसडीपीओ की माने तो शराब के इस अवैध स्टॉक को फेस्टिवल और आगामी चुनाव को देखते हुए मंगाया गया था ।लेकिन इसे पहले ही एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस को बड़ी सफलता मिली।

# मतदान केंद्र पर बने प्रत्याशियों के शिविर में उनका प्रतीक चिन्ह अथवा झंडे लगाना सख्त रूप से प्रतिबंधित : के .रवि कुमार

स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार



**रांची(झारखंड)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में सभी प्रत्याशियों के लिए समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विधानसभा निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले खर्च की सीमा 40 लाख रुपए तक की राशि तय की गई है ।इसके साथ ही स्वच्छ,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी प्रत्याशी एवं राजनैतिक दल तय निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपने निर्वाचन व्यय का ब्योरा संबंधित पदाधिकारी कार्यालय को ससमय उपलब्ध कराएंगे ।वे आज सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए निर्वाचन व्यय से संबंधित जानकारी दे रहे थे ।श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से संबंधित मतदान केंद्र परिसर के 200 मीटर की परिधि के बाहर ही उम्मीदवारों के इलेक्शन बूथ रहने हैं। इलेक्शन बूथ में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इसके अंदर कोई खाद्य पदार्थ नहीं परोसा जाए,न हीं भीड़ की अनुमति दी जाएगी ।साथ ही किसी भी इलेक्शन बूथ में प्रत्याशियों के प्रतीक चिन्ह अथवा झंडे लगाना सख्त रूप से प्रतिबंधित है ।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केन्द्र परिसर के 200 मीटर की परिधि को चिन्हित किया जाना है ।यह भी जानकारी दि गयी की चुनाव के घोषणा के 72 घंटे के अन्दर सभी निजी स्थानों से पार्टी के झंडों को हटा लिया जाना है,इसके पश्चात नाम वापसी के बाद अभ्यार्थियों की सूची तैयार होने के पश्चात निजी स्थानों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का अनुपालन करते हुए झंडे लगाये जा सकते हैं ।इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन के दौरान होने वाले व्यय के आकलन एवं इससे संबंधित व्यय प्रतिवेदन जमा करने के प्रावधानों आदि विषयों पर बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# जहानाबाद में भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर किया हमला, 2 जवान की हालत गंभीर

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ

**पटना(बिहार)।** बिहार के जहानाबाद से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है,जहां मदद के लिए गई रैपिड एक्शन पुलिस यानी डायल 112 की पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया।

जिसमें टीम के कई जवानों को चोटें आयी है और 2 जवान ज्यादा घायल हो गए हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।

दरअसल,घायल पुलिस कर्मियों को रविवार की रात जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र के कोरा गांव में दुर्घटना होने की सूचना मिली। जिसके बाद 5 से 6 की संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे ।वहीं, दुर्घटनास्थल पर पहले से मौजूद कुछ लोगों ने अचानक से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया।

### देर से पहुंचने के कारण किया गया हमला

घटना के संबंध में जहानाबाद के पुलिस उपाधीक्षक रक्षित अशोक कुमार मेहता ने बताया कि इस घटना में हमारे पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं ।लेकिन दो जवानों को कुछ ज्यादा चोट लगी है,जिनका इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है ।पुलिस कर्मियों पर हुए हमले के पीछे का कारण पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि,भीड़ का यह आरोप था कि एक्सीडेंट की सूचना पाकर काफी देर से पुलिसकर्मी वहां पर पहुंचे ।जिससे आक्रोशित लोगों ने उन पर हमला कर दिया।

पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि,हम लोग सभी आरोपी व्यक्तियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करेंगे।

# रांची के सिनेमाघरों में रिलीज हुई नागपुरी फिल्म बेटी के चाहत ने फिल्म में पिता को बना दिया विलेन

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ




**रांची(झारखंड)।** राजधानी रांची के सिनेमाघरों में एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई है जिसे देखकर हर किसी की जुबां से तारीफ ही निकल रही है ।दरअसल नागपुरी फिल्म 'आई लव यू' जो की लव स्टोरी से रिलेटेड हैं ।इस फिल्म को कई सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है,साथ ही इस फिल्म में लव स्टोरी के साथ एक्शन से भी भरपूर है,जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म में सबसे खास बात यह है कि फिल्म की शुटिंग झारखंड में ही की गई हैं ।फिल्म के सभी सॉन्ग दिल को छू लेने जैसा है।

### फिल्म में क्या है स्टोरी

इस फिल्म में लीड रोल एक्ट्रेस अमृता पाल जो की नंदनी की किरदार में है,दरअसल नंदनी एक अमीर पिता की जिद्दी बेटी रहती है,फिल्म में लीड रोल के एक्टर विवेक नायक जो कि सुरज के किरदार में है,फिल्म में एक्ट्रेस के पिता अपनी बेटी से बहुत प्यार करते हैं,वह अपनी बेटी की चाहत में एक विलेन बन जाते हैं ।बता दें कि फिल्म में हीरोइन के परिवार को भोजपुरी का किरदार दिया गया है,जो हीरो झारखंड के एक नागपुरी घराने से हैं ।इस फिल्म में नंदनी और सूरज एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं,इन दोनों की लव स्टोरी नंदनी के पिता और भाई को पसंद नहीं आती है,जिसके बाद इन दोनों को अलग करने के लिए वे एक विलेन बन जाते हैं।

### मान सम्मान के लिए पिता को बनना पड़ा विलेन

फिल्म में नंदनी के पिता का रोल निभा रहे एक्टर युगांत पांडे अपनी बेटी से बहुत प्यार करते है,वे पुराने ख्यालात के रहते है,उनके लिए उनका मान सम्मान से बढ़ कर कुछ नही होता है ।दरअसल बेटी के चाहत में एक्टर युगांत पांडे विलेन बन जाते है,फिर फिल्म में एक्शन शुरू होता हैं ।बता दें कि एक्टर युगांत पांडे झारखंड के पलामू जिले से हैं ।उन्होंने बताया कि वे कई हिंदी फिल्मों में काम किया है,साथ ही उन्होंने कहा कि नागपुरी फिल्म में वे पहली बार काम कर रहें है जो उन्हें काफी पसंद आया।

# अररिया में 5 साल से छुपकर रह रहा था कथित बांग्लादेशी युवक

**भांड़ा फूटने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार, हुआ चौंकाने वाला खुलासा**

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ

- संदिग्ध व्यक्ति नगर थाना में पासपोर्ट संबंधित कार्य से पहुंचा था जहां स्थानीय पुलिस ने पंचायत के मुखिया से उसके लेटर पैड पर लिखवाकर स्थानीय निवासी होने का प्रमाण-पत्र मांगा

**पटना(बिहार)।** इन दिनों देश के अलग-अलग राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर पूरे देश में मुद्दा गरमाया हुआ है,वहीं इसको लेकर पक्ष-विपक्ष की ओर से आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है ।अब इसको लेकर बिहार के अररिया जिले से चौंकाने वाली खबर सामने आयी है,जहां पिछले 5 सालों से गुपचुप तरीके से रह रहे कथित बांग्लादेशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।आपको बताये कि ये पूरा मामला अररिया नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर कोदरकट्टी पंचायत के मरंगी टोला वार्ड संख्या 11का है। अररिया पुलिस को सूचना मिली कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर कोदरकट्टी पंचायत के मरंगी टोला वार्ड संख्या 11 में कथित बंगलादेशी नागरिक पिछले 5 सालों से रहता है ।इस बात की भनक तब लगी जब संदिग्ध व्यक्ति नगर थाना में पासपोर्ट संबंधित कार्य से पहुंचा था जहां स्थानीय पुलिस ने पंचायत के मुखिया से उसके लेटर पैड पर लिखवाकर स्थानीय निवासी होने का प्रमाण-पत्र मांगा ।जिसमें कथित बंगलादेशी नागरिक नवाब जब पंचायत के मुखिया पम्मी देवी के पास बीते शुक्रवार को कागज बनवाने पहुंचा तो उन्होंने छानबीन शुरू की ।साथ ही उन्हें पंचायत का स्थानीय निवासी नहीं होने का शक हुआ।

### पूछताछ में हुआ हैरान करने वाला खुलासा

वहीं शक होने पर इस बात की छानबीन करते हुए मुखिया पम्मी देवी ने अपने मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह को जानकारी दी ।उन्होंने पंचायत के वार्ड संख्या 11 के स्थानीय निवासी मंजूर मियां के घर तहकीकात करने पहुंचे,जहां उन्हें उक्त व्यक्ति के 5 से 6 साल पूर्व से रहने को सूचना प्राप्त हुई ।मुखिया प्रतिनिधि राजेश सिंह ने बंगलादेशी नागरिक नवाब से उसके कागजात मांगे तो मतदाता(वोटर आइडी)पहचान पत्र में नवाब के पिता की जगह पत्नी का नाम देखा गया ।शक गंभीर होने पर उसे पिता या अन्य परिजन का आधार मांगे,तो नवाब बिना कागजात मुखिया को दिखाए हुए शनिवार की सुबह में सरपंच प्रतिनिधि मो.वाजुद्दीन के पास पहुंच गया,जहां उन्होंने मुखिया प्रतिनिधि को जानकारी दी।

जब मुखिया प्रतिनिधि ने सरपंच के घर पर सख्ती के साथ तहकीकात करने लगे तो नवाब ने बताया कि वह बंगलादेश के चापा नवाबगंज जिला से 5 से 6 वर्ष पूर्व आए हैं ।कटिहार में मौसी के घर रहते थे ।इसके बाद कटिहार से रामपुर कोदरकट्टी पहुंचे ।इसके बाद पंचायत में 1.5 वर्ष पूर्व शादी किए हैं ।जिससे एक 9 माह की बच्ची है ।अब बंगलादेश जाना चाहते हैं ।साथ ही 8 दिन पूर्व बंग्लादेश जाकर अपनी मां से भी मिला है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

जब पंचायत के जनप्रतिनिधि ने उक्त संदिग्ध व्यक्ति से पूछा कि बंगलादेश से कैसे भारत पहुंचे तो उसे ने बताया कि 5 सौ से 1 हजार रुपये की राशि देने पर रास्ते में आनेवाली नदी पार करवा दी जाती है ।जिससे भारत आने में सहूलियत होती है ।इसके बाद सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस पंचायत पहुंचकर विदेशी नागरिक को कब्जे में लेकर नगर थाना ले आयी,जहां एएसपी सह एसडीपीओ रामपुकार सिंह ने पहुंचकर पूछताछ किया है ।नगर थाना में पुलिस व अन्य कई विभाग द्वारा गहन जांच जारी है।

## खबरें फटाफट

### जनपद में राई, तोरिया, चना, मटर एवं मसूर का मिनीकिट निःशुल्क राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता ने नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो प्रभारी कानपुर मण्डल को अवगत कराया कि वर्तमान समय में रबी फसलों की बुआई आरम्भ हो चुकी है। विभिन्न रबी फसलों का बीज जनपद के प्रत्येक विकास खंड के राजकीय कृषि बीज भंडार पर उपलब्ध कराया गया है द्वारा जिसमे राई, तोरिया, मटर, चना,एवं मसूर बीज का मिनीकिट (निःशुल्क) है । राई आजाद महक सी0एस0 356.00 कु0, तोरिया उत्तरा सी0एस 2.00 कु0, चना एच.सी-7-सी.एस. 272.00 कु0, मटर आई.पी.एफ.डी. 12-2 सी.एस. 45.00 कु0 एवं मसूर कोटा-3 सी.एस. 4.00 कु0 उपलब्ध है। इसके साथ ही चना मटर मसूर एवं जो प्रमाणित एवं आधारीय बीज बीज भी उपलब्ध है किसान भाई पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आधार कार्ड तथा खसरा/खतौनी के माध्यम से बीज मिनीकिट निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। जिन कृषकों का पंजीकरण upagricultre. com पर है, वही किसान राजकीय कृषि बीज भण्डार पर जाकर पी.ओ.एस. मशीन में अंगूठा लगाकर प्राप्त कर सकते हैं।

### पटाखों की दुकानों पर छापा सुरक्षा मानकों की जांच

उन्नाव। आगामी दिवाली पर्व को देखते हुए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने पटाखों की दुकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी (डीएम) के निर्देश पर सोमवार को प्रमुख बाजारों और क्षेत्रों में स्थित पटाखों की दुकानों की गहन जांच की गई। छापेमारी का उद्देश्य दुकानों में पटाखों के भंडारण और आग बुझाने के उपकरणों की स्थिति का जायजा लेना था, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। बता दे की अधिकारियों की टीम ने की दुकानों की गहन जांच अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव और नायाब तहसीलदार ने जिले के अब्बासपुर सहित प्रमुख बाजारों में पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दुकानदारों से लाइसेंस, भंडारण क्षमता, और सुरक्षा उपकरणों से संबंधित जानकारी मांगी गई। अधिकारियों ने दुकानों में मौजूद आग बुझाने वाले सिलेंडरों और अन्य सुरक्षा उपायों का भी निरीक्षण किया।

### शुक्लागंज के दुर्गा मंदिर में चमत्कार की तरह दूर होता है भक्तों का कष्ट



**कानपुर।** भक्ति, श्रद्धा और भाव के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं और अपने बच्चों के दुःख दूर करने के लिए मां दुर्गा भक्तों का दामन खुशियों से भरती आ रही हैं। खासकर, नवरात्रों पर मां की कृपा अपने भक्तों पर और भी अधिक बरसने लगती है और इस समयांतराल में जो भक्त मां की सच्चे मन से सेवा कर लेता है, उसे परम सुख प्राप्त होता है। ऐसा मानना है राजधानी मार्ग पर स्थित सिद्ध दुर्गा मंदिर के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का। श्रद्धालुओं की मानें तो मां के दरबार में खाली झोली लेकर आने वाले भक्त खुशियों से भरी झोली लेकर बाहर गए हैं। इतना ही नहीं मां ने अपने भक्तों को बड़ी-बड़ी मुसीबतों और कष्टों से यूं निकाल दिया मानों कोई चमत्कार हुआ हो। कालांतर के समय से शुक्लागंज में बना हुआ दुर्गा मंदिर जहां भक्त बहुत दूर-दूर से आते हैं भक्त मंदिर परिसर में चांदी के दरबार में विराजमान मां, चांदी के सिंहासन में बिराजी संतोष माता, दुर्गा माता का मठ व चांदी के सिंहासन में बिराजे गुरू जी और मंदिर के पट चांदी के बने हुए हैं।

लखनऊ कानपुर राजधानी मार्ग पर कानपुर से सटे शुक्लागंज में मां दुर्गा का भव्य दरबार है। जहां रोजाना सैकड़ो की संख्या में भक्तगण दर्शन करने के लिए आते हैं। नवरात्र के दिनों में यहां विशेष चहल-पहल होती है। पहले यहां पर मारवाड़ी समाज के भक्ति पूजा अर्चना करते थे। मंदिर में दर्शन के लिए देश के विभिन्न भागों से भक्तगण आ चुके हैं। सुबह से माता के दरबार में माथा टेकने ने वालों की भीड़ उमड़ने लगती है मां सभी की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति के प्रबंधक जंग बहादुर सिंह ने सोमवार को बताया कि विशाल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के मांगलिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

त्योहारों के दृष्टिगत अभियान चलाकर संग्रहीत किये जायें नमूने

# जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की हुई बैठक, दिये गये निर्देश




**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी, कानपुर देहात की बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि जनपद में बार-बार मिलावट करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विशेष रूप से खाद्य पदार्थ अचार, ब्रेड आदि के नमूने संग्रहीत किए जाये। जनपद में सचालित समस्त खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को शत-प्रतिशत लाईसेंस / पंजीकरण से आच्छादित किया जाये। अगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के अवसर पर विक्रय होने वाली रगीन मिठाईयों के नमूने लिए जायें तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं को अत्यधिक रंग का प्रयोग न करने के सम्बन्ध में एवं खाद्य पदार्थों के बेस्ट बिफोर आदि के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाये कि नियमित उपभोग वाली वस्तुओं की एक्सपायरी डेट जरूर देखे, जिस प्रकार से दवा इत्यादि को खरीदते हुए देखते है। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसे किसी खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचे, जिसकी तिथि एक्सपायर हो गयी हो। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि मौसमी बीमारियों में प्रयोग होने वाली दवाईयों के नियमित से नमूने संग्रहीत किए जाए। औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि जनपद में मिलावटी दवाओं के विक्रय पर रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। मनोज कुमार वर्मा द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा जनपद में आगामी दशहरा पर्व के दृष्टिगत लगातार छापामार कार्यवाही की जा रही है। नवरात्रि / दशहरा पर्व के दौरान जनपद में विभिन्न खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कुल 11 नमूने संग्रहीत किए गए। बैठक में मुख्य रूप से अभिषेक कुरील, जिलापूर्ति अधिकारी, मनोज कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी, डॉ० आर०बी० सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी व औषधि निरीक्षक तथा व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## उप्र में बारिश के लिए बनी मौसमी गतिविधियां, चिंतित हुए किसान

**नेशनल एक्सप्रेस**



कानपुर। उत्तर प्रदेश में भले ही मानसून लगभग वापसी के कगार पर है लेकिन अभी बारिश का दौर खत्म नहीं होने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि वैसे भी मानसून अबकी बार देर से वापसी कर रहा है, लेकिन तीन प्रकार की मौसमी गतिविधियां बारिश के लिए बन गईं हैं। इससे उत्तर प्रदेश में अभी बारिश होने की संभावना है और किसानों के लिए यह चिंता का विषय है।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि अबकी बार मानसून देरी से विदाई ले रहा है। कानपुर मण्डल से मानसून पूरी तरह से वापसी कर लिया है और पूर्वी उत्तर प्रदेश से भी मानसून वापसी की कगार पर है। इससे पहले संभावना जताई गई थी कि मानसून वापसी के बाद मौसम साफ हो जाएगा और किसानों को धान की कटाई व मड़ाई के लिए साफ मौसम हो जाएगा। इसके साथ ही रवी की फसल बोने के लिए मौसम अनुकूल हो जाएगा, लेकिन इन दिनों तीन प्रकार मौसमी गतिविधियां बन गईं हैं। इनमें एक निम्न दबाव दूसरा पश्चिमी विक्षोभ और तीसरा अरब सागर में एंटी साइक्लोन सक्रिय हो गया है।

इन तीनों की सक्रियता से एक बार फिर उत्तर प्रदेश में मध्यम व भारी बारिश का दौर देखने को मिल रहा है और सोमवार को भी कानपुर सहित कई जनपदों में बारिश हुई। मौसम की इन गतिविधियों से साफ संकेत मिल रहे हैं कि अभी तीन से चार दिन उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। इसके साथ ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और तेज हवाओं के साथ मेघ गर्जन भी होती रहेगी।

## बाल तस्करी समाज के लिए अभिशाप : देवेन्द्र प्रताप सिंह

**नेशनल एक्सप्रेस।**

कानपुर, । कानपुर उत्तर प्रदेश का बड़ा शहर है और यहां लोगों का आवागमन भी अधिक है। ऐसे में रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों में बच्चों के खोने का भी खतरा रहता है। हालांकि पुलिस इस पर अपना बखूबी काम करती है, लेकिन चाइल्ड लाइन की गतिविधियां कमजोर हो गईं हैं, जो ठीक नहीं है। इसको लेकर हम लोगों ने शासन को पत्र लिखा है, ताकि उसी तरह से दोबारा यह संस्थाएं काम करने लगें और बाल तस्करी करने वाले गिरोहों पर लगाम लगाई जा सके। बाल तस्करी समाज के लिए अभिशाप है।

यह बातें सोमवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी (सीडब्लूसी) मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह ने कही। उन्होंने कहा जिस उम्र में बच्चे पढ़ लिख कर देश के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार होते है वहां कुछ गलत गिरोह द्वारा उनसे बाल श्रम और अपराध कराये जाते है जो बच्चों का पूरा भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे गिरोह पर निगाह रखते हुए निरंतर ट्रेनों की चेकिंग के निर्देश आरपीएफ व जीआरपी को दिए गए हैं। आगामी त्योहारों के मद्देनजर सोमवार को कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन पहुंचे चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह ने स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर लावारिस बच्चों के देख-रेख को लेकर जीआरपी व आरपीएफ पुलिस के साथ निरीक्षण किया।

## कानपुर पुलिस ने 7 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस**



कानपुर में पुलिस ने 7 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। खुद को पुलिस अफसर या उनका रिश्तेदार बताकर लोगों को फोन करते थे। उन्हें नौकरी का झांसा देते थे। इसके बाद खातों में रुपए ट्रांसफर करा लेते थे। रुपए मिलते ही फोन स्विच ऑफ कर देते थे।

ठगी की रकम मंगाने के लिए गरीब-मजदूरों के करीब 2000 बैंक अकाउंट किराए पर ले रखा था। पुलिस ने सातों आरोपियों को जेल भेज दिया, जबकि उनके साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। गैंग का मास्टरमाइंड सदस्यों को खाते खुलवाने पर एक खाते के 10-12 हजार रुपए देता था।

रविवार को DCP वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया- आरोपियों में नारामऊ मंधना निवासी मनीष कुमार, आवास विकास-एक कल्याणपुर निवासी दीपेंद्र सिंह गौर, पुराना शिवली रोड कल्याणपुर निवासी सुमित सिंह, अरौल के रौंगाव निवासी रोहित यादव उर्फ युवी, फ्रेंडस कॉलोनी भरथना रोड इटावा निवासी पवन कुमार, कश्यपनगर बम्बा रोड कल्याणपुर निवासी रोहन सिंह सेंगर और कानपुर देहात के रसूलाबाद के जिताई का पुरवा गांव निवासी अभय प्रताप सिंह हैं।

DCP वेस्ट ने बताया- पुलिस को गुमराह कर ठगी की रकम मंगाने के लिए जालसाजों ने झारखंड, कर्नाटक, पंजाब, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान समेत 10 राज्यों में करीब 2000 लोगों के बैंक खातों को किराए पर ले रखा था। खाताधारक को दो से तीन हजार रुपए बड़ी रकम के ट्रांजेक्शन पर देते थे। आरोपियों में मनीष कुमार BBA का छात्र है, जबकि सुमित सिंह 12th पास, पवन कुमार बी. फार्मा का स्टूडेंट है। तीनों के ही पिता सेना की नौकरी कर रहे हैं। अभय B. Sc कृषि, रोहित यादव BBA स्टूडेंट है और दीपेंद्र गौर 12th पास है। इन तीनों के पिता किसान हैं। रोहन बी. फार्मा की पढ़ाई कर रहा, इसके पिता रोडवेज कंडक्टर हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण के तहत चलाया गया साफ सफाई




**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन० के मार्गदर्शन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न विभागों के समन्वय से साफ सफाई, एंटी लार्वा छिङकाव तथा अन्य संबंधित गतिविधियों को विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराया गया। इसके अन्तर्गत आज ग्राम पंचायत गुजराई में नालियों की साफ सफाई की गयी, इसी प्रकार ग्राम पंचायत मटियामऊ, ग्राम पंचायत रामपुर करसा, ग्राम पंचायत बिरसिंगपुर, ग्राम पंचायत शाहजहांपुर, नगर पंचायत मूसानगर, नगर पंचायत कंचौसी आदि में साफ सफाई, नालियों की साफ सफाई, नाड़ियों की कटाई, एन्टी लार्वा का छिड़काव आदि का कार्य किया गया। सन्दलपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की आशा, एएनएम आदि के माध्यम से रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। पशु पालन विभाग द्वारा ग्राम जलियापुर, ग्राम हारामऊ, ग्राम सरौटा आदि में ग्रामीण जनों को चूहा एवं छछून्दर नियंत्रण हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

## गौतस्कर पुलिस में मुठभेड़ गोली लगने से घायल हुआ गौतस्कर, तमंचा कारतूस व छुरी बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस**



उन्नाव। गोवंशियों के अवशेष पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम गोकशी करने वालों की खोज कर रही थी। इसी दौरान छापेमारी कर तस्कर को पकड़ने गई पुलिस पार्टी पर उसने फायर झोंक कर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गंजमुरादाबाद कस्बा के पढ़ियाना मोहल्ला निवासी दिनेश की बगिया में सोमवार सुबह गोवंश के अवशेष पड़े मिलने की सूचना पर सीओ व एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस टीम ने मुखबिरों का जाल बिछाया तो घटना के पीछे गुल्लू उर्फ इलियास पुत्र एजाज मूल निवासी गंजमुरादाबाद बांगरमऊ हालपता इमलिया बाग संडीला हरदोई के शामिल होने की बात सामने आई। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस टीम उसकी तलाश कर रही थी तभी उसकी लोकेश बागरमऊ कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर खालसा में पास मिली। सीओ अरविंद चौरसिया की अगुवाई में पुलिस टीम ने उसे सुरेंद्र कश्यप के आम के बाग के पास घेर लिया। खुद को घिरा देख गुल्लू ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में धंस गई और टीम ने उसे दबोच लिया। घायल हालत में उसे सीएचसी बांगरमऊ लाया गया। जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल रेफर किया गया। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि गोकश को पकड़ने गई पुलिस पार्टी पर तस्कर ने फायरिंग कर दी। सेल्फ डिफेंस में क्रॉस फायरिंग कर उसे पैर में गोली मारकर पकड़ा गया है। उसके पास से तमंचा, कारतूस व गोकशी में प्रयोग होने वाली दो छुरी बरामद हुई हैं। आगे की जांच की जा रही है।

## बाल विवाह को जड़ से मिटाओ'' के नारे के साथ बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**



कानपुर देहात मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन लखनऊ के प्रदत्त निर्देशों के क्रम में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेस-0.5 के अंतर्गत जिलाधिकारी आलोक सिंह के मार्गदर्शन व जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में आज दिनांक-07.10.2024 को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के 10 दिवसीय समारोह के उपलक्ष्य में अकबरपुर बालिका इण्टर कालेज में बाल विवाह जागरूकता का आयोजन किया गया। जिसमें निधी सचान सेन्टर मैनेजर द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सही/गलत के बारे में अवगत कराना, सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना, शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने एवं भागीदारी को सुनिश्चित करने, किशोरियों के साथ महत्वपूर्ण बिन्दुओं जैसे-पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, बालिकाएं शक्तिशाली बने जिससे वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सके साथ ही परिवार और समाज में अच्छे से रह सके आदि विषयों को दृतिष्टगत रखते हुए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल विवाह रोकथाम तथा बाल विवाह संबधी कानूनी प्रावधान के बारे में बताया गया एवं बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गयी। कि बाल विवाह का असर बच्चों, खासकर लड़कियों के जीवन को बदलने वाला हो सकता है। घर की जिम्मेदारियाँ बच्चों पर आती हैं। वे मानसिक या शारीरिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं होते हैं। विवाह के लिए बच्चे की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। कम उम्र में ही बच्चे का विवाह कर देना उनके अधिकार का हनन है। बाल विवाह रोकथाम हेतु छात्राओं द्वारा घर-घर में आवाज लगाओ, बाल विवाह को जड़ से मिटाओ, कम उम्र में शादी रोके, जीवन की बर्बादी रोके आदि नारे लगाये गये। कार्यक्रम के दौरान आपातकालीन टोल फ्री नं0 जैसे 181, 1090, 112, 1098, 1076, 1930 आदि के बारें मे भी जानकारी दी गई साथ ही कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु बालिकाओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्या मिथलेश कुमारी, शिक्षिकाएं, विद्यालय की छात्रायें उपस्थित रहीं।

## नवरात्रि महोत्सव में हुआ नवदुर्गा स्वरुपा सम्मान समारोह

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**




कानपुर। खलासी लाइन स्थित शास्त्री भवन में श्री राधा रमण सेवा संस्थान की ओर नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया । लोक सेवक मण्डल शास्त्री भवन में मुख्य अतिथि सेठ मुरारी लाल अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां की महा आरती करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। संस्थान प्रमुख संध्या पाण्डेय ने सेठ मुरारी लाल अग्रवाल का स्वागत कर उनकी उपस्थिति के लिए आभार जताया। उत्सव में "नवदुर्गा स्वरुपा सम्मान" नव देवी स्वरुपम आदिशक्ति के महत्वपूर्ण अर्थ को महिलाओ में प्रेरणा दी गई तो वहीं नवरात्री गरबा रात्रि की अद्भुत गुजराती गरबा स्टाईल देखने को मिली।कत्थक नृत्यगना रेखा त्रिपाठी के शिष्या द्वारा प्रस्तुतियाँ,अतरंगी संस्थान द्वारा गरबा की अद्भुत प्रस्तुतियाँ दी गयी। श्री राधारमण सेवा संस्थान की अध्यक्ष संध्या पाण्डेय ने बताया कि हम पिछले 4 वर्षो से मां भगवती की महाआरती और गरबा नाइट का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें गुजराती राजस्थान परंपरागत गरबा रात्रि का आयोजन हम करते है ।

झांकी द्वारा कलाकारों द्वारा खूबसूरत प्रस्तुतियाँ स्वरूपा का सम्मान भी करते है यानि हमारी जितनी समाज की महिलाएं हैं, वह नवदुर्गा से परिपूर्ण हैं। नव रूपों में अपनी परिस्थितियों का सामना करते हुए परिवार को संभालती हैं। समाज को नई दिशा देती हैं। महिलाओं का सम्मान करें। यही मां भगवती का पूजन-अर्चना है। विशिष्ट अतिथि में लायंस अध्यक्ष सुषमा श्रीवास्तव, रोटरी क्लब की विभा शुक्ला, यूथ व्हीलर वालंटियर्स मनीषा मिश्रा, नीतू गुप्ता, तरंग श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### मयंक और नीतीश ने कहा

# शांतचित्त कप्तान हैं सूर्यकुमार, जो खिलाड़ियों को पूरी आजादी देते हैं

**ग्वालियर (भाषा)** मयंक यादव और नितीश कुमार रेड्डी बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के लिए पदार्पण करने से पहले थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने कहा कि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने लगातार उनका हौसला बढ़ाया जिससे उन्हें शांत बने रहने में मदद मिली। मयंक 22 और नीतीश 21 साल के हैं और उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने कौशल का प्रभाव छोड़ा।








तेज गेंदबाज मयंक ने इस साल आईपीएल में अपनी रफ्तार से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था लेकिन पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह इस टूनार्मेंट में केवल चार मैच ही खेल पाए थे। उन्होंने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। नितीश ने भी 15 गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाकर अपना प्रभाव छोड़ा। भारत ने यह मैच सात विकेट से जीता।

मयंक ने बीसीसीआई टीवी से कहा, वह (सूर्यकुमार) आपको पूरी आजादी देते हैं। जब मैं रन अप पर जा रहा था तो उन्होंने मुझसे कहा कि वही करो जो तुम्हें अच्छा लगता है। यह किसी भी तेज गेंदबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है विशेषकर तब जबकि आप आप अपना पहला मैच खेल रहे हों।

नितीश ने भी सूर्यकुमार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा,वह बहुत शांतचित्त कप्तान हैं। वह बहुत अच्छी कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने हम पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनने दिया। हम अपना पहला मैच खेल रहे थे और थोड़ा नर्वस थे लेकिन उन्होंने हमें खुलकर खेलने की छूट दी।

#### हमारे बल्लेबाज नहीं जानते कि 180 रन कैसे बनाते हैं: शंटो

**ग्वालियर (भाषा)** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि उनकी टीम नहीं जानती कि टी20 क्रिकेट में नियमित रूप से 180 से अधिक का स्कोर कैसे बनाना है। पिछले कुछ समय से बल्लेबाजी बांग्लादेश की कमजोर कड़ी रही है। विशेष कर पावर प्ले में उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। भारत के खिलाफ पहले टी20 मैच में भी उसके बल्लेबाजों को शुरूआती छह ओवरों में दो विकेट पर 39 रन बनाने के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ा। उसकी टीम केवल 127 रन बना पाई।



### श्रीलंका ने जयसूर्या को 2026 टी20 विश्व कप तक पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त किया

**कोलंबो (भाषा)** श्रीलंका क्रिकेट ने पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को सोमवार को 2026 टी20 विश्व कप तक अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का पूर्णकालिक मुख्य कोच नियुक्त किया। यह पूर्व सलामी बल्लेबाज जुलाई से श्रीलंका के अंतरिम कोच की भूमिका निभा रहा था।

जयसूर्या के मार्गदर्शन में श्रीलंका ने 27 वर्षों में भारत के खिलाफ अपनी पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर 10 वर्षों में पहली बार इंग्लैंड से उसकी धरती पर टेस्ट मैच जीता। श्रीलंका की टीम ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला 2-0 से जीती थी।

श्रीलंका क्रिकेट ने बयान में कहा, श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ जयसूर्या के अंतरिम मुख्य कोच रहते हुए टीम के अच्छे प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया। उनकी नियुक्ति एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2026 तक की गई है।

## जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने संन्यास की घोषणा की



**नयी दिल्ली (भाषा)** भारत की दिग्गज जिम्नास्ट दीपा कर्माकर ने सोमवार को खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। दीपा 2016 रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूक गईं थी।

ओलंपिक में शिरकत करने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट बनी 31 साल की दीपा रियो ओलंपिक की वॉल्ट स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं थी और सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गईं थी।

दीपा ने बयान में कहा, बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने प्रतिस्पर्धी जिम्नास्टिक से संन्यास लेने का फैसला किया है। यह आसान फैसला नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि यह सही समय है।

उन्होंने कहा, जब से मुझे याद है तब से जिम्नास्टिक मेरे जीवन का केंद्र रहा है और मैं उतार-चढ़ाव और बीच के हर लम्हे के लिए आभारी हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### शेफाली ने कहा, पहले से बेहतर हो गई है श्रीलंका की टीम



**दुबई (भाषा)** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था। भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

मंधाना ने कहा, एक खिलाड़ी के लिए प्रत्येक मैच महत्वपूर्ण होता है। जब आप विश्व कप में खेल रहे हों तो आपको अपना शत प्रतिशत देना होता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ आप गलतियां नहीं कर सकते हैं। उसे हराने के लिए आपको उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह का लक्ष्य श्रीलंका की कप्तान को सस्ते में आउट करना है।

रेणुका ने कहा, चमारी अटापट्टू बेहद दिलचस्प खिलाड़ी है। वह श्रीलंका की टीम में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है जो अपने दम पर मैच का पासा पलट सकती है। मैं जितना जल्दी संभव हो सके उसका विकेट लेने की कोशिश करूंगी क्योंकि वह अगर जम गई तो फिर मैच अपने पक्ष में कर सकती है। इसलिए मैंने उसे आउट करने के लिए रणनीति बनाई है।

## दूसरे युवा टेस्ट में भारत अंडर 19 टीम बड़े स्कोर की ओर

**चेन्नई (भाषा)** नित्य पंड्या के 94 रन की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे युवा टेस्ट के शुरूआती दिन पहली पारी में पांच विकेट पर 316 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की।

पंड्या सोमवार को अर्धशतक जड़ने वाले भारत के चार खिलाड़ियों में शामिल रहे। वह छह रन से शतक से चूक गए। पंड्या ने 135 गेंद की अपनी पारी में 12 चौके मारे। पंड्या के अलावा केपी कार्तिकेय (71), कप्तान सोहम पटवर्धन (नाबाद 61) और निखिल कुमार (61) ने भी अर्धशतक जड़े। दिन का खेल खत्म होने पर हर्षवंश पंगालिया सात रन बनाकर कप्तान सोहम का साथ निभा रहे थे। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। मेजबान टीम ने दूसरे ओवर में ही वैभव सूर्यवंशी (03) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने हैरी होएक्स्ट्रा (29 रन पर दो विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स ली यंग को कैच थमाया।

सलामी बल्लेबाजी विहान मल्होत्रा 75 गेंद में 10 रन की बेहद धीमी पारी खेलने के बाद विश्वा रामकुमार की गेंद पर बोल्ड हो गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे पंड्या और कार्तिकेय ने तीसरे विकेट के लिए 112 रन जोड़कर पारी को संवारा। कार्तिकेय ने 99 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का मारा। पंड्या और कार्तिकेय दोनों हालांकि चार ओवर के भीतर आउट हो गए जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 185 रन हो गया।

## मयंक का आईपीएल में 'करोड़पति' बनना लगभग तय

**नयी दिल्ली (भाषा)** भारत की युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मिलियन डॉलर क्लब में शामिल होने के लिए तैयार हैं क्योंकि उन्हें रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना)करने के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स को न्यूनतम 11 करोड़ रुपये (1.31 मिलियन डॉलर) की जरूरत होगी।



इसी तरह सनराइजर्स हैदराबाद को भी उसी मैच में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी की सेवाओं को रिटेन करने के लिए न्यूनतम 11 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा।

आईपीएल रिटेंशन नियमों के अनुसार, नीलामी के आयोजन से पहले कोई भी ह्यअनकैप्ड खिलाड़ीह्ल (जिसने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) तीनों प्रारूपों में से किसी एक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करता है, उसे कैप्ड प्लेयर श्रेणी में पदोन्नत किया जाएगा।

आईपीएल में पहले रिटेंशन का खर्चा 18 करोड़ रुपये होगा, उसके बाद 14 करोड़ रुपये की दूसरी और 11 करोड़ रुपये की तीसरी रिटेंशन राशि होगी। अगर कोई फ्रेंचाइजी चौथे और पांचवें रिटेंशन का विकल्प चुनती है तो उन्हें फिर से क्रमशः 18 करोड़ रुपये और 14 करोड़ रुपये देने होंगे।

टीमों के लिए रिटेंशन सूची की घोषणा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर है लेकिन यह लगभग तय है कि लखनऊ की फ्रेंचाइजी के लिए मयंक शुरूआती तीन प्राथमिकता वाले खिलाड़ियों की सूची में होंगे।

अनुभवी लोकेश राहुल, दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक, वेस्टइंडीज के आक्रामक विकेट-कीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस ऐसे नाम हैं जिन पर टीम गंभीरता से विचार करेगी। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और नए सलाहकार जहीर खान निश्चित तौर पर इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टीम में बनाये रखना चाहेंगे।

#### गेंद की गति हमेशा मेरे दिमाग में रहती है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता जरूरी: मयंक यादव

बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टी 20 अंतरराष्ट्रीय में यादगार पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने कहा कि तेज गति ने उन्हें हमेशा प्रभावित किया है लेकिन वह इस बात को जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिटनेस संबंधी उतार-चढ़ाव के बीच सिर्फ निरंतरता से ही अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। इस साल आईपीएल की दस सबसे तेज गेंद (सभी 150 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक) फेंकने वाले इस 22 साल के गेंदबाज ने अपनी गति से बांग्लादेश के बल्लेबाजों को भी परेशान किया।

### पेरिस ओलंपिक की निराशा के बाद वापसी करेंगे सिंधू और सेन

**वंता (फिनलैंड) (भाषा)** पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में नाकाम रहे भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले आर्कटिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे।

सिंधू और सेन का ओलंपिक के बाद यह पहला टूनार्मेंट होगा। इन दोनों ने इस बीच अपने खेल का मूल्यांकन करने और उसमें आवश्यक सुधार करने पर ध्यान दिया।

सिंधू ने इस बीच अपने पिछले कोच इंडोनेशिया के एगस ड्वी सैंटोसो से नाता तोड़कर भारत के अनूप श्रीधर और कोरियाई दिग्गज ली स्यून इल को अपने नए कोच के रूप में नियुक्त किया।

दूसरी तरफ सेन ने अपनी फिटनेस पर ध्यान दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### एयरबस भारत से और अधिक कलपुर्जे खरीदेगी: सीईओ

**नयी दिल्ली (भाषा)** विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गिलाउमे फाउरी ने कहा कि वह भारत से कलपुर्जों की खरीद बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि एयरबस ने 2019-23 के दौरान भारत से कलपुर्जों और सेवाओं की खरीद को दोगुना कर दिया है। गौरतलब है कि इस यूरोपीय कंपनी को इंडिगो और एयर इंडिया से बड़ी संख्या में विमानों के ऑर्डर मिले हैं। भारत में कंपनी के 100 से अधिक आपूर्तिकर्ता हैं। फाउरी ने सोमवार को दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि भारत में काफी अवसर हैं। वह फ्रेंच एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जीआईएफएएस) के चेयरमैन भी हैं।

### झारखंड में 732 करोड़ रुपये की कोयला प्रबंधन परियोजनाओं की आधारशिला रखी

**नयी दिल्ली (भाषा)** केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने झारखंड में 732 करोड़ रुपये की लागत वाली दो कोयला प्रबंधन परियोजनाओं की आधारशिला रखी। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। कोयला प्रबंधन (हैंडलिंग) संयंत्र का इस्तेमाल कोयले के भंडारण, प्रसंस्करण और परिवहन के लिए किया जाता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, केंद्रीय कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कल सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड) के बोकारो और करगली क्षेत्र में कारो कोयला प्रबंधन संयंत्र और कोनार कोयला प्रबंधन संयंत्र की आधारशिला रखी। सीसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की एक इकाई है। ये दोनों संयंत्र कोयला खदान से रेल संपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगे।

## जियो ने ट्राई के उपग्रह संचार संबंधी परामर्श पत्र में संशोधन की मांग रखी

**नयी दिल्ली (भाषा)** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने दूरसंचार नियामक ट्राई से उपग्रह-आधारित संचार के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन पर संशोधित परामर्श पत्र लाने का आग्रह किया है।




कंपनी ने आरोप लगाया है कि ट्राई के मौजूदा परामर्श पत्र में उपग्रह और स्थलीय दूरसंचार सेवाओं के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के अहम पहलू की अनदेखी की गई है। रिलायंस जियो ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के प्रमुख अनिल कुमार लाहोटी को लिखे एक पत्र में ये मुद्दे उठाए हैं। कंपनी ने उपग्रह-आधारित वाणिज्यिक संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन के नियम एवं शर्तों से संबंधित परामर्श पत्र में संशोधन की मांग की है।

दूरसंचार कंपनी ने चार अक्टूबर को लिखे इस पत्र में कहा है कि ट्राई के परामर्श पत्र में उपग्रह-आधारित और स्थलीय पहुंच-आधारित सेवाओं के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण मुद्दे को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। जियो ने कहा कि इस बिंदु पर चूक होने से दूरसंचार हितधारक ट्राई को प्रासंगिक ब्योरा नहीं दे पाएंगे। दूरसंचार नियामक ने 27 सितंबर को देश में कॉलिंग, मैसेजिंग, ब्रॉडबैंड और अन्य सेवाएं देने के लिए उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटन की पद्धति और मूल्य का पता लगाने के लिए एक परामर्श प्रक्रिया शुरू की।

### राजस्व घाटा अनुदान, करों में हिस्सा राज्य का अधिकार: सुक्खू

**शिमला (भाषा)** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को कहा कि राजस्व घाटा अनुदान और करों में हिस्सा राज्य का अधिकार है।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को कोष जारी करके कोई एहसान नहीं कर रही है। सुक्खू केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश सरकार को केंद्र के समर्थन के बिना एक दिन भी नहीं चला सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पता होना चाहिए कि हम संघीय व्यवस्था में हैं। सुक्खू ने कहा कि केंद्रीय मंत्री को ऐसे बयान शोभा नहीं देते। केंद्र को राज्यों से ही कर मिलता है और राज्य को दिया जाने वाला धन हमारा अधिकार है, न कि खैरात।

# केंद्र ने दिल्ली में 65 रुपये प्रति किलो के भाव पर टमाटर की बिक्री शुरू की

**नयी दिल्ली (भाषा)** केंद्र ने सोमवार को आम आदमी को राहत देने और बिचौलियों द्वारा असामान्य रूप से कमाये जाने वाले मुनाफे पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना शुरू किया। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर औसतन 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है।



उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से टमाटर बेचने वाली भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) की वैन को हरी झंडी दिखाई।

खरे ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम टमाटर की कीमतों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बाजार हस्तक्षेप से अगले 3-4 दिन में टमाटर की कीमतें कम हो जाएंगी। एनसीसीएफ ने मंडियों से सीधे टमाटर खरीदकर और उन्हें 65 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचकर बाजार हस्तक्षेप शुरू किया है। मोबाइल वैन राष्ट्रीय राजधानी की 50 कॉलोनियों में टमाटर बेचेगी।

बयान के अनुसार, यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं को टमाटर की कीमतों में हाल ही में हुई वृद्धि से बचाने और बिचौलियों को अप्रत्याशित लाभ कमाने से रोकने के लिए किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कहा, मंडियों में लगातार अच्छी मात्रा में आवक के बावजूद हाल के हफ्तों में टमाटर की खुदरा कीमत में काफी वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में लंबे समय तक मानसून के कारण बारिश और उच्च आर्द्रता के कारण हाल के हफ्तों में गुणवत्ता संबंधी चिंताएं पैदा हुई हैं। इसमें कहा गया है कि इस उच्च मांग वाले त्योहारी मौसम में मौजूदा कीमत बढ़ोतरी में बाजार के बिचौलियों की संभावित भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

एनसीसीएफ देशभर के प्रमुख शहरों में खुदरा उपभोक्ताओं को सरकारी बफर से 35 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्याज की आपूर्ति भी कर रहा है। खरे ने यह भी कहा कि विभाग म्यांमा से दालें और ऑस्ट्रेलिया से मटर का आयात कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में आलू की औसत कीमत 40 रुपये प्रति किलोग्राम और प्याज की 58 रुपये प्रति किलोग्राम है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को आलू का अखिल भारतीय औसत मूल्य 36.89 रुपये प्रति किलोग्राम, प्याज का 54.36 रुपये प्रति किलोग्राम और टमाटर का 64.72 रुपये प्रति किलोग्राम था।

# भारत, यूएई खाद्य गलियारा स्थापित करने पर दो अरब डॉलर का निवेश करेंगे : गोयल

**मुंबई (भाषा)** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) दो अरब डॉलर के अनुमानित निवेश से एक खाद्य गलियारा स्थापित करेंगे जो यूएई एवं अन्य खाड़ी बाजारों की जरूरतों को पूरा करेगा। इससे भारत के किसानों को अधिक आमदनी एवं अधिक रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत-यूएई उच्चस्तरीय कार्यबल की 12वीं बैठक के बारे में यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।




उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाने के लिए एक छोटा कार्यसमूह भी गठित किया गया है जिसमें केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकारें और यूएई शामिल हैं।

गोयल ने कहा, भारत में खाद्य पार्कों की स्थापना के बारे में बहुत विस्तार से चर्चा की गई। इससे जुड़ा बुनियादी काम काफी हद तक पूरा हो चुका है। यह एक और क्षेत्र है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगा, हमारे हजारों युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण में रोजगार देगा और यूएई की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि यूएई ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और खाद्य पार्क लॉजिस्टिक में निवेश के लिए लगभग दो अरब डॉलर की शुरूआती प्रतिबद्धता जताई है। भारत से यूएई को खाद्य उत्पाद पहुंचाने के लिए लॉजिस्टिक सुविधाओं की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, हमने केंद्र एवं राज्य सरकारों और यूएई की भागीदारी वाले एक छोटे कार्यसमूह का गठन किया है, जो दोनों देशों के बीच एक खाद्य गलियारे की स्थापना को मिशन के तौर पर आगे बढ़ाएगा। उन्होंने अगले ढाई साल में यह निवेश होने की उम्मीद जताते हुए कहा, काफी समय से चर्चा है कि यूएई भारत में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाएं स्थापित करने में निवेश करना चाहेगा ताकि उसके लिए उपयुक्त उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, भारतीय किसानों के उत्पादों का उपयोग किया जा सके और उन्हें यूएई में बेचा जा सके।

गोयल ने कहा, यह मामला काफी समय से यूएई सरकार और भारत के विभिन्न राज्यों के साथ चर्चा में है। अब हम यह सुनिश्चित करने की तेजी से कोशिश कर रहे हैं कि यूएई के निवेशकों और यूएई एवं अन्य खाड़ी बाजारों के साथ भारत में खाद्य प्रसंस्करण में निवेश हो सके।

### आयकर कानून की समीक्षा के लिए लोगों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली (भाषा)** आयकर विभाग ने सोमवार को छह दशक पुराने आयकर (आईटी) अधिनियम की समीक्षा के लिए लोगों से सुझाव आमंत्रित किए। आयकर कानून की भाषा को सरल बनाने, कानूनी विवाद और अनुपालन में कमी तथा पुराने पड़ चुके प्रावधानों को लेकर सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने इस संदर्भ में समीक्षा पर नजर रखने और अधिनियम को संक्षिप्त रूप देने, स्पष्ट और समझने में आसान बनाने के लिए एक आंतरिक समिति का गठन किया था। सीबीडीटी ने कहा, समिति ने चार श्रेणियों में सार्वजनिक टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं।

ये श्रेणियां हैं... भाषा का सरलीकरण, कानूनी विवाद और अनुपालन में कमी तथा अनावश्यक /पुराने पड़ चुके प्रावधान।

## कोयला क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू होंगी नयी परियोजनाएं: कोयला मंत्री



**नयी दिल्ली (भाषा)** कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को देश को कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए नयी परियोजनाएं शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने साथ ही मौजूदा खनन कार्यों को बढ़ाने की बात भी कही। रेड्डी ने कहा कि देश की जीवाश्म ईंधन जरूरत को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी अनुषंगी कंपनियों को अपने वार्षिक लक्ष्य हासिल करने चाहिए।

कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि उन्होंने इन प्रयासों को आगे बढ़ाने में भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण और वन मंजूरी में सहायता सहित सरकार के पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

रेड्डी ने कंपनी के प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए नागपुर में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की इकाई वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के मुख्यालय का दौरा किया।

नई दिल्ली, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



“ सेवा, सुशासन और सुरक्षा को समर्पित प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायक 23 वर्ष प्रत्येक जनप्रतिनिधि के लिए उत्कृष्ट मार्गदर्शक और पाथेय है।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से आज लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, उत्तर प्रदेश सुधीर एस हलवासिया ने शिष्टाचार भेंट की।




## नोएडा में विकास के लिए प्राधिकरण ने खोला खजाना, तीन हजार करोड़ रुपए होंगे खर्च

**नोएडा :** नोएडा शहर उत्तर प्रदेश का सबसे प्रमुख शहर है। नोएडा शहर को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी के नाम से भी जाना जाता है। नोएडा शहर लगातार प्रगति करता रहे इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने व्यापक योजना तैयार की है। यह भी कहा जा सकता है कि नोएडा प्राधिकरण ने विकास कार्य कराने के लिए अपना खजाना खोल दिया है। अगले 1 से डेढ़ वर्ष में नोएडा शहर के विकास कार्यों में 3 हजार 102 करोड़ रूपये की भारी भरकम धनराशि खर्च की जाएगी।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में नोएडा के विकास से जुड़ी जानकारी दी है। नोएडा के CEO डॉ. लोकेश एम ने कहा है कि नोएडा में तेजी के साथ विकास कार्य कराये जा रहे हैं। जल्द ही विकास के कार्यों में और अधिक तेजी लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अगले डेढ़ वर्ष में नोएडा के विकास कार्यों पर 3 हजार 102 करोड़ से भी अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। नोएडा के CEO डॉ. लोकेश एम ने नोएडा में भविष्य की विकास योजनाओं तथा वर्तमान में चल रही विकास योजनाओं का पूरा खाका पत्रकारों के सामने रखा है।

नोएडा प्राधिकरण के CEO डॉ. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा शहर के सेक्टर-151ए में 5 हजार वर्ग मीटर जमीन पर भव्य गोल्फ कोर्स विकसित किया जा रहा है। इस गोल्फ कोर्स के निर्माण पर 140 करोड़ रूपये खर्च होंगे। नोएडा में पहले से ही एक गोल्फ कोर्स है। इस दूसरे गोल्फ कोर्स का निर्माण कार्य वर्ष-2021 से चल रहा है। वर्ष-2025 में यह गोल्फ कोर्स बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर-96 में 6 एकड़ जमीन पर नोएडा प्राधिकरण का नया दफ्तर बनाया जा रहा है। इस दफ्तर के निर्माण पर 304 करोड़ रूपये खर्च होंगे। नोएडा प्राधिकरण का यह नया दफ्तर जनवरी-2025 में बनकर तैयार होगा।

उन्होंने बताया कि दादरी रोड को जाम से मुक्त करने के लिए भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य चल रहा है। इस एलिवेटेड रोड के निर्माण पर 608 करोड़ रूपये का खर्च आएगा। भंगेल एलिवेटेड रोड जनवरी-2025 में बनकर तैयार हो जाएगा। CEO ने बताया कि दिल्ली की सीमा से शुरू होकर महामाया फ्लाईओवर तक चिल्ला एलिवेटेड रोड प्रस्तावित है। इस रोड के निर्माण पर 787 करोड़ रूपये खर्च होंगे। इस बड़ी परियोजना का निर्माण जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के CEO डॉ. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा में सेक्टर-146 व 147 के बीच हिंडन एप्रोच रोड, नोएडा के सेक्टर-51 तथा सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के




बीच स्काई वॉक, सेक्टर-19 के निकट से गुजरते सिंचाई नाले को ढंकने का कार्य, सेक्टर-28, 29 तथा 37 गुजर रहे सिंचाई विभाग के नाले को ढंकने का कार्य, नोएडा, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर दो अंडर पास बनाने का कार्य, सेक्टर-123 में स्पोर्ट कॉम्पलेक्स का निर्माण करने के साथ ही साथ नोएडा शहर में सौंदर्यीकरण के भी ढ़ेर सारे कार्य कराये जाएंगे। सौंदर्यीकरण के कार्यों के तहत नोएडा के उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाया जाएगा। सेक्टर-18 मार्केट, सेक्टर-37 में स्थित गोदावरी मार्केट सेक्टर-110 के मार्केट के सौंदर्यीकरण के काम को मंजूरी दी जा चुकी है। इसी प्रकार सौंदर्यीकरण के और भी तमाम कार्य शहर में कराए जाएंगे।

नोएडा के CEO डॉ. लोकेश एम ने बताया कि नोएडा क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए चालू वित्त वर्ष में 113 करोड़ रूपये स्वीकृत हैं। स्वीकृत बजट में से गांव के विकास पर 32 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं। जल्द ही सलारपुर के पास स्थित सिंचाई नाले पर दो पुल बनाये जाएंगे। साथ ही सलारपुर गांव के पीछे पुश्ता मार्ग की रिफेसिंग कराई जाएगी। सलारपुर गांव में बारातघर का निर्माण कराया जाएगा। इसी कड़ी में नंगली वाजिदपुर गांव में प्ले ग्राउंड बनाया जाएगा। नंगली साखपुर गांव में बालीबॉल ग्राउंड का निर्माण कराया जाएगा। ग्राम सोरखा में बैडमिंटन कोर्ट तथा कुश्ती अखाड़े का निर्माण भी इसी कड़ी में शामिल किया गया है। नोएडा के CEO डॉ. लोकेश एम ने जोर देकर कहा कि सभी निर्माण कार्यों में काम की गुणवत्ता को सर्वोपरि रखा जा रहा है। काम की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## यति नरसिंहानंद के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस चौकी पर पथराव मामले में 13 गिरफ्तार

**लखनऊ/सहारनपुर** (उप्र), (भाषा) पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ डासना मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद के कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में



सहारनपुर में प्रदर्शन के दौरान शेखपुरा पुलिस चौकी पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को 'पीटीआई—भाषा' को बताया, ''शेखपुरा चौकी पर पथराव मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत 20 नामजद एवं अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।'' उन्होंने बताया, ''इन 20 नामजद व्यक्तियों में से 13 आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीमें गठित की गई हैं और अन्य आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।'' पुलिस के अनुसार, बीएनएस की धारा 190 (गैर कानूनी सभा में एकत्र लोगों में किसी भी व्यक्ति द्वारा किये गये अपराध के लिए दोषी), 191 (2) (दंगा), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 351 (3) (आपराधिक धमकी), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य), 223 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा), 121 (1) (लोक सेवक को उसके कर्तव्य से विरत करने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना), 126 (1) (गलत तरीके से रोकना) और अन्य संबंधित अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## जयंत चौधरी ने नागौर दौरे पर कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर दिए अहम संकेत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नागौर।** केंद्रीय कौशल विकास, उद्यमिता एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी आज नागौर के दौरे पर रहे। नागौर के दौरे पर आए केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कौशल विकास के तहत रोजगार के अवसरों को लेकर बड़ी बात कही। मंत्री ने कहा कि पीएम कौशल विकास योजना के फेज-4 में फ्यूचर स्किल को हम बदलेंगे। रोबोटिक, एआई, पर्यावरण बदलाव से जुड़े कोर्स को बढ़ावा देंगे। इससे नौजवानों के लिए नए अवसर पैदा होंगे।

पीएम विश्वकर्मा योजना में राजस्थान के प्रदर्शन की जयंत चौधरी ने सराहना की है और कहा कि इस योजना में राजस्थान में बहुत अच्छा काम किया है और 61 हजार लोग इससे लाभांवित हुए हैं। नागौर



दौरे पर केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी के नागौर आगमन पर सम्मान समारोह रखा गया। मंत्री जयंत चौधरी मुकाम से नागौर पहुंचे, जहां आमजन के साथ बैठक की। मंत्री का स्वागत हुआ। इसके बाद राज्यमंत्री जयंत चौधरी खरनाल के लिए निकले, जहां वीर तेजाजी महाराज दर्शन के बाद दोपहर 3 बजे जोधपुर के लिए प्रस्थान किया।

केंद्रीय कौशल विकास को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आईटीआई के संबंध में एक बड़ी बात कही। जयंत चौधरी ने कहा कि देशभर की एक हजार आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा। इन आईटीआई को नए संसाधन से लेकर नई तकनीक से मजबूत किया जाएगा, ताकि यहां कोर्स करने वाले छात्र अच्छी तरीके से कोर्स कर सकें और अपनी स्किल के अनुसार रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता के साथ-साथ शिक्षा राज्य मंत्री का दायित्व संभाल रहे जयंत चौधरी ने केंद्रीय स्कूलों के नए प्रस्तावों को लेकर भी महत्वपूर्ण बात बताई। राजस्थान में नागौर को लेकर उन्होंने कहा कि राजस्थान भर से नए केंद्रीय स्कूलों को लेकर सरकार के पास प्रस्ताव पहुंचे हैं। वहीं, नागौर के भी नए केंद्रीय स्कूलों के प्रस्ताव पहुंचे हैं। सरकार इन पर गंभीरता के साथ विचार कर रही है।

## रामलीला में राम-जानकी विवाह का मंचन हुआ



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में श्री रामलीला सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 में कल राम बारात के सफल आयोजन के बाद राम-जानकी विवाह का मंचन हुआ।

विवाह पश्चात जानकी जी की विदाई पालकी निकली, साथ ही राम राज्याभिषेक की घोषणा के साथ मन्थरा और कैकेयी सम्वाद, कैकेयी द्वारा कोप भवन में राजा दशरथ से वर मांगने व श्री राम वनवास के मंचन का प्रमुख आयोजन रहा।इनके अलावा विभिन्न सोसाइटी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ।पंचम दिवस के कार्यक्रम में, सचिन शर्मा, प्रदीप कम्बोज, मोहित गौतम, कमल सिंह, विकास कुमार, राममूर्ति, मनीष मनोहर मिश्रा, सुभाष शर्मा, आशुतोष मिश्रा आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सुचारू बनाने में सहायता की।










**उदयपुर**, देश के कौशल विकास एवं शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयन्त सिंह जी ने आज उदयपुर स्थित RSCERT भवन में वरिष्ठ अधिकारियों से विभागीय बैठक लेते हुए। सरकार द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों एवं उसके विकास तथा एवं गतिविधियों पर गंभीर चर्चा की और संस्थान द्वारा चलाए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। रिसोर्स पर संस्थान के सभी बड़े अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

## सीता स्वम्बर में 55 फिट का धनुष टूटा 50 फिट की ऊंचाई पर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** श्री रामलीला कमेटी ग्रेटर नोएडा द्वारा साइट 4 ग्रेटर नोएडा में विजयमहोत्सव 2023 का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम में आज की लीला जनक पूरी में सीता स्वम्बर से प्रारम्भ हुई। कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग ने बताया आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जलित कर लीला मन्चन की शुरुआत की दीप प्रज्जलित में आदि गणमान्य उपस्थित रहे । कमेटी अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह जी ने बताया गणेश वंदना से प्रारम्भ हुई रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर में जनकपुरी में देश देशांतर के राजा पधारे और जनक जी की प्रतिज्ञा के अनुसार सभी राजाओं ने धनुष पर अपना अपना बल आजमाया और धनुष को उठाने में असफल रहे तब राजा जनक निराश होकर कुछ कटु वचन कहते है जिससे लक्ष्मण जी क्रोधित हो जाते है तब श्री राम लक्ष्मण को शांत कराते है इसके बाद ऋषि विश्वामित्र श्री राम को धनुष उठाने की आज्ञा प्रदान करते है। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री राम ने धनुष उठाया उठाते ही धनुष टूट गया। महासचिव बिजेंद्र सिंह आर्य ने बताया पचपन फिट का धनुष पचास फिट की ऊंचाई पर टूटा यह नजारा देखर दर्शको ने जमकर तालिया बजाई रामलीला ग्राउंड श्री राम के जय जय कार से गुंज उठा सीता जी ने श्री राम को जयमाला पहनाई इसके बधाई गीत गाये जाते हैसंयुक्त महासचिव सौरभ बंसल ने बताया धनुष टूटने के बाद परशुराम क्रोधित हो कर आते और परशुराम लक्ष्मण संवाद होता है तब श्री राम ने



उन्हें शांत कराया और फिर अयोध्या से जनक पूरी में बारात आई और चारों भाईयों का विवाह संपन्न हुआ और अयोध्या में चारों ओर खुशी की लहर दौड़ पड़ी और तीनों रानियों ने चारों बहुओं की आरती उतारकर अयोध्या में उनका स्वागत किया ।मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने बताया कल लीला मंचन में राज्यभिषेक की घोषणा , मंथरा कैकयी संवाद , श्रवण वध , दशरथ मरण , राम वनवास , गुहूराज से भेंट , राम केवट संवाद आदि लीलाओ का मंचन होगाइस अवसर पर अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह धर्मपाल प्रधान बिजेन्द्र सिंह आर्य मनोज गर्ग सौरभ बंसल विनोद कसाना ओमप्रकाश अग्रवाल कुलदीप शर्मा मुकेश शर्मा हरेन्द्र भाटी के के शर्मा मुकुल गोयल अमित गोयल अतुल जिन्दल, गिरीश जिन्दल, सुनील प्रधान श्यामवीर भाटी, श्रीचंद भाटी मनोज यादव सुभाष चन्देल अनिल कसाना अनुज भारतद्वाज मोंनु अग्रवाल विकास, रिंकू , दीपक , टी पी सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे

## महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

धार्मिक मान्यतानुसार महाराजा अग्रसेन का जन्म मर्यादा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चौंतीसवीं पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के महाराजा वल्लभ सेन के घर में आज से 5000 वर्ष पूर्व हुआ था महाराजा अग्रसैन जी के द्वारा प्रेरित मार्ग पर चलते हुए अग्रवाल सभा रजिस्टर्ड रेवाड़ी द्वारा महाराजा अग्रसैन जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गयी इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रधान श्री रिपुदमन गुप्ता जी ने बताया महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक तत्कालीन प्रचलन का सिक्का व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से नवागन्तुक परिवार स्वयं के लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध कर सके। उपप्रधान श्री राकेश गुप्ता, महासचिव श्री राजीव गोयल, सह-सचिव श्री संदीप गोयल, कोषाध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश, चेयरमैन जयंती समारोह श्री मुकेश गुप्ता जी, महिला चेयरपर्सन सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रीमति मोना गोयल एवं अग्र बंधुओ ने 03-10-2024 को महाराजा अग्रसैन चौक पर ध्वजा रोहन कर महाराजा अग्रसैन जी की आरती एवं पुष्पवर्षा की तत्पश्चात शाम को महाराजा अग्रसैन जी की विराट शोभा यात्रा को मुख्य अतिथि श्री पंकज अग्रवाल जी ऍम डी रॉयल पीपर द्वारा हरी झंडी दिखा रवाना





किया शोभा यात्रा शहर के मुख्य बाज़ारो से होते हुए अग्रसैन चौक पर समापन हुआ तत्पश्चात महाराजा अग्रसैन चौक पर दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया मुख्य अतिथि श्री श्रीकिशन अग्रवाल जी डहिना वालो के सुपुत्र मनोज गुप्ता जी ने सभी अग्र बंधुओ के साथ मिलकर दीपक जलाये एवं महाराजा अग्रसैन जी का केक काटकर समाजवाद के प्रवर्तक महाराजा अग्रसैन जी जन्मदिवस पर धूम मचाई 05-10-2024 को रात्रि 09:00 बजे एक विराट हास्य कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि श्री ऍम पी गोयल जी एवं अध्यक्षता डॉ. पवन गुप्ता जी एवं विशिष्ठ अतिथि श्री नीरज कुमार गोयल जी द्वारा महाराजा अग्रसैन जी की प्रतिमा पर मालार्पण कर दीपक जलाये एवं कार्यक्रम की शुरुआत की कवि सम्मलेन में सरदार मंजीत सिंह, केसर देव मारवाड़ी, सुदीप भोला, खुशबु शर्मा, विनीत चौहान, एवं डॉ. विष्णु सक्सेना ने खूब रंग जमाया 06-10-2024 साय 06:00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि श्री ब्रिज लाल गोयल जी, अध्यक्षता श्री राजेंद्र सिंघल जी अति विशिष्ठ अतिथि श्री जगमोहन अग्रवाल जी एवं विशिष्ठ अतिथि श्रीमती ज्योति गुप्ता जी द्वारा द्वारा महाराजा अग्रसैन जी को नमन वंदना आरती कर कार्यक्रम किया समाज के प्रतिभावान बच्चो को पुरुस्कृत किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए मेले में खाने में स्वादिस्ट व्यंजनों की भी व्यवस्था की गयी एवं लकी ड्रा द्वारा रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, साइकिल एवं अन्य सांत्वना प्रुस्कार भी वितरित किये गए

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।